"रैपिडैक्स®" इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स

करोड़ों पाठकों की पसंद

बेअटक अंग्रेजी बोलने का प्रभावी व सरल कोर्स

- पूर्णतया संशोधित एवं परिवर्धित
- अंग्रेज़ी व हिंदी डिक्शनरी सहित
- लैटर ड्राफ़्टिंग पर विशेष परिशिष्ट

पुस्तक महल®
दिल्ली• मुंबई • बंगलोर
पटना• हैदराबाद

अब एक नये आकर्षण के साथ

रैपिडैक्स एजूकेशनल कन्वर्सेशन किट

(See Yellow Pages for Cassette Script)

"रैपिडैक्स®" इंगलिश स्पीकिंग कोर्स

करोड़ों पाठकों की पसंद

बेअटक अंग्रेज़ी बोलने का
प्रभावी व सरल कोर्स

- पूर्णतया संशोधित एवं परिवर्धित
- अंग्रेज़ी व हिंदी डिक्शनरी सहित
- लैटर ड्राफ़्टिंग पर विशेष परिशिष्ट

अब एक नये आकर्षण के साथ

रैपिडैक्स एजुकेशनल कन्वर्सेशन किट
(See Yellow Pages for Cassette Script)

पुस्तक महल®
दिल्ली• मुंबई• बंगलोर
पटना• हैदराबाद

अंग्रेजी सिखलाने का एकमात्र सोर्स
रैपिडैक्स®
इंगलिश स्पीकिंग कोर्स

By

R.K. Gupta, M.A.

इस नए संस्करण की विशेषताएं

- सातवीं बार पूर्णतया संशोधित एवं परिवर्धित।
- साधारण बोलचाल में प्रयुक्त चुनिंदा वाक्यांशों व विभिन्न अवसरों पर की जाने वाली बातचीत के अभ्यास के लिए अब एक **ऑडियो कैसेट भी साथ में।**
- कैसेट में प्रयुक्त सामग्री (Tape Script) पुस्तक के अंत में दिए गए पीले पृष्ठों में।
- आपस में बातचीत (Conversation) सिखाने वाले अवसरों (Occasions) की संख्या 30 की बजाय अब 42 ।
- आम बोलचाल में अधिक प्रयुक्त होने वाले वाक्यांश **बोल्ड** टाइप में।

पुस्तक महल®

दिल्ली • मुंबई • बंगलोर • पटना • हैदराबाद

प्रकाशक
पुस्तक महल ® , दिल्ली
J-3/16, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
☎ 23276539, 23272783, 23272784 • *फैक्स:* 011-23260518
E-mail : info@pustakmahal.com • *Website :* www.pustakmahal.com

विक्रय केन्द्र
10-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली-110002
☎ 23268292, 23268293, 23279900 • *फैक्स:* 011-23280567
E-mail : rapidexdelhi@indiatimes.com

शाखा कार्यालय
बंगलोर: ☎ 22234025
E-mail : pustak@sancharnet.in • pmblr@sancharnet.in
मुंबई: ☎ 22010941
E-mail : rapidex@bom5.vsnl.net.in
पटना: ☎ 3094193 • *टेलीफैक्स:* 0612-2302719
E-mail : rapidexptn@rediffmail.com
हैदराबाद: *टेलीफैक्स:* 040-24737290
E-mail : pustakmahalhyd@yahoo.co.in

© कॉपीराइट रजिस्ट्रेशन नंबर: L8497/78
रैपिडैक्स ट्रेड मार्क रजिस्ट्रेशन नंबर: 318345 दिनांक: 6.9.76

भारतीय कॉपीराइट एक्ट के अंतर्गत इस पुस्तक के तथा इसमें समाहित सारी सामग्री (रेखा व छायाचित्रों सहित) के सर्वाधिकार **"पुस्तक महल"** के पास सुरक्षित हैं। इसलिए कोई भी सज्जन इस पुस्तक का नाम, टाइटल डिजाइन, अंदर का मैटर व चित्र आदि आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़ कर एवं किसी भी भाषा में छापने व प्रकाशित करने का साहस न करें, अन्यथा कानूनी तौर पर वे हर्जे-खर्चे व हानि के जिम्मेदार होंगे।

ISBN 81-223-0020-0

7वीं बार पूर्णतया संशोधित एवं परिवर्द्धित संस्करण
340 वां संस्करण: दिसम्बर 2005

RAPIDEX ENGLISH SPEAKING COURSE

A book published in 13 Indian Regional Languages and One International Language .

PUSTAK MAHAL, Khari Baoli, Delhi-110006

रैपिडैक्स इंगलिश स्पीकिंग कोर्स

आपका चहेता 'रैपिडैक्स इंगलिश स्पीकिंग कोर्स' अब नए रूप में आपके हाथों में है। इस नए रैपिडैक्स इंगलिश स्पीकिंग कोर्स को तैयार करने के लिए जहां हमने हजारों लोगों के बीच सर्वेक्षण किया, उनकी समस्याओं को पहचाना वहीं अंग्रेज़ी भाषा के जानकार, अनुभवी शिक्षकों की सलाह लेकर इसे आज और आने वाले कल — नई सदी, दोनों के लिए समान रूप से उपयोगी बनाने का प्रयास किया। इसमें अब भाषा व पाठ्यसामग्री की दृष्टि से सभी कुछ नया है — अपनी पुरानी सभी विशेषताओं के साथ। और वह नयापन पुस्तक पढ़ने के बाद आपको स्वयं महसूस होगा।

इस नए कोर्स में यद्यपि अंग्रेज़ी सिखाने की 'रैपिडैक्स' पद्धति को ही अपनाया गया है (क्योंकि यह पद्धति आज भी पूरी तरह से सार्थक है), लेकिन समयानुसार, अच्छी तरह से सुधार कर।

इस नए कोर्स के कन्वर्सेशन सेक्शन में भाषा की दृष्टि से अंग्रेज़ी भाषा में नए स्वीकृत व स्वीकार किए जा रहे शब्दों को अपनाने का प्रयास किया गया है, ताकि आज और आने वाले कल में आपको किसी भी तरह के पिछड़ेपन का अहसास न हो। इस तरीके से आपमें, कम शब्दों में अपनी पूरी बात कह सकने की योग्यता भी आ जाएगी।

बातचीत को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए चुनाव करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि वह ज्यादा-से-ज्यादा ऐसे क्षेत्रों को छुए, जो व्यक्तिगत और सामाजिक तो हों ही साथ ही करियर से जुड़े हुए हों। इस प्रकार एक सामान्य गृहिणी हो या आधुनिक महिला, स्कूल-कॉलेज का विद्यार्थी हो या करियर तलाशता युवा, स्टेनो हो या अफ़सर, माल बेचता हुआ दुकानदार हो या ग्राहक यह कोर्स सभी के लिए एक समान उपयोगी है।

बीच-बीच में कुछ वाक्यों को बोल्ड टाइप में दिया गया है, ताकि उनका अभ्यास करके कम-से-कम कामचलाऊ अंग्रेज़ी तो आप बोल ही सकें। वैसे ऐसा करने की सलाह हम नहीं देंगे, हम तो चाहेंगे कि आप पूरी पुस्तक को पढ़कर उसका अभ्यास करें तथा सही और अच्छी-खासी अंग्रेज़ी बोलें — आपको इस योग्य बनाना ही इस पुस्तक का उद्देश्य भी है।

इस नए कोर्स में कुछ ऐसे तरीके भी बताए गए हैं, जिन्हें अपना कर आप सही वक्त पर सही शब्द न चुन पाने की परेशानी से भी बच सकते हैं, जैसे कि ऐसी स्थिति में अंग्रेज़ी शब्दों की जगह अपनी मातृभाषा के शब्दों का प्रयोग कर। इस तरह सिर्फ आप अपनी कमी को ही नहीं छिपा लेते, आधुनिक अंग्रेज़ी बोलने वालों की श्रेणी में भी आ जाते हैं।

इस नई कोर्स किट के साथ 'रैपिडैक्स एजूकेशनल कन्वर्सेशन कैसेट' दी जा रही है। इस कैसेट की 'ए' साइड में अंग्रेज़ी शब्दों, सप्ताह-महीनों के नाम व 1 से 100 तक की गिनती के सही उच्चारण और अभिवादन, धन्यवाद, शुभकामनाएं, खेद, सहमति-असहमति, स्वीकृति-अस्वीकृति जैसे भावों को प्रकट करने वाले ऐसे जरूरी वाक्य हैं, जिनका प्रयोग हम रोज अक्सर किया करते हैं। और साइड 'बी' में परिचय, पार्टी, रास्ता पूछना, सेक्रेटरी-बॉस, दुकानदार को शिकायत, इंटरव्यू, लड़के-लड़की की शादी संबंधी बातचीत, कॉलेज में लड़के-लड़की जैसी विशेष अवसरों पर होने वाली बातचीत के वाक्य हैं।

पुस्तक को पढ़ने के बाद, दिए गए निर्देशों के अनुसार यदि कैसेट के साथ आप अभ्यास करेंगे, तो हमारा विश्वास है कि आपकी अंग्रेज़ी बोलने की हिचक बिल्कुल खत्म हो जाएगी। इस प्रकार यह कैसेट आपको जहां अंग्रेज़ी का सही उच्चारण सिखाएगी, वहीं बोलने में अटक और हिचक को खत्म करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

अपनी अनूठी विशेषताओं के कारण यह नया 'रैपिडैक्स इंगलिश स्पीकिंग कोर्स' भविष्य में सफल जीवन के लिए एक जरूरी कोर्स बन जाएगा, यदि यह कहा जाए तो अतिशयोक्ति न होगी, क्योंकि अब यह कोर्स सिर्फ आपको अंग्रेज़ी बोलना-लिखना ही नहीं सिखाएगा, बल्कि आपके समूचे व्यक्तित्व का विकास भी करेगा।

आपने जिस तरह 28 वर्षों से इस कोर्स को सराहा है और इसकी लंबी विकास-यात्रा में समय-समय पर दिए गए सुझावों और प्रतिक्रियाओं द्वारा सहयोग दिया है, हमें आशा है कि वैसा ही स्नेह इस पूरी तरह से संशोधित व परिवर्द्धित संस्करण को भी मिलेगा।

आपके सफल भविष्य की शुभकामनाए हैं —

—प्रकाशक

अनुक्रम (Contents)

पहला अभियान (Ist Expedition)

1 . बोलचाल में अभिवादन के वाक्य (Sentences of Greeting)
2. (i) अंग्रेज़ी में शिष्टाचार (Manners and Etiquettes)
(ii) शिष्टाचार के कुछ वाक्य (Some Polite Phrases)
3 . भावबोधक (Exclamations)
4. (i) छोटे-छोटे वाक्यांश (Phrases)
(ii) आज्ञा या आदेश के वाक्य (Sentences of Command/Order)
5 . वर्तमान काल (Present Tense)
6 . भूतकाल (Past Tense)
7 . भविष्यत् काल (Future Tense)
8 . कुछ महत्वपूर्ण सहायक क्रियाएं (Some Important Helping Verbs)
9 . आज्ञा और प्रार्थना के वाक्य (Sentences of Order and Request)
10 . अभ्यास तालिकाएं (Drill Tables)

दूसरा अभियान (IInd Expedition)

11 . रोमन लिपि की वर्णमाला (Roman Alphabet)
12 . अंग्रेज़ी के स्वर और व्यंजन (Vowels & Consonants)
13 . अंग्रेज़ी उच्चारण (English Pronunciation)
14 . अंग्रेज़ी व्यंजनों के उच्चारण (Pronunciation of Consonants)
15 . शब्दों में अनुच्चरित अक्षर (Silent letters in Words)
16 . प्रश्नवाचक वाक्यों में what, who, how आदि का प्रयोग
17 . प्रश्नवाचक वाक्यों में which, when, where, why का प्रयोग
18 . प्रश्नवाचक वाक्य-रचना (मिश्रित [Miscellaneous])
19 . नकारात्मक वाक्य (Negative Sentences)
20 . अभ्यास (Exercises)

तीसरा अभियान (IIIrd Expedition)

21 . सर्वनाम तथा अव्ययों का प्रयोग (he, she, it, its, this, that, you, I, each, none, a, an, the)

22 . स्थान-सूचक (Platial) शब्दों से बने वाक्य (Use of prepositions—on, at, into, in, of, to, by, with, besides, beside, between, among, over)
23. (i) वाक्यों में एक-दूसरे के पूरक शब्द (Co-relatives)
  (ii) काल-सूचक शब्दों (Temporals) से बने वाक्य (Uses of—in, within, on, at, before, after, from, to, till, for, how long, yet, about, by, when, while, until)
24. (i) क्रिया तथा अन्य शब्दों के साथ आवश्यक Prepositions का प्रयोग (Uses of —from, by, with, in, of, into, against, on, over, about)
  (ii) Phrase Prepositions
25 . कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य (Active and Passive Voice)
26 . वाक्य-परिवर्तन (Transformation of Sentences)
27. (i) गणना के शब्द (Countable Words)
  (ii) मात्रा सूचक शब्द (Uncountable Words)
  (iii) अर्थ में बल (The Emphasis)
28 . कुछ फुटकर प्रयोग (Miscellaneous Uses)
29. (i) गणना और मात्रा-सूचक वाक्य (Sentences of Countables and Uncountables)
  (ii) मुहावरेदार वाक्य (Idiomatic Sentences)
30 . अभ्यास तालिकाएं (Drill Tables)

चौथा अभियान (IVth Expedition)

31. (i) निमंत्रण (Invitation)
  (ii) भेंट और विदा (Meeting and Parting)
  (iii) आभार (Sentences of Gratitude)
  (iv) बधाई एवं आशीष वाक्य (Sentences of Congratulations and good wishes)
  (v) मिले-जुले वाक्य (Miscellaneous Sentences)
32. (i) अस्वीकृति वाक्य (Sentences of Refusal)
  (ii) विश्वास (Sentences of Believing)
  (iii) प्रार्थना सूचक वाक्य (Sentences of Request)
33 . आहार संबंधी वाक्य (Sentences Relating to Meals)
34. (i) समय दर्शाने वाले वाक्य (Sentences of Time)
  (ii) अनुमति वाक्य (Sentences of Permission)
35 . निर्देश/आज्ञा- 1 (Instruction/Order)
36 . निर्देश/आज्ञा- 2 (Instruction/Order)
37. (i) प्रोत्साहन के वाक्य (Sentences of Encouragement)

(ii) सान्त्वना के वाक्य (Sentences of Consolation)
(iii) नाराजगी के वाक्य (Sentences of Annoyance)
(iv) स्नेह प्रशंसा के वाक्य (Sentences of Affection)
38. (i) निषेध के वाक्य (Sentences of Negation)
(ii) सहमति के वाक्य (Sentences of Consent)
(iii) दु:ख के वाक्य (Sentences of Sadness)
39. (i) झगड़ा संबंधी वाक्य (Sentences Relating Quarrel)
(ii) क्षमा-याचना संबंधी वाक्य (Sentences of Apologies)
(iii) क्रोध संबंधी वाक्य (Sentences of Anger)
40 . अभ्यास (Exercises)

पांचवां अभियान (Vth Expedition)

41 . घर में (At Home)
42. (i) घर से बाहर (Out of Home)
(ii) नौकर से (Servant)
43 . मिलने पर (On Meeting)
44 . खरीदारी (Shopping)
45 . अध्ययन (Study)
46 . स्वास्थ्य- A (Health-A)
47 . स्वास्थ्य- B (Health-B) / मौसम (Weather)
48. (i) जीव-जन्तु (Animals)
(ii) खेल-क्रीड़ा (Games)
49. (i) व्यक्ति और आयु (Person and Age)
(ii) चरित्र (Character)
(iii) वेशभूषा (Dress)
50 . अभ्यास (Exercises)

छठा (VIth Expedition)

51. (i) सभ्यता-शिष्टाचार (Etiquette)
(ii) चेतावनी-संकेत (Signals)
52. (i) दफ़्तर (Office)
(ii) वस्तुएं (Things)
53. (i) कानून (Law)
(ii) रेडियो/टी.वी./डाकखाना (Radio/T.V./Post Office)
54 . यात्रा (Travel)
55. (i) मनोरंजन (Recreation)

(ii) ऐसा मत कीजिए (Do not ’ s)
(iii) ऐसा कीजिए (Do ’ s)
56. (i) लेन-देन (Dealings)
(ii) व्यापार (Business)
57 . नीति वाक्य (Sayings)
58. (i) विवाह-समारोह में (Attending a Wedding)
(ii) सिनेमा में (In the Cinema)
(iii) खेल के मैदान में (On the Playground)
(iv) पर्यटन कार्यालय में (In the Tourist Office)
(v) होटल में (In the Hotel)
(vi) नौकर से (With the Servant)
(vii) डॉक्टर से (With the Doctor)
(viii) सामान्य प्रसंग (General Topics)
59. (i) मुहावरे (Idioms)
(ii) लोकोक्तियां (Proverbs)
60 . अभ्यास (Exercises)
61 . रैपिडैक्स में उच्चारण (Pronunciation in Rapidex)

हिन्दी-इंगलिश बोलचाल (Conversation)

1 . वार्तालाप से पहले (Before Conversation)
2 . परिचय: अपना व दूसरों का (Introducing Self and Others)
3 . मां और बेटा (Mother and Son)
4 . विद्यार्थी से बातचीत (Talking to a Student)
5 . जाने की तैयारी (Getting Ready to Go)
6 . रास्ते की पूछताछ (Asking the Way)
7 . मरीज़ के बारे में पूछताछ (Inquiry about a Patient)
8 . डॉक्टर से बातचीत (Talking to a Doctor)
9 . जनरल स्टोर में (At the General Store)
10 . उपहार की खरीदारी (Buying a Present)
11 . मनोरंजन: फिल्मों और टी.वी. प्रोग्रामों के बारे में बातचीत (Entertainment: Discussing Movies and T.V. Programmes)
12 . अतिथि सत्कार (Entertaining a Guest)
13 . जन्मदिन की पार्टी (A Birthday Party)
14 . बस स्टॉप पर (At the Bus Stop)
15 . रेलवे स्टेशन पर (At the Railway Station)
16 . टिकिट खिड़की पर (At the Ticket Window)

17 . प्लेटफ़ॉर्म पर (At the Platform)
18 . पार्टी में (In a Party)
19 . टेलीफ़ोन पर बातचीत (Talking on the Phone)
20 . कैम्पस में पहला दिन (First Day in the Campus)
21 . एक लड़के और लड़की की बातचीत (A Boy Talks to a Girl)
22 . होटल में कमरे की बुकिंग (Booking a Room in a Hotel)
23 . बच्चे के ऐडमिशन के लिए इंटर्व्यू (An Interview for the Child ' s Admission)
24 . क्लास टीचर से बातचीत (With the Class Teacher)
25 . शिकायतें (Complaints)
    (i) बिज़ली फ़ेल होने पर (Electricity Failure)
    (ii) टेलीफ़ोन की गड़बड़ी (Telephone Disorder)
    (iii) मशीन में नुक्स की शिकायत (Complaining about a Faulty Gadget)
    (iv) दिन-प्रतिदिन की शिकायतें (Complaining about Things in General)
26 . भावी वर के बारे में पूछताछ (Inquiring about the Prospective Bridegroom)
27 . विवाह संबंधी बातचीत (Marriage Negotiations)
    (i) लड़के व लड़की के माता-पिता के बीच पहली मुलाकात (First Meeting between the Boy ' s and the Girl ' s Parents)
    (ii) लड़के और लड़की की मुलाकात (The Boy Meets the Girl)
28 . करिअर संबंधी बातचीत (Talking about Careers)
    (i) सेल्ज़ और मार्केटिंग (Sales and Marketing)
    (ii) जर्नलिज़्म (Journalism)
    (iii) कम्प्यूटर्ज़ (Computers)
29 . किराए के मकान के लिए प्रॉपर्टी डीलर से बातचीत (Talking to a Property Dealer for Renting a Flat)
30 . नौकरी के लिए इंटर्व्यू (An Interview for a Job)
31 . घर-घर बिक्री (Door to Door Selling)
32 . ऑफ़िस में बिक्री (Selling in Offices)
33 . किटी पार्टी (Kitty Party)
34 . बैंक में (At the Bank)
35 . बॉस और सेक्रेटरी (Boss and Secretary)
36 सेल्ज़मैन की बॉस को रिपोर्ट (The Salesman Reporting to His Boss)

परिशिष्ट- I (APPENDIX-I)

1 . अंग्रेज़ी में शब्द निर्माण (Word-Building in English)
2 . विराम चिह्न (Punctuation)

3 . शब्दों के संक्षिप्त रूप (Abbreviations)
4 . संख्याएं (Numerals)
5 . डायरेक्ट और इनडायरेक्ट स्पीच (Direct and Indirect Speech)
6 . कुछ चुनी हुई क्रियाओं के 3 प्रकार (Three forms of Selected Verbs)
7. 25 आवश्यक समूहार्थक शब्द (25 Important Collective Phrases)
8 . कुछ जानवरों के बच्चों के नाम (Young Ones of Some Animals)
9. 40 जंतुओं की आवाजें (40 Important Words Denoting the Cries of Animals)
10 . जो शब्द सुने तो बहुत जाते हैं पर अधिकतर समझे नहीं जाते (Words Mostly Heard but Not Mostly Known)
11. 75 स्थानापन्न एक-शब्द (75 One-Word Substitutes)
12 . जंतुओं के नाम का मुहावरेदार प्रयोग (Idiomatic use of Names of Animals)
13 . विपरीतार्थक या विलोम शब्द (Antonyms or Words of opposite meaning)
14 . राष्ट्रीयता बताने वाले शब्द (Words Denoting Nationality)
15 . कुछ महत्वपूर्ण वाक्यांश (Some Important Phrases)
16 . ऐसे शब्द जिनसे लोग भ्रमित हो जाते हैं (Words which Commonly Confuse)
17 . शब्दों के प्रयोग में सामान्य अशुद्धियां (Common Errors in the Use of Words)
    (i) संज्ञा-शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Nouns)
    (ii) सर्वनाम-शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां(Errors in the Use of Pronouns)
    (iii) विशेषण-शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां(Errors in the Use of Adjectives)
    (iv) क्रिया-शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Verbs)
    (v) क्रिया-विशेषण शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Adverbs)
    (vi) योजक-शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Conjunctions)
    (vii) संबंध-सूचक शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Prepositions)
    (viii) A, an, the शब्दों के प्रयोग में अशुद्धियां (Errors in the Use of Articles)
18 . अंग्रेज़ी में शब्द निर्माण (Word-Building in English)
19 . प्रमुख इंगलिश, फ्रैंच, लैटिन तथा ग्रीक उपसर्ग (Prefixes)
20 . प्रमुख इंगलिश, फ्रैंच, लैटिन तथा ग्रीक प्रत्यय (Suffixes)

शब्द ज्ञान की कुंज़ी (Key to Word-Power)

1. द्विशब्दात्मक क्रिया (Two-Word Verbs)
2 . मुहावरे तथा वाक्यांश (Idioms and Phrases)

वर्गीकृत शब्दावली अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश (Vocabulary and Dictionary)

1 . वर्गीकृत शब्दावली (Classified Vocabulary)
2 . अंग्रेज़ी-हिंदी शब्दकोश (English-Hindi Dictionary)
3 . वर्तनी-सुधार (Words often Misspelt)

परिशिष्ट- II (APPENDIX-II)

पत्र-लेखन (Letter Writing)

1 . शुभकामना-पत्र (Letters of Greetings)
2 . बधाई-पत्र (Letters of Congratulations)
3 . सहानुभूति-पत्र (Letters of Sympathy)
4 . खेद-पत्र (Letters of Regret)
5 . अवकाश-पत्र (Leave Application)
6 . धन्यवाद-पत्र (Letters of Thanks)
7 . संवेदना-पत्र (Letters of Condolence)
8 . प्रेम-पत्र (Love Letters)
9 . आमंत्रण-पत्र (Letters of Invitation)
10 . शिक्षा-संबंधी-पत्र (Letters on Educational Matters)
11 . वैवाहिक विज्ञापन के उत्तर (Reply to Matrimonial Advertisements)
12 . वैवाहिक विज्ञापनों द्वारा प्राप्त पत्रों के उत्तर (Letters to the Responses Received from Matrimonial Ads)
13 . पारिवारिक पत्र: बराबर वालों के बीच (Family Letters: between Equals)
14 . पारिवारिक पत्र: बड़े-छोटे के बीच (Family Letters: from Elder to Younger)
15 . पारिवारिक पत्र: छोटे-बड़े के बीच (Family Letters: from Younger to Elder)
16 . नियुक्ति/इंटर्व्यू आदि से संबंधित पत्र (Letters Supplementing the Queries Arising out of Your Receiving of the Interview Letters)
17 . नौकरी हेतु प्रार्थना पत्र (Job Applications)
18 . शिकायत-पत्र (Letters of Complaints)
19 . होटल में आवास-उपलब्धि संबंधी पत्र (Letters of Enquiry Regarding Hotel Accommodation)
20 . बैंकों से पत्र-व्यवहार (Letters to Bank)
21 . बीमा कंपनी को भेजे जाने वाले पत्र (Letters to an Insurance Company)
22 . शिकायत पत्र: व्यापारिक (Letters of Complaints: Business)
23 . क्षमा-याचना के पत्र (Letters of Apology)
24 . कार्यालय संबंधी पत्र (Letters on Official Matters)

25 . मकान-मालिक का किरायेदार को पत्र (Letters from the Landlord to the Tenant)
26 . किरायेदार का पत्र मालिक को (Letters from the Tenant to the Landlord)

आइए, शुरू करें!

दोस्तो, इस कोर्स में आपका हार्दिक स्वागत है!

यह कोर्स आम कोर्स नहीं है, क्योंकि हज़ारों लोगों के बीच की गई खोज और अंग्रेज़ी भाषा के विशेषज्ञ शिक्षकों के बरसों के अनुभवों का निचोड़ है यह। इसी के साथ, आप पाठकों की प्रतिक्रियाओं और सुझावों के अनुसार इसमें बहुत कुछ नया जोड़ा गया है, जिसे आप सिर्फ पढ़कर व दिए गए निर्देशों के अनुसार अभ्यास करके ही महसूस कर सकेंगे।

60 दिनों के इस कोर्स को तैयार करते समय हमने दो बातों को अपने सामने प्रमुख रूप से रखा था, एक तो यह कि आप धाराप्रवाह अंग्रेज़ी बोलने लगें और दूसरे अंग्रेज़ी भाषा की प्रकृति, वाक्य-विन्यास, स्पेलिंग, विराम चिह्न आदि लेखन की समस्याओं की आपको क्रमिक जानकारी हो। इस प्रकार यह कोर्स आपको अंग्रेज़ी बोलना और लिखना दोनों ही सिखाएगा।

इस कोर्स द्वारा आप 60 दिनों की यात्रा तय करेंगे, जिसके छह पड़ाव होंगे। हर दिन की एक इकाई (यूनिट) है। इस तरह इसकी छह इकाइयां या यूनिट्स हुईं। प्रत्येक इकाई का आखिरी दिन, अर्थात् 10वां, 2वां, 30वां आदि, अभ्यास-दिवस है। इन्हीं दिनों में आपको नई या अतिरिक्त जानकारी भी मिलेगी। इनमें exercises, tests और tables की सहायता से आप अपनी परीक्षा भी स्वयं ले सकेंगे कि आपने कितना सीखा है।

वैसे तो इस कोर्स में शामिल किए गए सभी वाक्य बहुत जरूरी और उपयोगी हैं, पर कुछ ऐसे वाक्यों को जो दिन-प्रतिदिन के जीवन में बार-बार प्रयोग में आते हैं और ऐसे ही कुछ और अधिक प्रचलित वाक्यों को बोल्ड टाइप में दिया गया है। संख्या में कम होने के कारण इन वाक्यों को जल्दी और आसानी से याद किया जा सकता है। आप इनका आम बातचीत में इस्तेमाल कर लोगों पर अपनी धाक जमा सकते हैं।

किसी भी भाषा का अच्छा जानकार उस भाषा में पूरे आत्मविश्वास के साथ बोल पाए यह जरूरी नहीं। जब तक मन में यह भय बना रहेगा ‘कि लोग क्या कहेंगे’ तब तक आप बातचीत में अटकेंगे। इसी प्रकार यदि आपका उच्चारण सही नहीं होगा, तो आप ‘लोग हंसी न उड़ाएं’ इस डर से बोलने में हिचक महसूस करेंगे या फिर सही समय पर सही बात नहीं कह पाएंगे। बातचीत में होने वाली इन्हीं परेशानियों से आपको बचाने के लिए पुस्तक के साथ जो ऑडियो कैसेट आपको दी गई है, उसका 16 पृष्ठों का स्क्रिप्ट भी पुस्तक के अंत में दिया गया है। इसके शुरू में जो निर्देश दिए गए हैं, आप उन्हें पढ़े और कैसेट के साथ-साथ सही उच्चारण का अभ्यास करें, निश्चय ही कुछ समय के अभ्यास के

बाद आपको अपने में आत्मविश्वास महसूस होगा और अंग्रेज़ी बोलना इतना स्वाभाविक लगेगा, मानो आप अपनी मातृभाषा बोल रहे हों।

यहां एक बात विशेषरूप से ध्यान देने योग्य है कि पुस्तक को बिना पढ़े कैसेट का प्रयोग न करें, इससे लाभ के स्थान पर हानि हो सकती है, क्योंकि यह कैसेट पुस्तक का ही एक हिस्सा है, आपको अंग्रेज़ी सिखाने के लिए अपने-आप में यह कैसेट पूर्ण नहीं है।

इस कोर्स को तैयार करते समय क्योंकि पूरी तरह से मनोवैज्ञानिक सोच को सामने रखा गया है, इसलिए आपको 60 दिनों के बाद सुखद आश्चर्य होगा यह महसूस करके कि अंग्रेज़ी बोलना और लिखना तो कोई समस्या ही नहीं था। लेकिन यह 60 दिनों के बाद का अनुभव है। यहां तक पहुंचने के लिए आपको पहले इन शर्तों को निभाना होगा —

1 . सबसे पहले **संकल्प** करना होगा, फिर
2 . उस संकल्प को पूरा करने के लिए **प्रयत्न** करना होगा, और
3 . उस प्रयत्न को तब तक **जारी रखना** होगा, जब तक कि आप अपने लक्ष्य तक भली-भांति पहुंच नहीं जाते।

और हमें यह पूरा विश्वास है कि इन तीनों शर्तों को मानने की अवस्थाओं में से गुज़रने के लिए आप पूरी तरह से तैयार हैं। बस समझ लीजिए आप अंग्रेज़ी बोलने की कला में निपुण हो गए। अंग्रेज़ी में एक उक्ति है — Well begun is half done — अर्थात् कोई भी काम ठीक विधि से शुरू किया जाए, तो समझना चाहिए कि आधा काम पूरा हो गया।

तो आइए चलिए मेरे साथ पहले अभियान पर, इसमें आपका परिचय होगा अंग्रेज़ी में अभिवादन, शिष्टाचार, भावबोधक शब्दावली, सरल-संक्षिप्त वाक्यों, क्रिया के तीनों काल (tenses) से उनके अंग्रेजी की कुछ सहायक और विध्यर्थक क्रियाओं से, व्याकरण की माथापच्ची किए बिना। इसी के साथ अब आगे प्रत्येक दिन कुछ बोलने के लिए होगा, कुछ सीखने के लिए होगा और कुछ होगा पक्का करने के लिए, जो कि आपको साथ-साथ समझाया जाएगा।

हमारी शुभकामनाएं हैं कि आपकी यह यात्रा शुभ हो!

—प्रकाशक

1पहला दिन
st Day

पहला अभियान (1st Expedition)

आइये, पहला दिन अभिवादन से शुरू करें। भारत में सभी अवसरों पर *'नमस्ते'* या *'नमस्कार'* कहकर अभिवादन किया जाता है। मुसलमान, *'अस्सलामालेकुम'* तथा सिख आपस में मिलने पर *'सत श्री अकाल'* कहते हैं। पर अंग्रेज़ी में ऐसा नहीं है। इसमें दिन के अलग-अलग समय पर अलग-अलग शब्दों द्वारा अभिवादन करने का चलन है।

बोलचाल में अभिवादन के वाक्य

अपने से बड़ों, रिश्तेदारों व पद में ऊंचे अधिकारियों के साथ
उषाकाल से लेकर दोपहर बारह बजे तक

1. नमस्ते, दादाजी!	**Good morning,** Grandpa! गुड मॉर्निंग, ग्रैंडपा!
2. नमस्ते, पिताजी!	Good morning, Dad! गुड मॉर्निंग, डैड!
3. नमस्ते, सर!	Good morning, Sir! गुड मॉर्निंग, सर!

दोपहर बारह बजे से शाम पांच बजे तक

4. नमस्ते, दादीजी!	**Good afternoon,** Grandma! गुड आफ़्टरनून, ग्रैंडमां!
5. नमस्ते, माताजी!	Good afternoon, Mummy! गुड आफ़्टरनून, मम्मी!
6. नमस्ते, बेटी!	Good afternoon, dear! गुड आफ़्टरनून, डियर!

सायं पांच बजे के बाद

7. नमस्ते, चाचाजी!	**Good evening,** Uncle! गुड ईवनिंग, अंकल!
8. नमस्ते, चाचीजी!	Good evening, Auntie! गुड ईवनिंग, आन्टी!
9. नमस्ते, बेटे!	Good evening, dear! गुड ईवनिंग, डियर!

रात को विदाई के समय

10. शुभ रात्रि!	**Good night!** गुड नाइट! Sweet dreams, darling! स्वीट ड्रीम्ज़, डार्लिंग!

दिन में किसी समय

11. अच्छा सर, चलते हैं!	**Good day** to you, Sir! गुड डे टु यू, सर!

भेंट के समय

12. आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई!	Pleased to meet you! प्लीज़्ड टु मीट यू!

किसी भी समय (Informal greetings) अपने मित्रों व बराबरी के लोगों के साथ

1. हाय सिमी!	**Hi** Simi! हाइ सिमी!
2. हाय अंकुर!	Hi Ankur! हाइ अंकुर!
3. हलो अंकल!	**Hello** Uncle! हलो अंकल!
4. हलो निशि!	Hello Nishi! हलो निशि!
5. हलो कुश!	Hello Kush! हलो कुश!
6. हलो मिसिज़ मेहरा!	Hello Mrs. Mehra! हलो मिसिज़ मेहरा!

Note : यदि संबंध बेतकल्लुफ़ी का हो तो 'हलो' और 'हाइ' का प्रयोग अपने से बड़ों के साथ भी किया जा सकता है।

विदाई के समय

1. अच्छा चलते हैं, बच्चो!	Goodbye, children! गुडबाइ, चिल्ड्रन!
2. अच्छा !	**Bye, bye!** बाइ-बाइ!
3. चलते हैं, प्रिय!	Farewell, dear! फ़ेयरवेल, डियर!
4. अच्छा, फिर मिलेंगे!	Bye, see you/so long! बाइ, सी यू./सो लौंग!

याद रखें (Remember)

हिन्दी और अंग्रेज़ी में सम्बोधन का अंतर

A

अंग्रेज़ी में

1. Grandfather को संक्षेप में Grandpa कहते हैं।
2. Father के लिए Dad या Daddy शब्दों का भी प्रयोग किया जाता है।
3. Grandmother को संक्षेप में Grandma कहते हैं।
4. Mother के लिए Mom या Mummy शब्द का भी प्रयोग किया जाता है।

B

अंग्रेज़ी में

1 . चाचा, ताया, मामा, मौसा, फूफा — सभी को अंकल (Uncle) कहा जाता है।

2 . चाची, ताई, मामी, मौसी, बूआ — सभी को आंट या आंटी (Aunt, Aunty or Auntie) कहा जाता है।

3 . किसी भी पुरुष के लिए आदरसूचरक शब्द ‘सर’ (Sir) का प्रयोग किया जाता है।

4 . किसी भी महिला के लिए आदरसूचक शब्द ‘मैडम’ (Madam) का प्रयोग किया जाता है।

5 . चचेरे, ममेरे, मौसेर या फुफेरे भाई या बहिन, किसी के लिए भी केवल ‘कज़न’ (Cousin)शब्द प्रयोग में आता है, कज़न ब्रदर या कज़न सिस्टर (Cousin Brother/Cousin Sister) नहीं।

6 . विवाहित महिला के नाम या उपनाम से पहले मिसेज़ (Mrs) तथा अविवाहित महिला के लिए मिस (Miss) का प्रयोग किया जाता है। मिस (Ms) का प्रयोग अविवाहित या विवाहित किसी भी स्त्री के नाम या उपनाम से पहले किया जा सकता है।

2दूसरा दिन
nd Day

अंग्रेज़ी में शिष्टाचार (Good Manners in English)

अंग्रेज़ी भाषा सीखने के साथ-साथ इसके शिष्टाचार की जानकारी भी ज़रूरी है। अंग्रेज़ बात और व्यवहार में तहज़ीब का बहुत ध्यान रखते हैं। बार-बार कुछ विशेष नम्र शब्दों का प्रयोग करना उनकी बातचीत का ज़रूरी हिस्सा है। उनका हर बात को कहने का एक विशेष तरीका है। किस बात को कैसे कहें, किन शब्दों का इस्तेमाल करें, ऐसी ही कुछ ज़रूरी बातों की जानकारी इस पाठ में दी गई है।

A

हिन्दी भाषा की तरह, अंग्रेज़ी में बात-बात में नाम के साथ 'जी' लगाने का रिवाज नहीं है, और न ही इसमें 'आप' या 'वे' जैसे आदरसूचक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इसमें 'मैं' के लिए 'हम' कहने की प्रथा भी नहीं है इसीलिए कई हिन्दी भाषी लोगों को यह कहते हुए सुना गया है कि अंग्रेज़ी रूखी भाषा है, क्योंकि इसमें अपने से बड़ों से भी बातचीत करते हुए 'तुम', (You) 'यू' शब्द का प्रयोग किया जाता है।

लेकिन वास्तव में ऐसी बात नहीं है। हालांकि अंग्रेज़ी भाषा में 'आप' और 'वे' शब्द नहीं हैं, पर अंग्रेज़ी में बात-बात पर शिष्टाचार जताने की प्रथा है। सच्ची एवं स्वाभाविक अंग्रेज़ी सीखने के लिए इस बात का हमेशा ध्यान रखिए।

अंग्रेज़ी के इन शब्दों को मन में दोहराइए। इन शब्दों में पूरी अंग्रेज़ जाति का शिष्टाचार समाया हुआ है। ये अंग्रेज़ी भाषा के बड़े महत्वपूर्ण शब्द हैं:

1. Please प्लीज़
2. Thanks थैंक्स
3. Welcome वेल्कम
4. Kindly काइन्डली
5. Allow me अलाउ मी
6. After you आफ़्टर यू
7. Sorry सॉरी

8. Excuse me एक्सक्यूज़ मी
9. Pardon पार्डन
10. That is alright दैट इज़ ऑलराइट
11. It's my pleasure इट्स माइ प्लेज़र

1 . यदि आपको किसी से पेन लेना हो, या एक गिलास पानी मांगना हो, अथवा किसी से समय पूछना हो, या फिर किसी को उत्तर में 'हां' कहना हो, तो वाक्य में **Please** प्लीज़ शब्द का प्रयोग करना होगा। यदि आप केवल **Please** प्लीज़ कह देंगे तो भी चलेगा, परन्तु यदि आप **Please** या **Kindly** आदि समान अर्थ वाले शब्द का प्रयोग नहीं करते हैं, तो आप **'अभद्र'** कहलाएंगे। हिन्दी में आप यूं भी कह देते हैं:

1 . ज़रा अपना पेन देना।
2 . एक गिलास पानी।
3 . क्या बजा है?
4 . हां, पी लूंगा।

लेकिन हिन्दी की तरह यदि आप अंग्रेज़ी में भी निम्न वाक्य बोलेंगे, तो कोई भी अंग्रेज़ पहचान लेगा कि या तो आप असभ्य हैं, या कोई विदेशी, जो कि उनके शिष्टाचार से परिचित नहीं है:

1. Give me your pen . गिव मी योर पेन.
2. Give me a glass of water . गिव मी अ गलास ऑफ़ वॉटर.
3. What is the time ? वॉट इज़ द टाइम?
4. Yes, I will drink it . येस, आइ विल ड्रिंक इट.

और यदि आप कहेंगे:

1. May I have your pen, please ? मे आइ हैव योर पेन, प्लीज़?
2. A glass of water, please . अ ग्लास ऑफ़ वॉटर, प्लीज़.
3. Time please ? टाइम प्लीज़?
4. Yes, please . येस प्लीज़.

या, यदि आप इन वाक्यों को इस प्रकार भी कहेंगे, तो भी यह समझा जाएगा कि आप सभ्य हैं:

1. May I borrow your pen, please ? मे आइ बॉरो योर पेन, प्लीज़?
2. Give me a glass of water, please . गिव मी अ ग्लास ऑफ़ वॉटर, प्लीज़.
3. What is the time, please ? वॉट इज़ दि टाइम, प्लीज़?

2 . (a) यदि किसी व्यक्ति ने आपका मामूली-सा भी कोई काम किया है, उदाहरण के लिए — आपने टाइम पूछा या मकान का पता पूछा और उसने बता दिया, आपने तनिक-सी बात पूछी और उसने बता दी, तो उसे **Thank you** थैंक्यू कहना न भूलिए। हां, आप Thanks (थैंक्स) भी कह सकते हैं। यदि आप अधिक अहसान प्रकट करना चाहें, तो कह सकते हैं:

Many many thanks to you. मेनी मेनी थैंक्स टु यू.
या
Thank you very much. थैंक्यू वेरी मच.

(b) कोई आपसे कुछ और लेने के लिए कहे और आप न लेना चाहते हों, तो आप हिन्दी की तरह मत कहिए — मैं और नहीं लेना चाहता, I don't want to take more. आइ डोन्ट वांट टु टेक मोर, बल्कि संक्षेप में कहिए — **No, thanks .** नो, थैंक्स.

3 . आपने किसी का कोई छोटा-सा-काम किया और बदले में उसने आपको कहा 'Thank you' तो अंग्रेज़ी में बात यहीं पर खत्म नहीं हो जाती। यदि आप Thanks सुनकर चुप रह जाएंगे, तो आप अभद्र या घमण्डी कहलाएंगे। इस पर आपको कहना पड़ेगा:

It's * all right . इट्स ऑल राइट (सब ठीक है).
या 1. No mention. नो मैन्शन (कोई बात नहीं).
या 2. It's fine. इट्स फ़ाइन (सब ठीक है).
या 3. My pleasure. माइ प्लेज़र (इसमें मेरी खुशी है).
या 4. Welcome/you're welcome. वेल्कम/यू आर वेल्कम (ऐसी तकलीफ़ फिर दें).

ऊपर की पांच अभिव्यक्तियों में से आप स्वयं ही समझ सकते हैं कि पांचवीं अभिव्यक्ति सबसे अधिक नम्रता-सूचक है। वैसे ऊपर की दोनों अभिव्यक्तियां भी बोलचाल में खूब प्रचलित हैं।

4 . यदि कोई आपसे कोई वस्तु मांगे और वह आप देना चाहते हों, तो हिन्दी में आप कहेंगे — ले लीजिए। पर अंग्रेज़ी में यदि आपने कहा — Take it, तो अंग्रेज़ी में इसे शिष्टाचार नहीं माना जाएगा इसलिए आप कहेंगे — **Yes, you are welcome .** यस, यू आर वेल्कम या **With great pleasure .** विद ग्रेट प्लेज़र.

5 . यदि आप किसी को कोई छोटी-सी सेवा या सहायता करना चाहें तो उसे कहने का अंग्रेज़ी में एक अपना तरीका है, उदाहरण के लिए आप किसी महिला की गोद से बच्चा लेने या किसी वृद्ध का थैला उठाने की पेशकश करने के लिए यूं कहेंगे — **Allow me .** अलाउ मी... या **May I help you ?** मे आइ हेल्प यू... अर्थात् मुझे अवसर दें... अर्थात् क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं? किसी शो रूम या प्रदर्शनी में यदि आप सेल्समेन हैं या गाइड हैं तो विजिटर्स ग्राहकों को भी **May I help you** कहकर अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

6 . किसी महिला या किसी वृद्ध को रास्ता देते समय आप कह देते हैं — 'पहले आप', जबकि अंग्रेज़ी बातचीत में आप **' First you '** फ़र्स्ट यू नहीं कहेंगे। अंग्रेज़ी में कहेंगे — **' After you '** . आफ़्टर यू.

7 . अंग्रेज़ी में बात-बात पर खेद प्रकट करने का रिवाज है। हिन्दी में भी हम खेद प्रकट करते हैं या क्षमा मांगते हैं, पर तब, जब हमसे वस्तुत: कोई बड़ी भूल हो जाए, जैसे हम किसी से समय लेकर फिर समय पर नहीं पहुंचें, तो खेद प्रकट करते हैं, और समय लेकर उस दिन बिल्कुल न पहुंचें, तो अपने इस अपराध के लिए क्षमा मांगते हैं। पर अंग्रेज़ी में छोटी-छोटी

बातों में भी **Sorry** सॉरी, **Excuse me** एक्सक्यूज़ मी, **Pardon** पार्डन आदि शब्दों का प्रयोग होता है, जैसे:

(a) आपका किसी से हाथ छू जाए, तो आपको झट कहना होगा, **Sorry** सॉरी।

(b) दो आदमी रास्ते में खड़े-खड़े बात कर रहे हों और आपको बीच में से गुज़रना हो, तो आप कहेंगे — **Excuse me** एक्सक्यूज़ मी। इसी तरह लोगों के बीच से उठकर आपको किसी काम से थोड़ी देर के लिए जाना है, तो आप बिना कुछ कहे नहीं उठेंगे, बल्कि कहेंगे — **' Excuse me '.** किसी व्यक्ति का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए भी **Excuse me** कहकर आप अपनी बात कह सकते हैं।

(c) आप टेलीफ़ोन सुन रहे हैं या आमने-सामने किसी से बातचीत कर रहे हैं, आपको बात सुनाई नहीं देती और आप उसे फिर से सुनना चाहते हैं, तो आप ऐसे नहीं कहेंगे — 'ऊंचा बोलो न! मुझे कुछ सुनाई नहीं देता।' Speak loudly! I cannot hear anything. बल्कि इसके स्थान पर आप अंग्रेज़ी में केवल यह कहेंगे — **' Pardon '** पार्डन या **I beg your pardon** आइ बेग योर पार्डन. और सामने वाला व्यक्ति इससे समझ जाएगा कि आपको बात सुनाई नहीं दी है।

(d) कोई कमरे में बैठा है। आप उसके मकान पर उससे मिलने गए हैं, तो बिना सूचना दिये या आज्ञा लिये आपको अन्दर दाखिल नहीं होना चाहिए, बल्कि अंग्रेज़ी में आप इस आशय का वाक्य कहेंगे — **May I come in, please ?** मे आइ कम इन, प्लीज़ (क्या मैं अन्दर आ सकता हूं?) और वह पलट कर कहेगा — Yes please come in येस प्लीज़ कम इन (अवश्य) या With great pleasure विद ग्रेट प्लेज़र (खुशी से) या Of course ऑफ़ कोर्स (अवश्य)।

ऐसी है औपचारिकता, अथवा शिष्टाचार से पूर्ण अंग्रेज़ी भाषा! अपने वाक्य बनाते समय इस भाषा की रीति को सदा याद रखना चाहिए।

B

शिष्टाचार के कुछ वाक्य (Some Polite Phrases)

1. मैंने मिलने का समय दिया था, परन्तु मैं आ नहीं सका, मुझे माफ करें।	I'm sorry, I couldn't make it that day. आइम सॉरी, आइ कुडन्ट मेक इट दैट डे.
2. मैं ठीक समय पर नहीं आ सका, इसके लिए मैं माफी मांगता हूं।	I'm sorry, I couldn't make it in time. आइम सॉरी, आइ कुडन्ट मेक इट इन टाइम.
3. माफ कीजिए, मुझे थोड़ी-सी देर हो गई है।	**I'm sorry, I got a little late.** आइम सॉरी, आइ गॉट अ लिटिल लेट.
4. मेरी ओर से माफी मांग लीजिए।	Please convey my apologies. प्लीज़ कनवे माइ अपॉलोजीज़.
5. ऐसा गलती से हो गया। माफ कीजिए।	It was all by mistake. Please excuse me. इट वॉज़ ऑल बाइ मिस्टेक। प्लीज़ एक्सक्यूज़ मी.
6. मुझे बड़ा दु:ख है।	I 'm very sorry. आइम वेरी सॉरी.
7. माफ करें, मैंने आपके काम में बाधा डाली।	Sorry to have disturbed you.सॉरी टु हैव डिस्टर्ब्ड यू.
8. माफ कीजिए।	**I beg your pardon.** आइ बेग योर पार्डन.
9. आपकी आज्ञा से कहना चाहता हूं।	Allow me to say. अलाउ मी टु से.
10. ज़रा ध्यान दीजिए।	**May I have your attention, please?** मे आइ हैव योर अटेन्शन, प्लीज़?
11. इसे अपनी ही चीज़ समझें।	It's all yours. इट्स आल योर्ज़.
12. ज़रा मुझे बोलने दें।	Will you please permit me to speak? विल यू प्लीज़ परमिट मी टु स्पीक?
13. अपने काम में मेरी मदद ले लीजिए।	Let me also help you. लेट मी ऑल्सो हैल्प यू.
14. क्या आप थोड़ा खिसकेंगे?	Will you please move a bit? विल यू प्लीज़ मूव अ बिट?
15. ज़रा धीरे बोलें।	Will you pléase speak slowly? विल यू प्लीज़ स्पीक स्लोली?
16. ज़रा धीमा बोलने की कृपा करें।	Will you mind speaking a bit softly, please? विल यू माइन्ड स्पीकिंग ए बिट सॉफ़्टली, प्लीज़?
17. क्या आप मुझे बैठने देंगे?	Will you please let me sit? विल यू प्लीज़ लेट मी सिट?
18. क्या मैं आपका थोड़ा-सा समय ले सकता हूं?	Could you spare a few moments for me? कुड यू स्पेअर अ फ़्यू मोमेन्ट्स फ़ॉर मी?
19. जैसी आपकी मर्ज़ी।	As you please. ऐज़ यू प्लीज़.
20. आराम से बैठिए।	Please make yourself comfortable. प्लीज़ मेक योरसेल्फ़ कम्फ़र्टेबल.
21. कष्ट के लिए क्षमा करें।	Sorry for the inconvenience. सॉरी फ़ॉर दि इनकन्वीनियन्स

21. कष्ट के लिए क्षमा करें।	Sorry for the inconvenience. सॉरी फ़ॉर दि इन्कन्वीनियन्स.
22. आपकी बड़ी कृपा है।	That's very/so kind of you. दैट्स वेरी/सो काइंड ऑफ़ यू.
23. लीजिए।	Please help yourself. प्लीज़ हेल्प योरसेल्फ़.
24. आपसे मिलकर खुशी हुई।	Glad to meet you. ग्लैड टु मीट यू.
25. आपकी अच्छी सलाह के लिए धन्यवाद।	Thanks for your kind/valuable advice. थैंक्स फ़ॉर योर काइंड एडवाइस.
26. मैं पूरी कोशिश करूंगा/करूंगी।	I will try my level best. आइ विल ट्राइ माइ लैवल बेस्ट.
27. आशा है आप मज़े में हैं।	Hope you are enjoying yourself/yourselves. होप यू आर एन्जॉइंग योरसेल्फ़/योरसेल्व्ज़.

याद रखें (Remember)

A

1 . प्रत्येक देश में सभ्यता एवं शिष्टाचार प्रकट करने का अलग-अलग ढंग होता है। हिन्दी में नाम के बाद 'जी' लगाकर आदर प्रकट करने का रिवाज़ है, बड़ों को आदर देने के लिए बहुवचन का प्रयोग भी किया जाता है, जबकि अंग्रेज़ी में आदरसूचक में भी एकवचन (Singular सिंग्युलर) ही रहता है। उदाहरण के लिए:

श्री केदारनाथ **जी आए हैं।** Mr. Kedarnath has come. (मि. केदारनाथ हैज़ कम.)

2 . हिन्दी में मध्यम पुरुष में आदर प्रकट करने के लिए 'तुम' की जगह 'आप' का प्रयोग होता है, परन्तु अंग्रेज़ी में 'तुम' और 'आप' दोनों के लिए 'यू' (You) का प्रयोग होता है, जैसे:

आप क्या चाहते हैं? What do you want? (वॉट डू यू वॉन्ट?)

इसी प्रकार हिन्दी में अन्यपुरुष में आदर की दृष्टि से 'वह' के स्थान पर 'वे' का प्रयोग होता है, जबकि अंग्रेज़ी में एकवचन का प्रयोग होता है, जैसे:

वे रात को आ सकते हैं। He may come at night. (ही मे कम ऐट नाइट.)

B

क्षमा मांगने के अर्थ में अंग्रेज़ी में कई शब्द हैं जिनका बातचीत में व्यवहार किया जाता है। इन शब्दों के वास्तविक अर्थों को यहां दिया जा रहा है:

1. Excuse (V*.) — क्षमा करना, साधारण अर्थ में प्रयोग होता है। मुझे माफ करें (Please excuse me.)
2. Forgive (V.) — दण्डित करने की भावना को सदा के लिए मन से निकाल देना, हृदय से क्षमा कर देना, जैसे — गलती करना इंसान का काम है, उसे क्षमा करना परमात्मा का (To err is human, to forgive is divine).
3. Pardon (V.) — अपराधी को मिले हुए दण्ड से मुक्त करना। मेरी गलती के लिए मुझे क्षमा करें (Please pardon me for my mistake.)
4. Mistake (V.) — गलत समझना। गलती से मुझे आप डॉक्टर समझ रहे हैं (Don't mistake me for a doctor.)
5. Sorry (Adj.) — मुझे खेद है। मुझे देर से आने का अफसोस है (I am sorry for being late.)

आजकल साधारण बोलचाल में I beg your pardon का हल्के-फुल्के शिष्टाचार वाक्य के रूप में आम प्रयोग होने लगा है। फ़ोन पर जब आपको आवाज सुनाई नहीं देती, तो आप कहते हैं, I beg your Pardon या ‘ Pardon ’ तो उसका यह आशय होता है कि आप तो ठीक बोल रहे हैं, पर मुझे सुनाई नहीं दे रहा है। कृपया दोबारा कहें — ‘ Please repeat it ’ — यह भी चलेगा पर आपको मूल अर्थ भी ज्ञात होना चाहिए।

---

* अंग्रेज़ी में short forms (शब्दों के संक्षिप्त रूप) बहुत प्रचलित हैं, जैसे It is के लिए It’s और You are के लिए you’re का बातचीत में बहुत प्रयोग होता है। कुछ और उदाहरण नीचे दिये गये हैं:

I am — I'm
I have — I've
We are — We're

He is — He's
She is — She's
Is not/are not — Isn't/aren't

इनके प्रयोग से बातचीत में गति और सहजता आती है।

* V का अर्थ ‘क्रिया’ या ‘Verb’ से है।

3तीसरा दिन
rd Day

भावबोधक (Exclamation)

अंग्रेज़ी में मन के अलग-अलग भावों को प्रकट करने का अपना ही तरीका है। यह सरल भी है और सुन्दर भी। हैरानी, खुशी, दुख, नाराज़गी और भी दूसरे कई भावों को छोटे-छोटे वाक्यों व दो-तीन शब्दों में बहुत अच्छे ढंग से कहा जा सकता है। इन शब्दों और वाक्यों का हम आम बोलचाल में बार-बार प्रयोग कर सकते हैं।

1.	वाह, वाह!	Marvellous! मार्वलस!
2.	**शाबाश!**	**Well done!** वेल डन!
3.	अति सुन्दर!	Beautiful! ब्यूटिफ़ुल!
4.	अरे!	Hey! हे!
5.	**वाह!**	**Wow!** वाउ!
6.	हे राम!	My/Oh God ! माइ/ओ गॉड!
7.	आपने तो कमाल कर दिया!	Wonderful ! वन्डरफ़ुल
8.	**बेशक!**	**Of course !** ऑफ़ कोर्स!
9.	**ईश्वर का धन्यवाद !**	**Thank God !** थैंक गॉड!
10.	ईश्वर की कृपा से!	By God's grace ! बाइ गॉड्स ग्रेस!
11.	खुदा आपको बरकत दे!	May God bless you ! मे गॉड ब्लेस यू!
12.	**आपको भी!**	**Same to you !** सेम टु यू!
13.	**बहुत बढ़िया!**	**Excellent !** एक्सीलेन्ट!
14.	**बड़े दुख का समाचार!**	**How sad !** हाउ सैड!
15.	बड़ी खुशी का समाचार !	That is a good news ! दैट इज़ अ गुड न्यूज़!
16.	कितनी बड़ी विजय!	What a great victory ! वॉट ए ग्रेट विक्ट्री!
17.	प्रभु मेरे! (आश्चर्य में)	Good heavens ! गुड हेवन्ज़!
18.	सुनिए!	Hello ! Listen ! हलो! लिसिन!
19.	**फटाफट करिए!**	**Hurry up, please !** हरी अप, प्लीज़!
20.	कितनी बुरी बात!	How terrible ! हाउ टैरिबल!
21.	कितने अपमान की बात है!	How disgraceful ! हाउ डिसग्रेसफ़ुल!
22.	बड़ी फिजूल बात है!	How absurd ! हाउ एब्सर्ड!
23.	**उसकी इतनी हिम्मत!**	**How dare he !** हाउ डेअर ही!
24.	क्या खूब!	How sweet ! हाउ स्वीट!
25.	कितना सुन्दर!	How lovely ! हाउ लवली!
26.	ऐसा कहने की तुम्हें हिम्मत कैसे हुई!	How dare you say that ! हाउ डेअर यू से दैट!
27.	प्यारे!	Oh dear ! ओ डियर!
28.	जल्दी चलो!	Hurry up ! हरी अप! वॉक फ़ास्ट!
29.	**चुप रहिए!**	**Quiet, please/Please keep quiet !** क्वायट प्लीज़! प्लीज़ कीप क्वायट!

29.	**चुप रहिए!**	**Quiet, please/Please keep quiet !** क्वायट प्लीज़ ! प्लीज़ कीप क्वायट !
30.	हां, ऐसा ही !	Yes, it is ! येस इट इज़ !
31.	**सचमुच!**	**Really !** रिअली !
32.	सच !	Is it ! इज़ इट !
33.	धन्यवाद !	Thanks ! थैंक्स !
34.	**आपका धन्यवाद!**	**Thank you !** थैंक यू !
35.	भगवान का लाख शुक्र है !	Thank God ! थैंक गॉड !
36.	**यह दिन बार-बार आए!**	**Many happy returns of the day !** मैनी हैपी रिटर्न्ज़ ऑफ़ द डे !
37.	**आहा! मैंने मैच जीत लिया!**	**Hurrah ! I have won !** हुर्रे, आइ हैव वन !
38.	आपके स्वास्थ्य के लिए !	For your good health ! फ़ॉर योर गुड हेल्थ !
39.	**बधाई!**	**Congratulations !** कौंग्रेच्युलेशन्ज़ !
40.	**कितनी बेहूदगी है!**	**What nonsense !** वॉट नॉनसेन्स !
41.	कितनी शर्म की बात है !	What a shame ! वॉट अ शेम !
42.	कितनी दु:खद बात है !	How tragic ! हाउ ट्रैजिक !
43.	**कितना सुखद आश्चर्य!**	**What a pleasant surprise** वॉट अ प्लेज़ेन्ट सरप्राइज़ !
44.	आश्चर्यजनक !	Wonderful ! वन्डरफ़ुल !
45.	छि: छि: !	How disgusting ! हाउ डिसगस्टिंग !
46.	खबरदार !	Beware ! बीवेअर !
47.	कितने दुख की बात है !	What a pity ! वॉट अ पिटी !
48.	**कितनी बढ़िया सूझ है!**	**What an idea !** वॉट ऐन आइडिया !
49.	**आपका स्वागत है!**	**Welcome sir !** वेल्कम सर !
50.	आपके स्वागत के लिए !	Cheers ! चिअर्ज़ !
51.	क्या मुसीबत है !	What a bother ! वॉट अ बॉदर !
52.	सावधानी से/संभल कर !	Watch out ! वॉच आउट !
53.	कहीं नज़र न लगे !	Touch wood ! टच वुड !
54.	अब चाहे जो हो !	Come what may ! कम वॉट मे !

याद रखें (Remember)

1 . सामान्य वाक्य में जहां अल्पविराम (,) या पूर्ण विराम (।) लगता है, वहां भावबोधक वाक्य में विस्मयादि बोधक चिह्न (!) Exclamatory Sign लगता है, जैसे — Really! Wonderful ! आदि।

2 . लज्जा, दु:ख, आश्चर्य, हर्ष, क्रोध आदि अनेकानेक भावों को प्रकट करने के लिए What, How आदि शब्दों का प्रयोग होता है, जैसे — What a shame! How wonderful ! आदि।

3 . विस्मयादिबोधक वाक्य (Exclamatory sentence) बोलते समय ध्वनि में आश्चर्य आदि भावों का स्वर देना चाहिए।

4 चौथा दिन
th Day

छोटे-छोटे वाक्यांश (Phrases)

अंग्रेज़ी में वाक्य की जगह कई बार वाक्यांश अथवा केवल दो-एक शब्दों से काम चलाया जाता है। उदाहरण के तौर पर Yes, Sir ! (येस, सर), No sir ! (नो सर), Very good, sir ! (वेरी गुड, सर) आदि। ये वाक्यांश इतने अधिक प्रचलित हैं कि अंग्रेज़ी बोलने और समझने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति को इनसे परिचित होना अत्यन्त आवश्यक है। ये वाक्यांश बहुत सरल भी हैं, क्योंकि ये व्याकरण के पेचीदा नियमों से बंधे हुए नहीं हैं।

A

1.	**मैं अभी आ रहा हूं।**	**Just coming.** जस्ट कमिंग.
2.	बहुत अच्छा।	Very well. वेरी वेल.
3.	अच्छी बात है।	**Fine**/Very good. फ़ाइन / वेरी गुड.
4.	जैसी आपकी मर्ज़ी।	As you like/**As you please.** ऐज़ यू लाइक/ ऐज़ यू प्लीज़.
5.	**और कुछ?**	**Anything else?** एनीथिंग एल्स?
6.	**बस, रहने दो।**	**That's enough.** दैट्स एनफ़.
7.	इस सम्मान के लिए धन्यवाद।	Thanks for this honour. थैंक्स फ़ार दिस ऑनर.
8.	**अच्छा।**	**O.K.** ओ.के.
9.	क्यों नहीं?	Why not? वाइ नॉट?
10.	थोड़ा-सा भी नहीं।	Not a bit. नॉट अ बिट.
11.	**ध्यान रखना।**	**Take care.** टेक केअर.
12.	**कल मिलेंगे।**	**See you tomorrow.** सी यू टुमॉरो.
13.	हां, जरूर!	Yes, by all means! येस, बाइ ऑल मीन्ज़!
14.	बहुत है।	That is too much. दैट इज़ टू मच.
15.	**हां, सर।**	**Yes, Sir !** येस, सर!
16.	नहीं, कभी नहीं।	No, not at all. नो, नॉट ऐट ऑल.
17.	**कोई बात नहीं।**	**Never mind/Doesn't matter.** नेवर माइन्ड/डजन्ट मैटर.
18.	**और कुछ नहीं।**	**Nothing else.** नथिंग एल्स.
19.	कोई खास बात नहीं।	Nothing special. नथिंग स्पेशल.
20.	**आइए।**	**Welcome!** वेल्कम!
21.	**भरोसा रखें।**	**Rest assured.** रेस्ट अश्योर्ड.
22.	बहुत दिन से देखा नहीं।	Long time no see. लौंग टाइम नो सी.
23.	अच्छा चलते हैं/ गुड बाइ!	Goodbye ! गुड बाइ!
24.	आपको भी विदा!	Bye bye ! बाइ बाइ!
25.	ज़रा-सा भी नहीं!	Not the least ! नॉट द लीस्ट!

ये लगभग सभी वाक्यांश हैं, पूर्ण वाक्य नहीं, पर इनसे पूर्ण वाक्य जैसा काम लिया जाता है।

B

आज्ञा या आदेश के वाक्य (Sentences of Command/Order)

1.	**रुको।**	**I say stop.** स्टॉप.
2.	**बोलो।**	**Speak.** स्पीक.
3.	**सुनो।**	**Listen.** लिसन.
4.	**यहां ठहरो।**	**Wait here.** वेट हिअर.
5.	**इधर आओ।**	**Come here.** कम हिअर.
6.	**इधर देखो।**	**Look here.** लुक हिअर.
7.	**यह लो।**	**Take it.** टेक इट.
8.	**पास आओ।**	**Come near.** कम निअर.
9.	**बाहर इंतज़ार करो।**	**Wait outside.** वेट आउटसाइड.
10.	**ऊपर जाओ।**	**Go up.** गो अप.
11.	**नीचे जाओ।**	**Go Down.** गो डाउन.
12.	**उतर जाओ।**	**Get off.** गेट ऑफ़.
13.	**तैयार हो जाओ।**	**Be Ready./Get ready.** बी रेडी/गेट रेडी.
14.	**चुप रहो।**	**Keep quiet.** कीप क्वायट.
15.	**सावधान रहो।**	**Be careful./Be cautious.** बी केअरफ़ुल/बी कॉशस.
16.	**धीरे चलो।**	**Go slowly./Walk slowly.** गो स्लोली/वॉक स्लोली.
17.	**तुरन्त जाओ।**	**Go at once.** गो एट वन्स.
18.	**यहां रुको।**	**Stop here.** स्टॉप हिअर.
19.	**सीधे जाओ।**	**Go straight.** गो स्ट्रेट.
20.	**चले जाओ/निकल जाओ।**	**Go away/Get out.** गो अवे/गेट आउट.

कर्त्ता न होते हुए भी ये पूर्ण वाक्य हैं, क्योंकि इनमें क्रियाएं अपने स्थान पर हैं। ये आदेश (Command) के वाक्य हैं। इनमें You (तुम) यानि कि कर्त्ता अर्थ को देखते हुए अपनी ओर से लगाना पड़ता है — अर्थात्, 'You' understood है।

याद रखें (Remember)

1 . ऊपर B भाग में सभी आज्ञा या आदेश के वाक्य हैं। आप इन्हें थोड़े से प्रयत्न से प्रार्थनासूचक वाक्यों में भी बदल सकते हैं। ऊपर के सभी वाक्यों से पहले ' Please ' जोड़ें। पहला वाक्य इस प्रकार बनेगा — Please stop . (ज़रा रुकिए). इसी तरह सभी वाक्य बनेंगे। इस तरह इन वाक्यों की क्रियाओं का अर्थ आदर सूचक हो जायेगा।

2 . जब आप अपने अधिकारी से अवकाश मांगें या ऐसी ही कोई और प्रार्थना करें, वहां Please के स्थान पर Kindly का प्रयोग करें, जैसे — (i) कृपया मुझे एक दिन का अवकाश प्रदान करें. Kindly grant me leave for one day. (ii

) कृपया मामले की जांच-पड़ताल करें Kindly look into the matter . इन दोनों वाक्यों में Please शब्द का प्रयोग उचित नहीं है, Kindly शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए।

3. Don’t — Do not शब्द का संक्षिप्त रूप है तथा can’t — can not का।
4 . आदेश और प्रार्थना के वाक्य 9 वें दिन में देखिए।

5पांचवां दिन
th Day

वर्तमान काल (Present Tense)

अंग्रेज़ी भाषा में Present Tense की क्रिया को चार रूपों में बांटा गया है: 1. Ram studies . (राम स्टडीज़.) राम पढ़ता है। 2. Ram is studying . (राम इज़ स्टडींग) राम पढ़ रहा है। 3. Ram has studied . (राम हैज़ स्टडीड) राम ने पढ़ लिया है। 4. Ram has been studying since morning . (राम हैज़ बीन स्टडींग सिंस मॉर्निंग.) राम सुबह से पढ़ रहा है। यहां पहले वाक्य में क्रिया वर्तमान काल की तो है, पर समय निश्चित नहीं है। Ram studies . राम पढ़ता है, परन्तु यह पता नहीं कि कब से पढ़ता है? दूसरे वाक्य में वर्तमान काल की क्रिया 'चल रही है' Ram is studying . यानि राम इस समय पढ़ रहा है। तीसरे भेद में — Ram has studied — राम ने पढ़ लिया है, अर्थात् क्रिया पूरी हो चुकी है, पर उसे अधिक समय नहीं बीता। और चौथे भेद में Ram has been studying since morning . — अर्थात् क्रिया एक निश्चित समय से चल रही है। इन्हें क्रमश: Present Indefinite, Present Continuous, Present Perfect और Present Perfect Continuous कहा जाता है।

A

— Does/Do —

मनीष : क्या, तुम अंग्रेज़ी पढ़ते हो?	**Manish :** *Do* you study English? डू यू स्टडी इंगलिश?
श्यामल : हां।	**Shyamal :** Yes, I *do*. येस, आइ डू.
मनीष : क्या लता तुम्हारे घर आती है?	**Manish :** *Does* Lata come to your house? डज़ लता कम टु योर हाउस?
श्यामल : हां, वह कभी-कभी आती है।	**Shyamal :** Yes, she comes sometimes. येस, शी कम्ज़ समटाइम्ज़.
मनीष : क्या दूसरे मित्र भी तुम्हारे पास आते हैं?	**Manish :** *Do* other friends also come to you? डू अदर फ्रेंन्ड्ज़ ऑल्सो कम टु यू?
श्यामल : हां, वे भी आते हैं।	**Shyamal :** Yes, they *do*. येस दे डू.
मनीष— क्या तुम मुम्बई रहते हो?	**Manish :** *Do* you stay in Mumbai? डू यू स्टे इन मुम्बई ?
श्यामल — नहीं, मैं कोलकाता रहता हूं।	**Shyamal :** No, I stay in Kolkata. नो, आइ स्टे इन कोलकाता.

B

— Is/Are/Am —

बाला : क्या यही पुस्तक तुम्हें चाहिए?	**Bala :** *Is* this the book you are looking for ? इज़ दिस द बुक यू आर लुकिंग फ़ॉर?
मधु : हां, यही पुस्तक मुझे चाहिए।	**Madhu :** Yes, this *is* it. येस, दिस इज़ इट.
बाला : क्या रीटा फ़िल्म देख रही है?	**Bala :** *Is* Rita watching a movie? इज़ रीटा वॉचिंग अ मूवी?
मधु : नहीं, वह वीडियो गेम खेल रही है!	**Madhu :** No, she *is* playing a Video game. नो. शी इज़ प्लेइंग अ वीडियो गेम.
बाला : क्या तुम अब बाज़ार नहीं जा रही हो?	**Bala :** *Are* you not going to market now? आर यू नॉट गोइंग टू मार्केट नाउ?
मधु : नहीं!	**Madhu :** No, I *am* not. नो आइ ऐम नॉट.
बाला : क्या तुम्हारे पिता जी सरकारी नौकरी करते हैं?	**Bala :** *Is* your father in government service? इज़ योर फ़ादर इन गवर्नमेण्ट सर्विस?
मधु : नहीं, मेरे पिताजी व्यापारी हैं।	**Madhu :** No, he *is* a businessman. नो, ही इज़ ए बिज़नेसमैन.
बाला : क्या तुम्हारा भाई किसी परीक्षा की तैयारी कर रहा है?	**Bala :** *Is* your brother preparing for some examination? इज़ योर ब्रदर प्रिपेरिंग फ़ॉर सम इग्ज़ैमिनेशन
मधु : हां, वह आई. ए. एस. परीक्षा की तैयारी कर रहा है।	**Madhu :** Yes, he *is* preparing for the I. A. S. examination. येस, ही इज़ प्रिपेरिंग फ़ॉर दि आई. ए. एस. इग्ज़ैमिनेशन.

C

— Has/Have —

मोहन : क्या तुमने राधा को कोई पत्र लिखा है?	**Mohan :** *Have* you written any letter to Radha? हैव यू रिटन एनी लेटर टु राधा?
भानु : हां!	**Bhanu :** Yes, I *have.* येस, आइ हैव.
मोहन : क्या उसने तुम्हारे पत्र का उत्तर दिया है?	**Mohan :** *Has* she replied to your letter? हैज़ शी रिप्लाइड टु योर लेटर?
भानु : नहीं।	**Bhanu :** No, She *hasn't.* नो, शी हैज़न्ट.
मोहन : क्या तुमने खाना खा लिया है?	**Mohan :** *Have* you taken your meals? हैव यू टेकन योर मील्ज़?
भानु : नहीं, मैंने सुबह का नाश्ता काफी भारी किया था।	**Bhanu :** No, I had a heavy breakfast in the morning. नो, आइ हैड ए हैवी ब्रेकफ़ास्ट इन द मॉर्निंग.
मोहन : क्या, तुम उसके घर गये थे?	**Mohan :** Did you go to his place? डिड यू गो टू हिज़ प्लेस?
भानु : नहीं, अभी मुझको जाना है।	**Bhanu :** No, I *have* yet to go. नो, आइ हैव येट टु गो.

D

— Has been/Have been —

श्याम : तुम सुबह से क्या कर रहे हो?	**Shayam :** What have you been doing since morning? वॉट हैव यू बीन डूइंग सिंस मॉर्निंग?
गोपाल : यह किताब पढ़ रहा हूं।	**Gopal :** *I have been* reading this book. आइ हैव बीन रीडिंग दिस बुक.
श्याम : क्या कल से यहां भी बरसात हो रही है?	**Shyam :** Has it been raining here also since yesterday? हैज़ इट बीन रेनिंग हिअर ऑल्सो सिंस येस्टरडे?
गोपाल : हां, हो तो रही है, पर रुक-रुक कर।	**Gopal :** Yes, it *has been,* but not continuously. येस, इट हैज़ बीन, बट नॉट कन्टिनुअसलि.
श्याम : क्या पानी काफी देर से उबल रहा है?	**Shyam :** *Has* the water been boiling for long? हैज़ द वॉटर बीन बॉयलिंग फ़ॉर लौंग.
गोपाल : नहीं, अभी थोड़ी देर से ही उबल रहा है।	**Gopal :** No, it *has been* boiling only for a little time. नो, इट हैज़ बीन बॉयलिंग ओन्ली फ़ॉर अ लिटिल टाइम.
हम इस घर में दस वर्षों से रह रहे हैं।	We *have been* living in this house for ten years. वी हैव बीन लिविंग इन दिस हाउस फॉर टेन ईयर्ज़.
वह पिछली जनवरी से एक नये प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।	He *has been* working on a new project since January. ही हैज़ बीन वर्किंग ऑन अ न्यू प्रोजेक्ट सिन्स जैनुअरी.

याद रखें (Remember)

इन वाक्यों को ध्यान से देखिए:

1. You are writing a letter (यू आर राइटिंग अ लेटर). तुम पत्र लिख रहे हो।
2. You have written a letter (यू हैव रिटन अ लेटर). तुम पत्र लिख चुके हो।

ये दोनों सकारात्मक (Affirmative) वाक्य हैं, इनको नकारात्मक (Negative) तथा प्रश्नात्मक (Interrogative) वाक्यों में इस प्रकार बदला जा सकता है:

नकारात्मक (Negative)	प्रश्नात्मक (Interrogative)
1. You are **not** writing a letter.	1. **Are** you writing a letter?
2. You have **not** written a letter.	2. **Have** you written a letter?

आपने देखा कि सकारात्मक वाक्यों को नकारात्मक वाक्य बनाने के लिए सहायक क्रिया are, have के बाद not जोड़ना पड़ता है। इसी तरह प्रश्नात्मक वाक्यों में सहायक क्रियाएं, are, have वाक्य के शुरू में आ गई हैं। इससे हमने सीखा कि Present Continuous Tense तथा Present Perfect Tense में सकारात्मक से नकारात्मक तथा प्रश्नात्मक वाक्य आसानी से बनाये जा सकते हैं।

अब Present Indefinite Tense के उदाहरण लीजिए:

1. You write a letter (यू राइट अ लेटर). तुम पत्र लिखते हो।
2. I read English (आइ रीड इंगलिश). मैं अंग्रेज़ी पढ़ता हूं।

अब इनके नकारात्मक तथा प्रश्नात्मक वाक्य देखिए:

नकारात्मक (Negative)	प्रश्नात्मक (Interrogative)
1. You **do not** write a letter.	1. **Do** you write a letter?
2. I **do not** read English.	2. **Do** I read English?

इस Tense में Do या Does जोड़ा जाता है, तभी नकारात्मक या प्रश्नात्मक वाक्य बनते हैं। Do का प्रयोग बहुवचन कर्ता के साथ और Does का प्रयोग एकवचन कर्ता के साथ होता है, पर I तथा You दोनों के साथ Do का ही प्रयोग होता है Does का कभी भी नहीं।

6 छठा दिन
th Day

भूतकाल (Past Tense)

अंग्रेज़ी भाषा में भूतकाल की क्रिया को भी (वर्तमान की तरह) मुख्य चार भेदों में बांटा गया है:

1. Ram studied . (राम स्टडीड). 2. Ram was studying . (राम वॉज़ स्टडींग). 3. Ram had studied . (राम हैड स्टडीड). 4. Ram had been studying since morning . (राम हैड बीन स्टडींग सिंस मॉर्निंग), अर्थात् क्रमश: राम पढ़ा, राम पढ़ रहा था, राम ने पढ़ लिया था तथा राम सुबह से पढ़ रहा था। Ram Studied — राम पढ़ा, इससे पता चलता है कि क्रिया बीते समय में पूरी हो गई, पर यह पता नहीं लगता कि कब हुई (Past Indefinite); Ram was studying — राम पढ़ रहा था, इससे ज्ञात होता है कि क्रिया ज़ारी थी, खत्म नहीं हुई थी (Past Continuous); Ram had studied — राम ने पढ़ लिया था अर्थात् क्रिया बहुत पहले पूरी हो गई थी (Past Perfect); Ram had been studying since morning — राम सुबह से पढ़ रहा था अर्थात् क्रिया एक निश्चित समय से चल रही थी (Past Perfect Continuous)।

E

— Did —

अध्यापिका : क्या तुम कल जल्दी उठीं?	**Teacher :** *Did* you get up early yesterday? डिड यू गेट अप अर्ली येस्टर्डे?
उमा : जी मैडम।	**Uma :** Yes, madam, I *did*. येस मैडम, आइ डिड.
अध्यापिका : क्या तुमने डबल रोटी और मक्खन खाया?	**Teacher :** *Did* you have bread and butter? डिड यू हैव ब्रेड ऐंड बटर?
उमा : जी हां मैडम। खाया।	**Uma :** Yes madam, I *did*. येस मैडम, आइ डिड.
अध्यापिका : क्या रजनी तुम्हारे पास दोपहर को आयी थी?	**Teacher :** *Did* Rajni come to you at noon? डिड रजनी कम टु यू ऐट नून?
उमा : नहीं।	**Uma :** No, she *didn't*. नो, शी डिडन्ट.
अध्यापिका : क्या तुमने रात को यह निबन्ध लिखा?	**Teacher :** *Did* you write this essay at night? डिड यू राइट दिस एसे ऐट नाइट?
उमा : मैंने नहीं, मेरे भाई ने लिखा।	**Uma :** No, I *didn't*, my brother did. नो आइ डिडन्ट, माइ ब्रदर डिड.
अध्यापिका : क्या तुमने स्कूल आने से पहले अपना बिस्तर ठीक किया?	**Teacher :** *Did* you make your bed before coming to school? डिड यू मेक योर बेड बिफ़ोर कमिंग टु स्कूल?
उमा : जी मैडम मैंने किया?	**Uma :** Yes madam, I *did*. येस मैडम, आइ डिड.
अध्यापिका : क्या तुमने कल अपना पाठ याद किया?	**Teacher :** *Did* you learn your lesson yesterday? डिड यू लर्न योर लेसन यस्टर्डे?
उमा : नहीं, मैंने नहीं किया।	**Uma :** No, I *didn't*. नो आइ डिडन्ट.

F

— Was/Were —

अध्यापक : क्या कल तुम बाज़ार गए थे?	**Teacher :** *Were* you out shopping yesterday? वर यू आउट शॉपिंग येस्टरडे?
रमेश : जी सर! मैं मार्केट गया था।	**Ramesh :** Yes sir, I *was*. येस सर, आइ वॉज़.
अध्यापक : क्या तुम चलते-चलते पुस्तक नहीं पढ़ रहे थे?	**Teacher :** *Were* you not reading a book while walking? वर यू नॉट रीडिंग ए बुक वाइल वॉकिंग?
रमेश : जी, पढ़ रहा था।	**Ramesh :** Yes Sir, I *was*. येस सर, आइ वॉज़.
अध्यापक : क्या रमा भी चलते-चलते पढ़ रही थी?	**Teacher :** *Was* Rama also reading while walking? वॉज़ रमा ऑल्सो रीडिंग वाइल वॉकिंग?
रमेश : नहीं, वह केवल सुन रही थी।	**Ramesh :** No, she *was* just listening. नो, शी वॉज़ जस्ट लिसनिंग.
अध्यापक : क्या तुम्हारे घर में तुम्हारी बुआ गा रही थी?	**Teacher :** *Was* your aunt singing at your house? वॉज़ योर आन्ट सिंगिंग ऐट योर हाउस?
रमेश : नहीं, मेरी बहिन गा रही थी।	**Ramesh :** No, it *was* my sister. नो इट वॉज़ माइ सिस्टर.
राधा : क्या तुम अखबार पढ़ रही थीं?	**Radha :** *Were* you reading the newspaper? वर यू रीडिंग द न्यूज़ पेपर?
सुधा : हां, पढ़ रही थी।	**Sudha :** Yes, I *was*. येस आइ वॉज़.

G

— Had —

कमल : क्या तुम सिनेमा नहीं गए थे?	**Kamal :** *Had* you not gone to the Cinema? हैड यू नॉट गॉन टु द सिनेमा?
विमल : नहीं।	**Vimal :** No I *had* not. नो, आइ हैड नॉट.
रमा : क्या वह दुकान बंद कर चुका था?	**Rama :** *Had* he closed the shop? हैड ही क्लोज़्ड द शॉप?
राधा : हां, कर चुका था।	**Radha :** Yes, he *had.* येस, ही हैड.
राम : क्या वह आपको कल तक नहीं मिला था?	**Ram :** *Had* he not met you till yesterday? हैड ही नॉट मेट यू टिल येस्टरडे?
श्याम : नहीं, वह कल तक मुझे नहीं मिला था।	**Shyam :** No, he *hadn't.* नो, ही हैडन्ट.
रमन : क्या तुम कल खेलने नहीं गए थे?	**Raman :** *Had* you not gone to play yesterday? हैड यू नॉट गॉन टु प्ले येस्टरडे?
सुधीर : नहीं, मैं नहीं गया था।	**Sudhir :** No, I *had* not. नो, आइ हैड नॉट.
सचिन : क्या तुम रोहित से पहले कहीं मिल चुके थे?	**Sachin :** *Had* you met Rohit anywhere before. हैड यू मेट रोहित एनीवेअर बिफ़ोर?
अनुज़ : हां मैं उसे दो साल पहले शिमला में मिला था।	**Anuj :** Yes, I *had* met him in Shimla two years ago. येस आइ हैड मेट हिम इन शिमला टू ईयर्ज़ अगो.
नीरज : क्या तुम्हारे स्टेशन पहुंचने से पहले गाड़ी जा चुकी थी?	**Neeraj :** *Had* the train left before you reached the station? हैड द ट्रेन लेफ़्ट बिफ़ोर यू रीच्ड द स्टेशन?
सौरभ : हां जा चुकी थी।	**Saurabh :** Yes, it *had.* येस इट हैड.
सीमा : क्या तुम्हारी मां तुम्हारे घर पहुंचने से पहले बाज़ार जा चुकी थीं?	**Seema :** *Had* your mother gone to market before you reached home? हैड योर मदर गॉन टु मार्किट बिफ़ोर यू रीच्ड होम?
मीरा : नहीं, वे नहीं जा चुकी थीं।	**Meera :** No, she *hadn't.* नो शी हैडन्ट.

H

— Had been —

नरेश : क्या तुम कल पिछले दो घंटे से पढ़ रहे थे ?	**Naresh :** *Had* you been studying for the last two hours yesterday? हैड यू बीन स्टडींग फ़ॉर द लास्ट टू आवर्ज़ येस्टरडे ?
रमेश : हां, क्योंकि मैं अपना काम खत्म करके पिक्चर देखने की योजना बना रहा था।	**Ramesh :** Yes, because I *had been* planning to see a film after finishing my work. येस, बिकॉज़ आइ हैड बीन प्लैनिंग टु सी अ फ़िल्म आफ़्टर फ़िनिशिंग माइ वर्क.
नरेश : पर तुम्हारे साथ राम भी क्यों पढ़ रहा था ?	**Naresh :** But, Why *had* Ram also been studying with you? बट, वाइ हैड राम ऑल्सो बीन स्टडींग विद यू ?
रमेश : क्योंकि वह भी मेरे साथ पिक्चर के लिए जाने की जिद कर रहा था।	**Ramesh :** Because, he *had* also *been* insisting on going with me for the film. बिकॉज़, ही हैड ऑल्सो बीन इंसिस्टिंग ऑन गोइंग विद मी फ़ॉर द फ़िल्म.
नरेश : पर तुम्हारी माताजी तो कह रहीं थीं कि तुम कुछ दोस्तों के साथ घूमने का प्रोग्राम बना रहे थे।	**Naresh :** But, your mother was saying that you *had been* planning to go out with some friends. बट, योर मदर वॉज सेइंग दैट यू हैड बीन प्लैनिंग टु गो आउट विद सम फ्रेंड्ज.
रमेश : हां, पहले हम ऐसा ही कुछ सोच रहे थे, पर बाद में प्रोग्राम बदल गया।	**Ramesh :** Yes, previously we *had been* planning something of the sort, but later we changed our programme. येस, प्रीवियसली वी हैड बीन प्लैनिंग समथिंग ऑफ़ द सोर्ट, बट लेटर वी चेंज्ड आवर प्रोग्राम.

याद रखें (Remember)

अब हम Past Tense के सकारात्मक (Affirmative) वाक्यों से नकारात्मक (Negative) तथा प्रश्नात्मक (Interrogative) वाक्य बनाते हैं। नियम वही है कि Past Indefinite Tense में did सहायक क्रिया बढ़ाई जाती है। Past Continuous Tense में was, were तथा Past Perfect Tense में had के बाद निषेधात्मक वाक्यों में not बढ़ जाता है। इसी प्रकार प्रश्नात्मक वाक्यों में यही सहायक क्रियाएं did, was, were तथा had वाक्यों में सबसे पहले प्रयोग में आती हैं।

Affir: I ate bread and butter. (आइ एट ब्रेड ऐंड बटर). मैंने डबलरोटी और मक्खन खाया।
Neg: I did not eat bread and butter. **Int:** Did I eat bread and butter?
Affir: You were reading a book.(यू वर रीडिंग अ बुक). तुम पुस्तक पढ़ रहे थे।
Neg: You were not reading a book. **Int:** Were you reading a book?
Affir: You had read a book. (यू हैड रेड अ बुक). तुमने पुस्तक पढ़ ली थी।
Neg: You had not read a book. **Int:** Had you read a book?

7सातवां दिन
th Day

भविष्यत् काल (Future Tense)

भविष्यत् काल की क्रिया को भी, अंग्रेज़ी में मुख्य चार भेदों में बांटा गया है: 1. Ram will study. (राम विल स्टडी) 2. Ram will be studying. (राम विल बी स्टडींग) 3. Ram will have studied. (राम विल हैव स्टडीड) 4. Ram will have been studying since morning. (राम विल हैव बीन स्टडींग सिंस मॉर्निंग) वर्तमान काल, भूतकाल और भविष्यत्काल की तरह इन्हें क्रमशः Future Indefinite, Future Continuous, Future Perfect और Future Perfect Continuous कहा जाता है।

I

— Will/Shall —

गोविन्द : क्या तुम खेलोगे?	**Govind :** *Will* you play? विल यू प्ले?
राम : नहीं, खेलूंगा।	**Ram :** No, I *Won't.* नो, आइ वोन्ट.
गोविन्द : क्या तुम कल आओगे?	**Govind :** *Will* you come tomorrow? विल यू कम टुमॉरो?
राम : हां, आऊंगा।	**Ram :** Yes, *I will.* येस, आइ विल.
गोविन्द : क्या तुम रात को यहां ठहरोगे?	**Govind :** *Will* you stay here tonight? विल यू स्टे हिअर टुनाइट?
राम : नहीं, मैं लौट जाऊंगा।	**Ram :** No, *I'll* go back. नो, आइल गो बैक.
गोविन्द : क्या तुम शुक्रवार को राजा से मिलोगे।	**Govind :** *Will* you see Raja on Friday? विल यू सी राजा ऑन फ्राइडे?
राम : नहीं, मैं घर पर तुम्हारी प्रतीक्षा करूंगा।	**Ram :** No, *I'll* Wait for you at home. नो, आइल वेट फ़ॉर यू ऐट होम.

J

— Will be/Shall be —

अमिताभ : क्या कल तुम इस समय गाड़ी में यात्रा कर रहे होगे?	**Amitabh :** *Will you be* in the train at this time tomorrow? विल यू बी इन द ट्रेन ऐट दिस टाइम टुमॉरो?
राकेश : हां, मैं कल इस समय कानपुर पहुंच रहा होऊंगा।	**Rakesh :** Yes, *I'll be* about to reach Kanpur at this time tomorrow. येस, आइल बी अबाउट टु रीच कानपुर ऐट दिस टाइम टुमॉरो.
अमिताभ : क्या हम कल इस समय मैच नहीं खेल रहे होंगे?	**Amitabh :** *Shall* we not be playing a match at this time tomorrow? शैल वी नॉट बी प्लेइंग अ मैच ऐट दिस टाइम टुमॉरो?
राकेश : हां।	**Rakesh :** Yes, *we will be.* येस, वी विल बी.
अमिताभ : क्या हम शिमला बार-बार आते रहेंगे?	**Amitabh :** *Shall* we *be* coming to Simla again and again? शैल वी बी कमिंग टु शिमला अगेन ऐंड अगेन?
राकेश : नहीं।	**Rakesh :** No, we *Won't be.* नो, वी वोन्ट बी.

K

— Will have/Shall have —

मीनाक्षी : क्या वह जा चुकी होगी?	**Meenakshi :** *Will* she *have* gone? विल शी हैव गॉन?
रजनी : नहीं।	**Rajni :** No, she *won't* have. नो, शी वोन्ट हैव.
मीनाक्षी : क्या तुम अगले मास तक कालका से आ चुकी होओगी।	**Meenakshi :** *Will* you have come back from Kalka by next month? विल यू हैव कम बैक फ्रॉम कालका बाइ नेक्स्ट मन्थ?
रजनी : हां, मैं तब तक वहां से आ चुकी होऊंगी।	**Rajni :** Yes, *I'll have* come back by then. येस, आइल हैव कम बैक बाइ देन.
मीनाक्षी : क्या कल इस समय तक तुम परीक्षा दे चुकी होगी?	**Meenakshi :** *Will* you *have* taken your test by this time tomorrow? विल यू हैव टेकन योर टेस्ट बाइ दिस टाइम टुमॉरो.
रजनी : हां, मैं अपने जीवन का एक महत्त्वपूर्ण अध्याय समाप्त कर चुकी होऊंगी।	**Rajni :** Yes, I *will have* finished an important chapter of my life. येस, आइ विल हैव फ़िनिश्ड एन इम्पॉर्टेन्ट चैप्टर ऑफ़ माइ लाइफ़.
मीनाक्षी : क्या तेरा भाई कनाडा से आ चुका होगा?	**Meenakshi :** *Will* your brother *have* returned from Canada? विल योर ब्रदर हैव रिटर्न्ड फ्रॉम कैनेडा?
रजनी : नहीं, वे कनाडा से नहीं आ चुके होंगे।	**Rajni :** No, he *won't have.*नो, ही वोन्ट हैव.

L

— Will have been/Shall have been —

प्रभात : क्या कल तुम इस समय सो रहे होगे?	**Prabhat :** *Will* you *have been* sleeping at this time tomorrow? विल यू हैव बीन स्लीपिंग ऐट दिस टाइम टुमॉरो?
सुधीर : नहीं, शायद मैं इस समय पढ़ रहा होऊंगा।	**Sudhir :** No, probably I *shall have been* studying at this time. नो, प्रोबैब्ली आइ शैल हैव बीन स्टडींग ऐट दिस टाइम.
प्रभात : और, तुम्हारा भाई राजीव क्या कर रहा होगा?	**Prabhat :** And, What *will* your brother, Rajiv *have been* doing? ऐंड, वॉट विल योर ब्रदर, राजीव हैव बीन डूइंग?
सुधीर : वह शिमला जाने की तैयारी कर रहा होगा।	**Sudhir :** He *will have been* preparing to leave for Simla. ही विल हैव बीन प्रिपेरिंग टु लीव फ़ॉर शिमला.

याद रखें (Remember)

इन वाक्यों पर ध्यान दीजिए (A) I shall not play. आइ शैल नॉट प्ले. (B) He will not play. ही विल नॉट प्ले. पहले वाक्य में 'I' के साथ shall आया है और दूसरे वाक्य में 'He' के साथ will आया है। ये साधारण भविष्यत् काल की क्रिया को सूचित करते हैं। नियम यह है कि साधारणतया अन्य पुरुष He, She, They, It, Ram आदि और मध्यम पुरुष you के साथ will का प्रयोग किया जाता है, और उत्तम पुरुष I, We के साथ Shall का, लेकिन यदि I, We के साथ will का तथा He, She, It, They, You आदि के साथ shall का प्रयोग होता है, तो वहां उसका अर्थ निकलता है कि बात को अधिक ज़ोर देकर कहा जा रहा है, जैसे: (1) I will not play tomorrow. (2) You shall not return. इन वाक्यों का अर्थ इस प्रकार है: 1. मैंने कल न खेलने का निश्चय किया है अथवा में कल बिलकुल नहीं खेलूंगा। 2. तुम लौटोगे कतई नहीं।

8 आठवां दिन
th Day

कुछ महत्वपूर्ण सहायक क्रियाएं (Some Important Helping Verbs)

Can, Could, May, Might, Must/Ought (to), Should/Would

अब तक आपने तीनों कालों (Tenses) की क्रियाओं का अभ्यास किया है। वहां भी आपने सहायक क्रियाओं (Special Verbs अर्थात् helping Verbs) का सहारा लिया था। चलिए, अब कुछ और सहायक क्रियाओं का अभ्यास करें। Can (कैन) और May (में) ये सहायक क्रियाएं हैं, दोनों का अर्थ है — 'सकना'। पर इस 'सकना' के अर्थों में भेद है, जिसे आप नीचे दिये गये वाक्यों में स्वयं समझ सकेंगे। ' Could ' Can का भूतकाल है। ' Might have ' may का भूतकाल है। Could और would से वाक्य शुरू करने पर request या आग्रह का भाव आता है।

— Can —

रजनी : क्या तुम सितार बजा सकती हो?	**Rajni :** *Can* you play sitar? कैन यू प्ले सितार?
शशि : हां, मैं बांसुरी भी बजा सकती हूं।	**Shashi :** yes, I *can* play the flute as well. येस आइ कैन प्ले द फ़्लूट ऐज़ वैल.
रजनी : क्या तुम मेरी पुस्तकें लौटा सकती हो?	**Rajni :** *Can* you return my books? कैन यू रिटर्न माइ बुक्स?
शशि : नहीं, मैं वे अभी नहीं लौटा सकती।	**Shashi :** No, I *can't* return them yet. नो आइ कान्ट रिटर्न देम येट.
रजनी : क्या तुम संस्कृत पढ़ सकती हो?	**Rajni :** Can you read Sanskrit? कैन यू रीड संस्कृत?
शशि : हां।	**Shashi :** yes, I *can.* येस, आइ कैन.

— May —

छात्र : क्या मैं अन्दर आ सकता हूं।	**Student :** *May* I come in Sir? मे आइ कम इन सर?
अध्यापक : हां, आओ।	**Teacher :** Yes, you *may.* येस, यू मे.
छात्र : क्या मैं बाल सभा में सम्मिलित हो सकता हूं?	**Student :** *May* I attend Bal Sabha, Sir? मे आइ अटेण्ड बाल सभा, सर?
अध्यापक : हां, बड़ी खुशी से।	**Teacher :** Yes, with great pleasure/of course. येस, विद ग्रेट प्लेज़र/ऑफ़ कोर्स.
छात्र : क्या मैं सुरेश के साथ जा सकता हूं, सर?	**Student :** Sir, *may* I accompany Suresh? सर, मे आइ अकम्पनी सुरेश?
अध्यापक : नहीं। तुम पहले अपना काम पूरा करो।	**Teacher :** No. You better finish your work first. नो. यू बेटर फ़िनिश योर वर्क फ़र्स्ट.

— Could —

राजू : क्या तुम यह काम अकेले कर सके?	**Raju :** *Could* you do this work alone? कुड यू डू दिस वर्क अलोन?
सुरेश : नहीं, मैं इसे अकेला नहीं कर सका।	**Suresh :** No, I *couldn't.* नो, आइ कुडन्ट.
राजू : क्या वह समय पर तुम्हारी मदद कर सकी?	**Raju :** *Could* she help you in time? कुड शी हेल्प यू इन टाइम?
सुरेश : हां, कर सकी।	**Suresh :** Yes, she *could.* येस, शी कुड.
राजू : क्या तुम मेरे लिए पानी ला सकते हो?	**Raju :** *Could* you bring me a glass of water? कुड यू ब्रिंग मी अ ग्लास ऑफ़ वॉटर?
सुरेश : खुशी से।	**Suresh :** With *pleasure.* विद प्लेज़र.

— Might/Must/Ought (to)/Would/should —

शायद सोहन ने उसकी मदद की।	Sohan *might* have helped him. सोहन माइट हैव हेल्प्ड हिम.
शायद वह यहां आया होगा।	He *might* have come here. ही माइट हैव कम हिअर.
मुझे उसके विवाह पर अवश्य जाना चाहिए।	I *must* attend his marriage. आइ मस्ट अटेण्ड हिज़ मैरिज.
मुझे दस बजे तक घर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।	I *must* reach home by 10 O'clock. आइ मस्ट रीच होम बाइ टेन ओ' क्लॉक.
हमें अपने से छोटों से प्यार करना चाहिए।	We *ought* to love our youngers. वी ऑट टू लव आवर यंगर्ज़.
ज़रा यह चिट्ठी पोस्ट कर देंगे?	*Would* you post this letter please? वुड यू पोस्ट दिस लेटर प्लीज़?
तुम्हें कक्षा में अधिक नियमित रूप से जाना चाहिए।	You *should* attend the class more regularly. यू शुड अटेण्ड द क्लास मोर रेगुलरली.

याद रखें (Remember)

1. (a) Can I walk? (a) May I walk?
   (b) Can you do this job? (b) May I do this job?
   (c) Can you sing a song? (c) May I sing a song?

   ऊपर दिये गये Can वाले वाक्यों में शक्ति, समर्थता आदि भावों का बोध होता है, और May वाले वाक्यों से अनुमति, आज्ञा मांगने अथवा इच्छा आदि भाव प्रकट होते हैं। Can I walk? का अर्थ है कि क्या मुझमें चलने-फिरने की शक्ति है? इसी तरह May I walk? का मतलब इजाज़त मांगने से है — क्या मैं सैर कर लूं?

वैसे तो लोग कहीं-कहीं May के अर्थ में Can का प्रयोग करते हैं। यह बोलचाल में तो चलता है, पर उचित नहीं है।

2. जैसा कि पहले भी बताया गया है, could और might शब्द can और may के भूतकाल के रूप हैं, इसी तरह ought और should का प्रयोग कर्तव्य भाव (करना चाहिए) को प्रकट करने के लिए किया जाता है। इन शब्दों के अर्थ को, वाक्यों में इनका प्रयोग करके अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।

9नवां दिन
th Day

आज्ञा और प्रार्थना के वाक्य (Sentences of Order and Request)

नीचे आज्ञा तथा प्रार्थना के कुछ वाक्य दिये गये हैं। ये विध्यर्थक वाक्य अर्थात् imperative mood के वाक्य कहलाते हैं। उक्त 'मूड' (Mood) में कोई 'टेन्स' (Tense) नहीं लगाना पड़ता। प्राय: क्रिया (Verb) के मूल रूप के साथ ही वाक्य रचना हो जाती है। इनका अभ्यास सरलता से किया जा सकता है।

विध्यर्थक क्रियाएं (Imperative Mood)

A

1.	सामने देखो।	Look ahead. लुक अहेड.
2.	आगे बढ़ो।	Go ahead. गो अहेड.
3.	गाड़ी धीरे चलाओ।	Drive slowly. ड्राइव स्लोली.
4.	अपना काम करो।	Mind your own business. माइंड योर ओन बिजनेस.
5.	वापस जाओ।	Go back. गो बैक.
6.	उसका ख़याल रखना।	Take care of him/her. टेक केअर ऑफ़ हिम/हर.
7.	सुनिए तो।	Just listen. जस्ट लिसन.
8.	जल्दी आना।	Come soon. कम सून.
9.	मुझे देखने दो।	Let me see. लेट मी सी.
10.	तैयार रहना	Be ready. बी रेडी.
11.	एक तरफ़ हो जाओ।	Move aside. मूव असाइड.
12.	सोच-समझ कर बोलो।	Think before you speak. थिंक बिफ़ोर यू स्पीक.
13.	अवश्य आना।	Do come. डू कम.

B

14. उसकी खबर देना।	Inform me about her/him. इन्फ़ार्म मी अबाउट हर/हिम.
15. मज़ाक मत करो।	Don't cut jokes. डोन्ट कट जोक्स.
16. बकवास मत करो।	Don't talk nonsense. डोन्ट टॉक नॉन्सेन्स.
17. कुछ परवाह न करो।	**Never mind.** नेवर माइण्ड.
18. मुझे अकेला छोड़ दो।	**Leave me alone.** लीव मी अलोन.
19. जाने दो।	**Let it be.** लेट इट बी.
20. कुछ तो ख़याल करो।	Have a heart हेव अ हार्ट.
21. ज़रा रुको/रुकिए।	**Hold on.** होल्ड ऑन.
22. कभी मत भूलो।	Never forget. नेवर फ़ोरगेट.
23. फिक्र मत करो।	**Don't worry.** डोन्ट वरी.

C

25. ज़रा फिर कोशिश करो।	Please try again. प्लीज़ ट्राइ अगेन.
26. ज़रा ठहरिए।	Please wait a bit. प्लीज़ वेट अ बिट.
27. आइए।	**Please come in.** प्लीज कम इन.
28. बैठिए।	**Please be seated.** प्लीज़ बी सीटिड.
29. उत्तर दीजिए।	Please reply. प्लीज़ रिप्लाइ.
30. ज़रा और ठहरिए।	Please stay a little longer. प्लीज़ स्टे ए लिटिल लौंगर.
31. मुझे शर्मिंदा मत कीजिए।	**Please don't embarrass me.** प्लीज़ डोन्ट इमबैरस मी.
32. जैसी आपकी मर्ज़ी।	As you like/As you please. ऐज़ यू लाइक / ऐज़ यू प्लीज़.
33. फिर ज़रूर आइएगा।	**Do come again.** डू कम अगेन.

D

34. असली बात पर आओ, इधर-उधर की बातें छोड़ो।	Come to the point, don't beat about the bush./Stop rambling and come to the point. कम टु द पॉइंट, डोन्ट बीट अबाउट द बुश./स्टॉप रैम्बलिंग एंड कम टु द पॉइंट.
35. पागल मत बनो।	**Don't be silly.** डोन्ट बी सिली.
36. यह खुराक लो।	Take this dose. टेक दिस डोस.
37. मेरे पीछे आओ।	Follow me/Come with me. फ़ॉलो मी./कम विद मी.
38. काम के समय काम करो, खेल के समय खेलो।	Work while you work, and play while you play. वर्क वाइल यू वर्क, ऐंड प्ले वाइल यू प्ले.
39. उचित समय पर प्रयास करो।	Strike the iron when it is hot. स्ट्राइक द आयरन वेन इट इज़ हॉट
40. जगह खाली करो।	Vacate the place. वैकेट द प्लेस.
41. ख़याल मत करो।	Never Mind. नेवर माइंड.
42. ज़ुबान पर काबू रखो।	Hold your tongue/Mind your words. होल्ड योर टंग/माइंड योर वर्ड्स.
43. इसे फ़ैक्स कर दो।	**Fax it.** फ़ैक्स इट.

E

44.	सम्पर्क बनाये रखियेगा।	Please keep in touch. प्लीज़ कीप इन टच.
45.	अपने आप पर भरोसा रखो।	Have faith in yourself. हैव फ़ेथ इन योरसेल्फ़.
46.	अपने काम से काम रखो।	Mind your own business. माइंड योर ओन बिज़नेस.
47.	अपने मन की बात कहो।	Speak your mind. स्पीक योर माइंड.
48.	तकल्लुफ़ की ज़रूरत नहीं है।	Please don't be formal. प्लीज़ डोन्ट बी फॉर्मल.
49.	यह पैकिट कूरिअर से भेज दो।	Send this packet by courier. सेंड दिस पैकिट बाइ कूरिअर.
50.	दिल खोल कर दान दें।	Donate generously. डोनेट जेनरसली.
51.	कृपया मेरी सहायता करें।	Please help me. प्लीज़ हेल्प मी.
52.	सावधानी से काम लो।	Be careful. बी केअरफ़ुल.
53.	ज़रा हाथ लगाना।	Lend me a hand please. लेंड मी अ हेंड प्लीज़.
54.	समझने की कोशिश करो।	Try to understand. ट्राइ टु अंडरस्टैंड.

याद रखें (Remember)

1. आपने देखा कि is, are, am, was, were, has, had, will, would, shall, should, can, could, may, do, did, might आदि यदि वाक्य के आरम्भ में आएं, तो प्रश्नवाचक वाक्य बनते हैं और बीच में (Subject के बाद) आएं, तो साधारण वाक्य, जैसे कि:

A	B
(1) Am I a fool?	I am not a fool.
(2) Were those your books?	Those were your books.
(3) Can I walk for a while?	You can walk for a while.
(4) May I come in?	You may come in.

2. Do और Did का प्रयोग नकारात्मक और प्रश्नात्मक वाक्य बनाने के लिए आवश्यक है। नीचे दिये वाक्यों को ध्यान से पढ़ें:

(1) मैं प्रात: जल्दी उठता हूं।	I get up early in the morning.
(2) मैं प्रात: जल्दी उठा।	I got up early in the morning.

अब इनके नकारात्मक वाक्य बनाइए:

(3) मैं प्रात: जल्दी नहीं उठता हूं।	I do not get up early in the morning.
(4) मैं प्रात: जल्दी नहीं उठा।	I did not get up early in the morning.

आपने देखा कि नकारात्मक वाक्य बनाने के लिए क्रमश: do not और did not जोड़ना पड़ा। प्रश्नवाचक वाक्य बनाने के लिए यही do और did सबसे पहले लगता है। जैसे:

(5) क्या मैं जल्दी उठता हूं ?	Do I get up early in the morning?
(6) क्या मैं जल्दी उठा ?	Did I get up early in the morning?

10 दसवां दिन

th Day

आप बिना रुके, बिना झिझके, साफ और सही अंग्रेज़ी बोलना चाहते हैं। *रैपिडैक्स कोर्स* का भी यही लक्ष्य है। इसके लिए हम कुछ सुझाव नीचे दे रहे हैं। उन्हें मान कर आप ज़ल्दी और अधिक आसानी से अंग्रेज़ी भाषा सीख सकते हैं तथा बातचीत में कुशलता और आत्मविश्वास पा सकते हैं।

1. बातचीत के लिए एक साथी बनाइये। ध्यान से रैपिडैक्स में दिये वाक्यों को पढ़िए। इस्तेमाल करने के निर्देशों का भी ध्यान रखिए। अब साथी के साथ इन वाक्यों को बोलने का अभ्यास कीजिए। बातचीत प्रश्न-उतर के रूप में की जा सकती है। ग़लतियां होंगी, पर निराश न हों। एक-दूसरे की ग़लती बता कर उसे सुधारने की कोशिश करें। धीरे-धीरे ग़लतियां कम होती जायेंगी और बातचीत की भाषा सुधरती जायेगी।
2. शीशे के सामने बैठ कर वाक्यों को बोलिए- सही भाव तथा उच्चारण के साथ बार-बार बोलिए। अभ्यास के साथ आपकी भाषा, आपका उच्चारण सुधरेगा और आपका विश्वास बढ़ेगा।

दसवें दिन के इस भाग में कुछ टेस्ट व कुछ Exercises दी गई हैं। उन्हें करने से आपका भाषा का ज्ञान बढ़ेगा और आप खुद ही जांच व परख सकेंगे कि आपने कितना सीखा है और कहां सुधार की ज़रूरत है।

अभ्यास तालिकाएं (Drill Tables)

तालिका [Table]—1



1	2	3
He She	is	ready. hungry. thirsty. tired.
I	am	
They You We	are	

तालिका [Table]—2



1	2	3
He She I	was	rich. poor.
They you We	were	pleased. sorry.

(i) तालिका 1 और 2 से 24-24 वाक्य बोलिए। फिर बोलकर किसी दूसरे को उनके अर्थ बताइए।

(ii) ऊपर की दोनों तालिकाओं के अड़तालीस वाक्य सकारात्मक (Affirmative) हैं। इनके नकारात्मक (Negative) वाक्य बनाने के लिए आप क्या करेंगे? ठीक है, is, am, are, was, were क्रियाओं के बाद not जोड़ेंगे। उदाहरण के रूप में — She is not ready. इसी प्रकार आप दोनों तालिकाओं से नकारात्मक वाक्य बनाएं।

(iii) तालिका-2 के सकारात्मक (Affirmative) वाक्यों के प्रश्नात्मक (interrogative) वाक्य बनाइए।

तालिका [Table]— 3



1	2	3
The boy His friends	did not can may must not ought to should will can not	use this train. do as I say. go for hunting. enter the cave.

ऊपर दी हुई तालिका-3 में 64 वाक्य दिये गये हैं। अपने मित्र को तालिका में से पढ़कर सुनाइए।

तालिका [Table]— 4

	1	2
(i)	Be	day after tomorrow?
(ii)	Go	Sanskrit?
(iii)	Have you written	Ramesh, sir?
(iv)	Did you wake up	this problem?
(v)	Will you come	at once.
(vi)	Can you read	to Radha?
(vii)	May I accompany	early yesterday?
(viii)	Could Rama solve	your own business.
(ix)	Mind	ready.
(x)	Don't	befool me.

तालिका-4 में 1 और 2 कॉलमों में तोड़कर दस वाक्य दिये गये हैं। ये वाक्य आपके पिछले पाठों में से लिये गये हैं। इन्हें इस प्रकार जोड़ें कि ये सभी सार्थक वाक्य बन जाएं। फिर उनका अनुवाद कीजिए।

अभ्यास (Practice)

पहला दिन

1. इन वाक्यों में कुछ गलतियां हैं। गलतियां सुधारिए और वाक्यों का अभ्यास कीजिए:
    1. Good night uncle, how are you ? (शाम छ: बजे)
    2. Is he your cousin brother ?
    3. She is not my cousin sister .
    4. Good afternoon, my son . (प्रात: नौ बजे)
    5. Good morning, mother . (दो बजे दोपहर)
2. इन वाक्यों के अंग्रेज़ी और हिन्दी के रूपों पर ध्यान दीजिए और समझिए कि दोनों भाषाओं के वाक्यों के वचन (Number) में क्या अन्तर है?
    1 . पिता **जी आए हैं।** Father **has** come .
    2 . शर्मा **जी** अभी-अभी **गए हैं।** Mr. Sharma **has** just left .
    3 . **उन्होंने आपको** फिर बुलाया है। **He** has called **you** again .

देखा अंतर? हिन्दी वाक्य 'पिताजी आए हैं' का अंग्रेज़ी में Father has come (पिता आया है) अनुवाद हुआ है। इसी प्रकार दूसरे और तीसरे वाक्य में 'जी', 'गए हैं', 'उन्होंने आपको' — ये सभी शब्द एक व्यक्ति (एकवचन) 'पिता' और 'तुम' से सम्बोधित हैं, 'बहुवचन' से नहीं, इसलिए जब भी आप हिन्दी से अंग्रेज़ी में वाक्य बनाने लगें, सबसे पहले मन में आदरसूचक वाक्य को सीधा कर लें — '(श्री) शर्मा अभी-अभी **गया है। उसने तुम्हें** बुलाया है।' फिर ऊपर लिखे वाक्य का अंग्रेज़ी में अनुवाद करने में कठिनाई नहीं होगी। (देखिए, पहला दिन, Tail Box).

दूसरा दिन

3 . शिष्टाचार की कुछ बातों को दोहरा लीजिए।

(a) आप किसी के यहां जाएं और वह आपकी बड़ी खातिर करे, तो आप कहेंगे — Thanks for your hospitality. (आपकी मेहमानवाज़ी का शुक्रिया)।

(b) I **am** very grateful to you. I **shall be** very grateful to you. You have been a great help. इन तीनों वाक्यों को पढ़कर देखिए कि इनमें क्या अन्तर है? कहां किस वाक्य का प्रयोग करना चाहिए?

कोई व्यक्ति आपके लिए आपके कहने पर, आपका कोई काम कर दे, तो आप कहेंगे — I am very grateful to you. (मैं आपकी/आपका बहुत अहसानमंद हूं)। You have been a great help. (आपने मेरी बहुत मदद की)।

इसी प्रकार जब आप किसी से अपना कोई काम करने के लिए कहें तो 'आप पहले से ही' में धन्यवाद देने के लिए कहेंगे — I shall be very grateful to you. (मैं आपका बड़ा शुक्रगुज़ार होऊंगा)।

(c) कोई आपके ही मुंह पर आपकी प्रशंसा करने लगे तो आप उसके उत्तर में कह सकते हैं — Oh, I don't deserve this praise. (मैं इस प्रशंसा के योग्य नहीं हूं)।

तीसरा दिन

4 . इन शब्दों पर ध्यान दीजिए — (a) God, gods; (b) good, goods . ये दो जोड़े हैं। God अर्थात् परमात्मा, खुदा या ईश्वर gods अर्थात् उनके देवता। ईश्वर यानी खुदा या परमात्मा एक ही है, जबकि देवता या देवदूत अनेक हैं, हर धर्म के। Good (विशेषण है) अर्थात् अच्छा, goods (संज्ञा है) अर्थात् सामान।

5 . इन शब्दों को शब्दकोश में देखिए और इनके अर्थ दोहराइए — Marvellous, Splendid, Disgraceful, Absurd, Excellent, Nonsense .

6 . इन शब्दों का आशय समझिए कि ये किस-किस भाव को प्रकट करते हैं — Nasty, Woe, Hello, Hurrah .

चौथा दिन

7 . इन वाक्यों पर ध्यान दीजिए — (a) Well begun, half done. (b) To err is human, to forgive divine. (c) Thank you. (d) Just coming . ये वाक्य देखने में अधूरे लगते हैं। a और b , वाक्यों में क्रिया गायब है। c व d वाक्यों में कर्ता गायब है। बोलचाल में ये वाक्य ऐसे ही बोले जाते हैं, परन्तु ये संक्षिप्त या अधूरे वाक्य हैं, जो पूर्ण वाक्य का काम देते हैं। अंग्रेज़ी में ऐसे वाक्यों को eliptical sentences कहा जाता है। ऐसे वाक्यों का अंग्रेज़ी में बड़ा प्रचलन है।

8. Just coming . का चौथे दिन के पहले वाक्य में अर्थ दिया है — 'मैं अभी आ रहा हूं, यहां आप पूछ सकते हैं कि क्या इसका अर्थ 'वह अभी आ रहा है' नहीं हो सकता? उत्तर होगा 'हो सकता है'। ठीक है। मान लीजिए कोई आपके घर आए

और आपसे आपके भाई के बारे में पूछे। आप अंदर जाएंगे और उसे उसके मित्र के आने की सूचना देकर जल्दी से वहां लौटेंगे और कहेंगे — Just coming . यहां पूर्ण वाक्य होगा — He is just coming .

पांचवां दिन

9 . इन वाक्यों को ध्यान से देखिए — (i) You speak English. (ii) do you speak English ? पहला सकारात्मक (Positive) वाक्य है, दूसरा प्रश्नात्मक (Interrogative)।

पहले वाक्य में 'do' special (सहायक) क्रिया आरंभ में जोड़ने से प्रश्नात्मक वाक्य बन गया है। ऐसे ही do और does सहायक क्रियाएं जोड़ कर नीचे लिखे वाक्यों से प्रश्नात्मक वाक्य बनाइये और उन प्रश्नात्मक वाक्यों का अर्थ हिन्दी में भी लिखीए — (1) You go to school. (2) You play hockey. (3) She is back from office at 6 p. m. (4) Mother takes care of her children. (5) They go for a morning walk. (6) I always work hard.

10 . प्रश्न 11 में छपे सकारात्मक वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

11 . वर्तमान काल की अन्य Special (सहायक) Verbs में से कुछ विशेष हैं — is, am, are, has, have . नीचे दिये वाक्यों में इन्हीं का प्रयोग हुआ है।



(i)	The moon *is* shining.	*Is* the moon shining?
(ii)	We *are* listening to you.	*Are* we listening to you?
(iii)	*My father* has gone out.	*Has* my father gone out?
(iv)	I *have* seen it.	*Have* I seen it?

आमने-सामने के दोनों वाक्यों को देखिए और ध्यान दीजिए कि ये Positive से Interrogative कैसे बने हैं, क्योंकि is, are, am, has, have ये सभी special verbs वाक्यों में सबसे पहले निकालकर रखे जाते हैं और लिखने के अन्त में प्रश्नवाचक चिह्न लगाते हैं। इन्हें बोलते समय tone या लहज़ा प्रश्नवाचक रखा जाता है।

अब ऊपर के आठों वाक्यों को हिन्दी में अनुवाद करके पढ़िए।

12. नीचे दिये वाक्यों को प्रश्नवाचक बनाइए और साथ ही उनका हिन्दी में रूपान्तर कीजिए:

(1) Someone *is* knocking at the door. (2) Your friends *are* enjoying themselves. (3) I *am* reading a comic. (4) It *is* Friday today. (5) Your hands *are* clean. (6) The train *has* just arrived. (7) We *have* studied English. (8) It *has* rained for two hours. (9) They *have* gone to bed. (10) You *have* already finished your dinner.

छठे से नवां दिन

13. अंग्रेज़ी में 24 सहायक क्रियाएं हैं:

(i) do, does, did, is, are, am, was, were, has, have, had, will shall, (ii) would, should, can, could may, might, must, ought (to) (iii) need, dare, used (to)

(i) पहली 13 क्रियाएं प्राय: Tenses में काम आती हैं। इनका प्रयोग आप पांचवें, छठे व सातवें दिन में देख सकते हैं।

(ii) would, should, could और might का परिचय आप आठवें दिन में प्राप्त कर चुके हैं।

आपने देखा है कि प्राय: ये सभी क्रियाएं प्रधान क्रिया की सहायता करती हैं, जैसे — I may go. प्रश्नसूचक (Interrogative) वाक्य बनाना हो तो प्राय: ये सब वाक्य के आरम्भ में आ जाती, जैसे — May I go? नकारात्मक (Negative) वाक्य बनाना हो तो इन सहायक क्रियाओं के बाद और मुख्य क्रियाओं से पहले not जुड़ता है, जैसे — I may not go.

14. नीचे दिये गये प्रश्नात्मक वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

(1) Must I tell you again? (2) Must she write first? (3) Can't you find your book? (4) Could they repair it for me? (5) Could you show me the way? (6) Won't she be able to get the cinema tickets? (7) Won't you be able to come to see us? (8) Should he go to bed early? (9) Should not the rich help the poor? (10) Dare I do it? (11) Need you be told to be careful? (12) May I have the room? (13) May I accompany you? (14) Should I ask him first? (15) Would you wait for a few minutes? (16) Did he give you money often?

15. अब आप जानते हैं कि must, ought, need, dare, used (to) ये सहायक क्रियाएं (special verbs) अन्य क्रियाओं के समान ही प्रयोग में आती हैं।

नीचे के सकारात्मक (Positive) और नकारात्मक (Negative) वाक्यों का अनुवाद कीजिए और साथ ही इस बात को समझने का प्रयत्न कीजिए कि ये क्रियाएं किस तरह प्रयोग में आती हैं।

(1) I need a towel. (2) She needn't go to the bank. (3) You needed rest, didn't you? (4) I might go to Qutab Minar? (5) You needn't worry. (6) I ought to sleep now. (7) You needn't go there. (8) I must save money. (9) There isn't any need to discuss this. (10) He won't attend the meeting, will he?

16. आगे प्रश्न तथा उनके संक्षिप्त उत्तर दिये गये हैं। इनका अभ्यास कीजिए। इससे आप नए अपरिचित प्रश्नों के उत्तर भी दे सकेंगे।

(1)	Can you speak correct English?	No, I can't.
(2)	Will you speak to her?	No, I won't.
(3)	*Could* they *have* gone there alone?	Yes, they could have.
(4)	*Should* I wait for you at the station?	No, you shouldn't.
(5)	Does she tell a lie?	No, she doesn't.
(6)	*Do* you speak the truth?	Yes, I do.
(7)	*May* we go now?	Yes, you may.
(8)	*Weren't* you off to the market?	Yes, I was.
(9)	Hadn't she finished her work?	Yes, she had.
(10)	Must they work hard?	No, they needn't.

17. प्रश्नों का उत्तर दो प्रकार से दिया जा सकता है — 1. पूर्ण (Complete) रूप से, 2. संक्षिप्त रूप से। उदाहरण के रूप में:

Q. Do you read English? (Question)

A. Yes, I read English. (Complete Answer)

A. Yes, I do. (Short Answer).

आम बातचीत में संक्षिप्त उत्तरों का प्रयोग करना ठीक रहता है। जब कभी हम ज़ल्दी में होते हैं, फोन पर बात करते हैं या दुकान पर ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देते हैं तो संक्षिप्त उत्तर ही अधिक स्वाभाविक और अच्छे लगते हैं। इससे बातचीत की गति बढ़ती है और समय की बचत भी होती है।

अब नीचे दिये गये वाक्यों से 'संक्षिप्त उत्तर वाक्य' बनाइए:

(1) No, I am not going there .
(2) Yes, I have written to her .
(3) No, she has not replied to my letter .
(4) Yes, Madam, I woke up early .
(5) Yes, I ate chat .
(6) Yes sir, I was reading a book while walking .
(7) No, I had not gone to cinema .
(8) No, I shall not play .
(9) No, we shall not be coming again and again .
(10) No, she will not have gone .

18. नीचे दिये हिन्दी के वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए, फिर नीचे छपे अंग्रेज़ी अनुवाद से मिलान कीजिए:

1. क्या तुम जानते हो? 2. आप उसे जानते हैं क्या? 3. क्या आप उनका पता जानते हैं? 4. चोट तो नहीं आई है? 5. तुम्हें कुछ और कहना है? 6. क्या आप नाराज़ हैं? 7. क्या आप बाज़ार जा रहे हैं? 8. क्या टमाटर ताज़े हैं? 9. क्या उसने तुम्हारा मकान देखा है? 10. क्या उसका कोई पत्र आया है? 11. क्या वह आपको जानता था? 12. क्या

आपने दवा ली? 13. कुछ मिला तुम्हें क्या? 14. मैं कुछ निवेदन करूं? 15. सब ठीक-ठाक है? 16. क्या यह सच है? 17. क्या वह आपको जानती है? 18. क्या अब मैं घर जाऊं? 19. क्या हम यह पत्रिका आपके लिए मंगवा दें। 20. क्या आप एक कृपा करेंगे? 21. आप सैर करने चलेंगे? 22. क्या यह बस मद्रास होटल रुकेगी? 23. क्या उसे बुलाऊं? 24. क्या उसे मिलने जाऊं? 25. क्या तुम एक दिन नहीं रह सकते? 26. क्या तुम अपनी पुस्तक एक सप्ताह के लिए नहीं दे सकते? 27. क्या मैं प्रकाश से मिल सकता हूं?

(1) Do you know? (2) Do you know him? (3) Do you know his address? (4) You haven't got hurt, have you? (5) Have you anything else to say? (6) Are you annoyed? (7) Are you going to the market?/ Are you going out for shopping? (8) Are the tomatoes fresh? (9) Has he seen your house? (10) Has he written to you? (11) Did he know you? (12) Have you taken the medicine? (13) Did you get something? (14) May I make a request? (15) Is everything fine? (16) Is it true? (17) Does she know you? (18) May I go home now? (19) Shall we get this magazine for you? (20) Will you do me a favour? (21) Will you go for a walk? (22) Will this bus stop at Madras Hotel? (23) Should I call him/her? (24) Should I visit him/her? (25) Can't you stay for a day? (26) Ca'nt you lend me your book for a week? (27) Can I see Mr. Prakash?

निर्देश: इस तरह आप अंग्रेज़ी के कई वाक्य अपने आप बनाएं। आप मित्रों और परिचितों के साथ इन्हें बोलने का अभ्यास कीजिए।

11ग्यारहवां दिन
th Day

दूसरा अभियान (2nd Expedition)

पिछले दस दिनों में आप एक पड़ाव पर पहुंचे हैं। अब आपको उससे आगे बढ़ना है। अब तक हम आपको अंग्रेज़ी बोलचाल की प्रारम्भिक जानकारी दे रहे थे। अब ग्यारहवें दिन हम आपको उन सभी बातों से परिचित कराना चाहते हैं, जिन्हें जाने बिना आप अंग्रेज़ी भाषा के व्यवहार को नहीं समझ सकते। आने वाले पांच दिनों में आपको रोमन लिपि की वर्तनी, अक्षरों की बनावट, अक्षर-लेखन, रोमन लिपि में हिन्दी लेखन, अंग्रेज़ी-स्वर-व्यंजनों के विशिष्ट उच्चारण तथा अनुच्चरित वर्णों (Silent Letters) आदि विषयों की आवश्यक जानकारी दी जायेगी। इसके पश्चात् 16 वें से 19 वें दिनों में आप प्रश्नवाचक वाक्य रचना तथा नकारात्मक वाक्यों संबंधी जानकारी प्राप्त करेंगे। आइये, शुरू करें दूसरा अभियान।

रोमन लिपि की वर्णमाला

अंग्रेज़ी की लिपि रोमन है, हिन्दी की देवनागरी।

अंग्रेज़ी में A से Z तक कुल 26 वर्ण होते हैं, जबकि हिन्दी में अ से ह तक 46 वर्ण होते हैं। अंग्रेज़ी वर्णमाला में वर्ण (Letters) दो प्रकार के होते हैं — बड़े (Capital) जैसे — A और छोटे (Small) जैसे — a आदि। फिर ये सभी वर्ण छापे में भिन्न-भिन्न आकार के होते हैं, और लिखने में भिन्न-भिन्न आकार के। इस प्रकार वर्ण चार प्रकार के हुए:

(1) छापे के बड़े (Capital) वर्ण
(2) छापे के छोटे (Small) वर्ण
(3) लिखने के बड़े (Capital) वर्ण
(4) लिखने के छोटे (Small) वर्ण

वर्णमाला (Alphabet)

रोमन क्रम से



छापे के बड़े अक्षर (Capital Letters)

A	B	C	D	E	F	G	H
ए	बी	सी	डी	ई	एफ़	जी	एच
I	J	K	L	M	N	O	P
आइ	जे	के	एल	एम	एन	ओ	पी
Q	R	S	T	U	V	W	X
क्यू	आर	एस	टी	यू	वी	डब्ल्यू	एक्स
			Y	Z			
			वाइ	ज़ैड			

छापे के छोटे अक्षर (Small Letters)

a	b	c	d	e	f	g	h
ए	बी	सी	डी	ई	एफ़	जी	एच
i	j	k	l	m	n	o	p
आइ	जे	के	एल	एम	एन	ओ	पी
q	r	s	t	u	v	w	x
क्यू	आर	एस	टी	यू	वी	डब्ल्यू	एक्स
			y	z			
			वाइ	ज़ैड			

1 . बीच की दो पंक्तियों में लिखे जाने वाले वर्ण — a, c, e, i, m, n, o, r, s, u, v, w, x, z = 14 वर्ण

2 . ऊपर की तीन पंक्तियों में लिखे जाने वाले वर्ण — b, d, h, k, l, t = 6 वर्ण

3 . चार पंक्तियों में लिखे जाने वाले वर्ण — f = 1 वर्ण

4 . नीचे की तीन पंक्ति में लिखे जाने वाले वर्ण — g, j, p, q, y = 5 वर्ण

बहुत से लोग अंग्रेज़ी में अपना भद्दा लेख देखकर सिर धुनने लगते हैं और यह समझते हैं कि उनका लेख इतना खराब है कि उसमें सुधार नहीं हों सकता। कुछ लोग आशावादी होते हैं, वे अपना लेख सुधारने का यत्न करते हैं और उन्हें पूरी सफलता मिलती है। ऐसे हज़ारों उदाहरण आपको देखने को मिलेंगे। परन्तु सुलेख का रहस्य क्या है — क्या आप जानते हैं?

अंग्रेज़ी की लिपि रोमन है। रोमन बड़ी स्टायलिश (Stylish) भाषा है। इसकी लिखाई के नियम हैं। इसके अक्षरों की चौड़ाई कम-ज्यादा होती है। आप यह अभ्यास अच्छी तरह कर लें कि कौन-सा वर्ण 2, 3 या 4 पंक्तियों में लिखा जाने वाला है। पहले आप अच्छी तरह चार लाइनों वाली कापी पर अभ्यास कीजिए। जब आपका हाथ सध जाए तो फिर यदि आप सिंगल लाइन वाली कापी में भी लिखेंगे तो भी आपका हाथ ठीक से चलेगा।

अभ्यास करने पर आप देखेंगे कि आपका लेख पहले से काफी सुधर रहा है। ग्यारहवें दिन की यह सीख अपनाइए और चार लाइनों वाली कापी में एक पृष्ठ प्रतिदिन लिखिए, भले ही आप हाईस्कूल पास हों या ग्रेजुएट, अच्छी बात सीखने के लिए हर उम्र ठीक है। केवल पक्के इरादे की ज़रूरत है। लेख को सुधारने का अभियान शुरू कीजिए, हमारी शुभकामना आपके साथ है।

अंग्रेज़ी के लिखित कर्सिव (Cursive) अक्षर


a b c d e f g h i j k l
m n o p q r s t u v w
x y z

याद रखें (Remember)

1. अंग्रेज़ी में बड़े (Capital) और छोटे (Small) दो तरह के वर्ण होते हैं। बड़े वर्णों का प्रयोग वाक्य के आरम्भ में, व्यक्तिवाचक संज्ञा में (जैसे Delhi) शब्दों के संक्षिप्त रूपों में (जैसे Doctor के लिए Dr.) तथा महीनों व दिनों के नाम (जैसे March, Saturday) आदि के लिए होता है। बड़े (Capital) वर्णों के होने से भाषा देखने में अच्छी लगती है (बारहवें दिन में और देखें)।

सोचिए, यदि अंग्रेज़ी में Capital लैटर न होते, तो ‘मैं’ के लिए ‘i’ लिखा जाता, ‘I’ नहीं।

2. हिन्दी (देवनागरी लिपि में) लाइन पर शिरोरेखा डाली जाती है जबकि अंग्रेज़ी (रोमन लिपि में) लाइन के ठीक ऊपर लिखी जाती है।

12 बारहवां दिन
th Day

अंग्रेज़ी के स्वर और व्यंजन

अंग्रेज़ी में स्वर (Vowels) और व्यंजन (Consonants) दो तरह के वर्ण होते हैं — बड़े (Capital) और छोटे (Small)। इनका ग्यारहवें दिन में उल्लेख हो चुका है। अब यहां स्वरों और व्यंजनों के भिन्न-भिन्न उच्चारणों के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही आप नागरी लिपि के माध्यम से रोमन वर्णमाला सीखेंगे।

अंग्रेज़ी में पांच स्वर वर्ण (vowels वावल्ज़) हैं और इक्कीस व्यंजन वर्ण (Consonants कॉन्सोनेन्ट्स)। ये वर्ण इस प्रकार हैं:

Vowels: A E I O U Consonants: B C D F G H J K L M N P Q R S T V W X Y Z

अंग्रेज़ी में कई Vowels तथा Consonants का अकेले रूप में भिन्न उच्चारण होता है, पर शब्दों के बीच में प्रयुक्त होने पर उनका भिन्न उच्चारण होता है, जैसे — G, H, L, M, N, P आदि वर्ण अकेले में जी, एच, एल, एम, एन, पी आदि बोले जाते हैं, परन्तु शब्दों में प्राय: इनका उच्चारण क्रमश: ग, ह, ल, म, न, प आदि होता है।

अंग्रेज़ी वर्णों का उच्चारण

अंग्रेज़ी वर्णमाला के वर्णों को बोलने में जो-जो उच्चारण होते हैं, वे उदाहरण के रूप में इस प्रकार हैं:



अंग्रेज़ी वर्ण	आवाज़ एवं शब्द	अंग्रेज़ी वर्ण	आवाज़ एवं शब्द
A (ए)	आ (Car कार); ए (Way वे) ऐ (Man मैन)	N (एन)	न (Nose नोज़)
B (बी)	ब (Book बुक)	O (ओ)	ओ (Our आवर) ओ (Open ओपन)
C (सी)	क (Cat कैट); स (Cent सेन्ट)	P (पी)	प (Post पोस्ट)
D (डी)	ड (Did डिड)	Q (क्यू) *	क (Quick क्विक)
E (ई)	ई (She शी); ए (Men मेन)	R (आर)	र (Remind रिमाइन्ड)
F (एफ़)	फ (Foot फ़ुट)	S (एस)	स (Sand सैन्ड)
G (जी)	ग (Good गुड); ज (George जॉर्ज)	T (टी)	ट (Teacher टीचर)
H (एच)	ह (Hen हेन)	U (यू)	अ (Up अप, Cup कप) ऊ (Salute सलूट)
I (आइ)	इ (India इण्डिया); आइ (Kind काइण्ड)	V (वी)	व (Value वैल्यू)
J (जे)	ज (Joke जोक)	W (डब्ल्यू)	व (Walk वॉक)
K (के)	क (Kick किक)	X (एक्स)	(X-ray एक्सरे)
L (एल)	ल (Letter लेटर)	Y (वाइ)	य (Young यंग); आइ (My माइ)
M (एम)	म (Man मैन)	Z (ज़ैड)	ज़ (Zebra ज़ेबरा)

अंग्रेज़ी के संयुक्त अक्षर: Ch च, th थ; ठ; ph फ़; sh श; gh ग; gh के पूर्व दीर्घ (Vowel) स्वर हो, तो gh का उच्चारण मूक (Silent) होता है, जैसे — Right (राइट) अन्यथा 'ग' होता है, जैसे ghost (गोस्ट) — भूत, आत्मा। कभी-कभी gh से फ़ का उच्चारण भी आता है, जैसे rough रफ़।

बड़े और छोटे अक्षरों का प्रयोग

अंग्रेज़ी की वाक्य-रचना में छोटे (Small) और बड़े (Capital) दोनों अक्षरों का प्रयोग होता है। बड़े वर्णों (Capital) का प्रयोग निम्न स्थानों पर होता है:

1. प्रत्येक वाक्य का पहला अक्षर।	This is a box. When did you come? etc. etc.
2. किसी व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द का पहला अक्षर।	The Ganges, The Taj, Mathura, Ram Nath, etc.
3. अंग्रेज़ी कविता के हर एक चरण का प्रथम अक्षर।	His coat is ragged, And blown away. He drops his head, And he knows not why?
4. संक्षिप्त शब्द के लिए प्रयुक्त अक्षर के लिए।	P. T, O., N. B.
5. महीने व सप्ताह के दिनों के नाम का पहला अक्षर।	January, March, Sunday, Monday, etc.
6. मनुष्य की उपाधि के प्रथम अक्षर।	B. A., LL. B., M. Com, etc.
7. ईश्वर के नाम तथा उसके लिए प्रयोग में आने वाले सर्वनाम के पहले अक्षर।	God, Lord, He, His.
8. अंग्रेज़ी में 'मैं' के लिए।	How can I ever forget What you have done for me?
9. पत्र शुरू करते समय संबोधन (Salutation) का तथा समापन वाक्यांश (Complementary clause) का पहला अक्षर।	Dear kavita/Aunt/Sir, Yours sincerely, / Affectionately yours,
10. Quotation mark के अंदर वाक्य शुरू करते समय, वाक्य का पहला अक्षर।	He said, "Don't forget to inform me the date of your interview."

याद रखें (Remember)

(i) 'क' के लिए अंग्रेज़ी (रोमन) वर्णमाला में c, k, q वर्ण आते हैं। कहीं-कहीं 'क' के लिए ck भी (block ब्लॉक) आता है। c का 'स' भी उच्चारण होता है (Cease सीज़);

(ii) ग् के लिए बहुधा g आता है (good) और 'ज्' के लिए j (jam), पर कई बार ज के लिए g भी आता है (germ जर्म, generation जेनरेशन);

(iii) 'व' के लिए अंग्रेज़ी में v और w प्रयुक्त होते हैं, जैसे — very वेरी, wall वॉल;

(iv) फ् के लिए f प्रयोग में आता है, ph भी अंग्रेज़ी में फ् के लिए प्रयुक्त होता है e. g fruit, Philosophy पर अंग्रेज़ी में उच्चारण हमेशा 'फ' नहीं (फ़) होता है।

---

* q के साथ सदा u लगता है, जैसे — quick, Cheque आदि।

13 तेरहवां दिन
th Day

अंग्रेज़ी उच्चारण (English Pronunciation)

अंग्रेज़ी स्वरों (Vowels) का उच्चारण समझना बहुत महत्वपूर्ण है। अंग्रेज़ी स्वरों के उच्चारण में बड़ी विविधता होती है, जैसे — A का उच्चारण आ, ए, ऐ, ए होता है; E का ए, इ तथा ई (लम्बा उच्चारण); I का उच्चारण ई, आई, अ, आइ; O का उच्चारण ऑ, आ, उ, ऊ, अ; और U का उ, ऊ और अ आदि। यहां आपको इन सबकी बड़ी ही मनोरंजक जानकारी प्रात होगी।

प्राय: देखा गया है कि लोग अंग्रेज़ी के उच्चारण में बड़ी भूल करते हैं। अंग्रेज़ी भाषा के उच्चारण के कुछ विशेष नियम हैं, जिन्हें जानना प्रत्येक अंग्रेज़ी सीखने वाले के लिए आवश्यक है। हम पहले स्वरों (Vowels) के उच्चारण के विषय में विचार करते हैं।

अंग्रेज़ी स्वरों के उच्चारण

A के उच्चारण के नियम

A (a) के उच्चारण बहुधा ये होते हैं — ऐ, आ, ए।

A = ऐ (ै)

An (ऐन) एक
At (ऐट) पर
Lad (लैड) लड़का
Rat (रैट) चूहा
Man (मैन) मनुष्य
Stand (स्टैंड) खड़े होना
Mad (मैड) पागल
Ban (बैन) मनाही

A = ऑ (ॉ)

All (ऑल) सब
Wall (वॉल) दीवार
Fall (फ़ॉल) गिरना
War (वॉर) युद्ध
Call (कॉल) बुलाना
Small (स्मॉल) छोटा

A = आ

Far (फ़ार) दूर,
Are (आर) हैं,
Star (स्टार) तारा

A = एअ

Ware (वेअर) बर्तन
Spare (स्पेअर) अतिरिक्त
Fare (फ़ेअर) किराया
Care (केअर) परवाह
Dare (डेअर) साहस करना
There (देअर) वहां
Share (शेअर) हिस्सा बांटना

A = ए

यदि A के बाद Y या I का प्रयोग होता हो, तो उसका उच्चारण ‘ए’ के समान हो जाता है। पर यह ‘ए’ कुछ लम्बा उच्चारण देता है:

Pay (पे) वेतन
Way (वे) मार्ग
Stay (स्टे) ठहरना
Gay (गे) प्रसन्न
Brain (ब्रेन) दिमाग
Main (मेन) मुख्य

E के उच्चारण के नियम

E (e) के बहुधा ये उच्चारण होते हैं — ए (े), इ, ई।

E = ए (े)

Net (नेट) जाल
Men (मेन) मनुष्य (बहुवचन)
Sell (सेल) बेचना
Well (वेल) कुआं, अच्छा

Leg (लेग) टांग
Then (देन) तब
Wet (वेट) गीला
When (वेन) कब, जब

E = ई

Be (बी) होना
We (वी) हम
He (ही) वह (पुलिंग)
She (शी) वह (स्त्रीलिंग)

EE = ई (दीर्घ उच्चारण)

See (सी) देखना
Weep (वीप) रोना
Bee (बी) मधुमक्खी
Sleep (स्लीप) सोना

EA = ई

Clean (क्लीन) साफ या साफ करना
Sea (सी) समुद्र
Heat (हीट) गर्मी या गर्म करना
Meat (मीट) मांस

E = अपनी कोई ध्वनि नहीं

यदि किसी शब्द के अन्त में e आये तो उसका अपना कोई उच्चारण नहीं होता, और उससे पहले आये एक या एक से अधिक व्यंजनों (Consonants) को छोड़कर जो अन्य स्वर (Vowel) होता है, उसका उच्चारण लंबा हो जाता है। नीचे पूर्ववर्ती स्वर A, I, O, U के साथ अंतिम स्वर E के प्रयोग के उदाहरण नीचे दिये जाते हैं:

(a) यदि पूर्ववर्ती स्वर ‘ A ’ हो, तो ‘ A ’ का उच्चारण ‘ए’ होता है और **E** का अपना कोई उच्चारण नहीं होता।

Shame (शेम) लज्जा
Name (नेम) नाम
Lame (लेम) लंगड़ा
Same (सेम) वही

(b) यदि पूर्ववर्ती स्वर ‘ I ’ हो, तो ‘ I ’ का उच्चारण ‘आई’ होता है और अंतिम ‘ **E** ’ का अपना कोई उच्चारण नहीं होता।

Wife (वाइफ़) पत्नी
Nine (नाइन) नौ (9)

White (वाइट) सफेद
Line (लाइन) लकीर

(c) यदि पूर्ववर्ती स्वर ‘ O ’ हो, तो ‘ O ’ का उच्चारण ‘ओ’ होता है और अंतिम E का अपना कोई उच्चारण नहीं होता।

Nose (नोज़) नाक
Hope (होप) आशा
Smoke (स्मोक) धुआं
Joke (जोक) मज़ाक

(d) यदि पूर्ववर्ती स्वर ‘ U ’ हो तो ‘ U ’ का उच्चारण ‘ऊ’ या यू होता है और अंतिम E का अपना कोई उच्चारण नहीं होता।

Rule (रूल) नियम
Tune (ट्यून) ध्वनि
June (जून) जून
Tube (ट्यूब) नली

EW = इयू

Few (फ़्यू) कुछ
Mew (म्यू) म्याऊं-म्याऊं
New (न्यू) नया
Dew (ड्यू) ओस

I के उच्चारण के नियम

I (i) के बहुधा ये उच्चारण होते हैं — ई. आइ। कभी-कभी ‘अ’ जैसा भी उच्चारण होता है।

I = इ (ह्रस्व उच्चारण)

Ill (इल) बीमार
Kill (किल) मार डालना
Big (बिग) बड़ा
With (विद) साथ
Ink (इंक) स्याही
Ship (शिप) जहाज़

I = आइ

Kind (काइन्ड) दयालु
Mild (माइल्ड) नर्म
Behind (बिहाइंड) पीछे
Mike (माइक) माइक्रोफोन

Bind (बाइंड) बांधना
Mile (माइल) मील

I = आइ या आई

यदि I के बाद GH आए, तो I का उच्चारण आइ (या आई) होता है:
Right (राइट) ठीक
Sight (साइट) दृष्टि
Light (लाइट) रोशनी
High (हाई) ऊंचा

I = अ

Firm (फर्म) संस्था
First (फ़र्स्ट) पहला

I = आय

Fire (फ़ायर) आग
Admire (एडमायर) प्रशंसा करना/सराहना

IE = ई, EI = ई (दीर्घ)

Brief (ब्रीफ़) संक्षिप्त
Siege (सीज) घेरा
Achieve (अचीव) प्राप्त करना
Receive (रिसीव) लेना
Deceive (डिसीव) धोखा देना

O के उच्चारण के नियम

O (0) के बहुधा उच्चारण ये होते हैं — ऑ, ओ, उ, ऊ, अ।

O = ऑ (ह्रस्व उच्चारण)

Ox (ऑक्स) बैल
On (ऑन) पर
Fox (फ़ॉक्स) लोमड़ी
Hot (हॉट) गर्म
Pot (पॉट) बर्तन
Spot (स्पॉट) दाग़
Top (टॉप) ऊपरी भाग
Drop (ड्रॉप) गिरना, गिराना
Dot (डॉट) बिन्दु
Soft (सॉफ़्ट) मुलायम

Not (नॉट) नहीं
God (गॉड) ईश्वर
Got (गॉट) पाया

O = ओ (दीर्घ उच्चारण)

Open (ओपन) खोलना
So (सो) ऐसा
Hope (होप) आशा
No (नो) नहीं
Old (ओल्ड) पुराना
Gold (गोल्ड) सोना
Home (होम) घर
Most (मोस्ट) सर्वाधिक
Joke (जोक) मज़ाक
Post (पोस्ट) डाक

OW = ओ (दीर्घ उच्चारण)

आगे W के होने पर
Low (लो) नीचा
Show (शो) प्रदर्शन
Row (रो) पंक्ति
Crow (क्रो) कौआ
Sow (सो) बीज बोना

OO = उ (ह्रस्व उच्चारण)

Look (लुक) देखना
Book (बुक) पुस्तक
Took (टुक) लिया
Good (गुड) अच्छा

OO = ऊ (दीर्घ उच्चारण)

Room (रूम) कमरा
Moon (मून) चांद
Boot (बूट) जूता
Noon (नून) दोपहर
Do (डू) करना
Root (रूट) जड़

O = अ (ह्रस्व उच्चारण)

Son (सन) पुत्र
Come (कम) आना

OW = आऊ

How (हाउ) कैसे
Now (नाउ) अब
Cow (काउ) गाय

OY = ऑय

Joy (जॉय) हर्ष
Boy (बॉय) लड़का
Toy (टॉय) खिलौना

OU = आव

Our (आवर) हमारा
Sour (सावर) खट्टा
Hour (आवर) घंटा

U के उच्चारण के नियम

U (U) के उच्चारण होते हैं — अ, उ, यू, यो।

U = अ (ह्रस्व उच्चारण)

Up (अप) ऊपर
Cup (कप) प्याला
Hut (हट) झोपड़ी
Fun (फ़न) मज़ा
Mud (मड) कीचड़
Sun (सन) सूर्य

U = उ

Put (पुट) रखना
Pull (पुल) खींचना
Push (पुश) दबाना
Puss (पुस) बिल्ली

U = यू, यो

Duty (ड्यूटी) कर्तव्य
Sure (श्योर) पक्का
Durable (ड्यूरेबल) टिकाऊ
Pure (प्योर) शुद्ध

Y के उच्चारण के नियम

कहीं-कहीं व्यंजन भी स्वर का काम करता है। दरअसल पुरानी अंग्रज़ी में तो यह स्वर था, लेकिन अब धीरे-धीरे इसका स्थान I ने ले लिया है। सिर्फ कहीं-कहीं अब भी यह स्वर का काम करता है, जैसे:

Y = ई

Polygamy (पॉलीगैमी) बहु-विवाह
Felony (फ़ेलनी) घोर अपराध
Policy (पॉलिसी) नीति

Y = आय

Tyre (टायर) टायर
Typhoid (टायफ़ॉइड) मियादी बुखार

Y = आई

Dyke (डाइक) खाड़ी
Dynasty (डाइनेस्टी) वंश

इस प्रकार आपने स्वरों के विविध उच्चारणों की जानकारी पा ली है। अभ्यास करके आप इसमें दक्षता प्राप्त कर सकते हैं। आगे व्यंजनों के उच्चारण पर प्रकाश डाला जाएगा।

मूक अक्षर (Silent letters)

अंग्रेज़ी के बहुत से शब्दों में कई अनुच्चारित या मूक अक्षर होते हैं। स्वर या व्यंजन दोनों में से कोई भी अनुच्चारित हो सकता है। इस विषय में अधिक विस्तृत जानकारी पंद्रहवें दिन के पाठ में दी गई है। नीचे उदाहरण के लिए मूक अक्षरों वाले कुछ शब्द आपके ज्ञान व अभ्यास के लिए दिये जा रहे हैं।

A Silent

Caesar (सीज़र) रोमन सम्राट
Haemoglobin (हीमोग्लोबिन) लाल रक्त कण

B Silent

Crumbs (क्रम्स) खाना, रोटी आदि के छोटे-छोटे टुकड़े
Indebted (इन्डेटिड) ऋणी
Plumber (प्लमर) नल आदि ठीक करने वाला
Succumb (सकम) हार जाना, मर जाना

C Silent

Sceptre (सेप्टर) राज दंड
Scissors (सिज़र्ज़) कैंची

D Silent

Budget (बज़ट) बज़ट
Bridge (ब्रिज़) पुल
Midget (मिज़ट) बौना

G Silent

Benign (बिनाइन) दयालु, हानिरहित
Design (डिज़ाइन) नमूना
Malign (मलाइन) बदनाम करना

H Silent

Honorary (ऑनरेरी) अवैतनिक
Honorarium (ऑनरेरियम) सम्मान के लिए दिया गया पारिश्रमिक

K Silent

Knife (नाइफ़) चाकू
Knock (नॉक) खटखटाना
Knuckle (नकल) उंगली का जोड़

L Silent

Alms (आम्ज़) दान / भीख
Balm (बाम) दर्दनाशक मरहम

P Silent

Psyche (साइका) आत्मा, मानस
Psychiatrist (साइक्याट्रिस्ट) मनोचिकित्सक

T Silent

Tsar (ज़ार) रूसी शासक
Fasten (फ़ासन) बांधना
Nestle (नेसल) प्यार से चिपकाना

R Silent

Iron (आयन) लोहा, प्रेस
World (वल्ड) संसार

W Silent

Wrath (रैथ) क्रोध
Wrap (रैप) लपेटना
Wreck (रेक) तोड़ना, टूटा हुआ

याद रखें (Remember)

1. Fan, Fall, Fail, Far — इन शब्दों में क्रमश: A का उच्चारण फ़ैन (ऐ), फ़ॉल (ऑ), फ़ेल (ए), फ़ार (आ) होता है। ऐसे और शब्दों को ढूंढिए और सामान्य नियम जानने की कोशिश भी कीजिए।

2. Wet, Be, See — इन शब्दों में क्रमश: E का उच्चारण वेट, बी, सी होता है, अर्थात (ए, ई, ई)। Shame, Line, Hope में 'ई' का उच्चारण कुछ नहीं होता। पहला स्वर (क्रमश: a, i, o) कुछ और दीर्घ हो जाता है।

3. I का 'अ' भी उच्चारण होता है, क्या आपको पता है? देखिए, Firm (फ़र्म)। इसके अतिरिक्त I का 'आय' उच्चारण भी होता है, जैसे — Fire (फ़ायर)।

4. OO का 'ऊ' उच्चारण तो होता ही है — Room (रूम),छोटा 'उ' भी होता है — (Book बुक, look लुक आदि)।

5. O का उच्चारण 'ओ' तथा U का 'उ' तो होता ही है, O या U का 'अ' भी होता है। देखिए, Son सन (पुत्र), Son सन (सूर्य)।

इस पाठ के आधार पर आप सभी स्वरों के नए उच्चारण पुस्तकों में से ढूंढते रहने की आदत डालिए। आप देखेंगे कि आपके सामने अंग्रेज़ी भाषा के नए-नए रहस्य खुलकर आएंगे। मूक अक्षरों का भी ध्यान रखिए।

14 चौदहवां दिन
th Day

अंग्रेज़ी व्यंजनों के उच्चारण

स्वरों की तरह कुछ अंग्रेज़ी के व्यंजनों (Consonants) के उच्चारण में भी भिन्नता पाई जाती है, जैसे — C का उच्चारण 'स' और 'क' होता है; G का 'ग' और 'ज'; S का 'ज़', स और श; T का श, च, थ, द आदि—ये उच्चारण होते हैं। यदि आप दिये गये विवरण के अनुसार अंग्रेज़ी व्यंजनों के उच्चारण पर थोड़ा ध्यान देंगे, तो आपके लिए अंग्रेज़ी शब्दों के उच्चारण की कोई समस्या नहीं रह जायेगी।

अंग्रेज़ी भाषा में ये व्यंजन हैं

B	C	D	F	G	H	J	K	L	M	N
ब	स	ड	फ़	ग	ह	ज	क	ल	म	न
P	Q	R	S	T	V	W	X	Y	Z	
प	क	र	स	ट	व	व	क्स	य	ज़	

मोटे रूप में, अंग्रेज़ी के इन वर्णों का उच्चारण लगभग वैसा ही होता है जैसा कि उनके नीचे दिये गये हिन्दी के वर्णों का होता है। परन्तु यदि आप अंग्रेज़ी के व्यंजनों का ठीक-ठीक उच्चारण जानना चाहते हैं, तो हम आपसे केवल यही कह सकते हैं कि यदि आप बारीकी से ध्वनि को पहचानने की कोशिश करें, तो आप देखेंगे कि इन सभी अंग्रेज़ी व्यंजनों का उच्चारण भिन्न-भिन्न होता है।

आप किसी अंग्रेज़ से, जिसकी मातृभाषा अंग्रेज़ी हो, इन व्यंजनों का उच्चारण सुनेंगे, तो इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि K, P, T बिल्कुल क, प, ट के समान नहीं हैं। बल्कि ये क-ख, प-फ, त-ट के बीच में कहीं बोले जाते हैं। इसी प्रकार J 'ज' की तरह न होकर कुछ-कुछ 'ड' (Job ड्जाब) की तरह बोला जाता है। पर यह इतना सूक्ष्म अन्तर है कि बहुत बार ध्यान देने पर ही पकड़ में आ सकता है। इसके लिए आप टेलीविज़न पर या रेडियो पर

प्रसारित होने वाले समाचार सुनिए या जब कभी कोई अंग्रेज़ टेलीकास्ट या ब्राडकास्ट कर रहा हो, तो ध्यान से सुनिए। यह अंतर आपको सुनाई देगा। वैसे भारतीय अंग्रेज़ी की अपनी ही पहचान है। हमें पूरी तरह अंग्रेज़ी उच्चारण की नकल करने की ज़रूरत नहीं है।

अब R को लीजिए, हम 'अर्र' बोलते हैं, तब जीभ में थिरकन पैदा होती है। हम 'धर्म' बोलते हैं, तब भी 'र' बोलते समय जीभ में थिरकन पैदा होती है। अंग्रेज़ी के R का कुछ ऐसा ही उच्चारण है — Round, Real, Roll, Run इसका अन्तर भी आप बार-बार सुन कर ज्ञात कर सकते हैं।

R के पहले स्वर (Vowel) हो और R के बाद व्यंजन हो, तो R लगभग अनुच्चरित (Silent) रहता है, और पहला स्वर बोलने में दीर्घ बोला जाता है — Form (फ़ॉम), Arm (आ 'म), Art (आ 'ट)।

S का उच्चारण 'स' की तरह होता तो है, पर 'स' ऐसे बोला जाता है जैसे सीटी बजाते समय ध्वनि निकलती है — Sweet (स्वीट)।



C	F	H	L	M	N	Q	V	W	X	Y	Z
स, क	फ़	ह	ल	म	न	क	व	व	क्स	य	ज़

इन व्यंजनों का उच्चारण लगभग नागरी वर्णों के उच्चारण की तरह ही होता है।

F और Ph दोनों वर्णों का 'फ़' उच्चारण ही होता है 'फ़' नहीं, जैसे — Fall (फ़ॉल), Philosophy (फ़िलॉसफ़ी) आदि।

अक्षरों का क्रम बदल जाने से उच्चारण में भेद

हिन्दी में 'स' आदि कोई भी वर्ण किसी भी क्रम से पड़ा हो उसका उच्चारण एक-सा ही रहता है, किन्तु अंग्रेज़ी में ऐसा नहीं है, इसमें Cent का उच्चारण होगा — 'सेंट' पर Cant को 'कैन्ट' पढ़ा जाएगा। ऐसे शब्दों के कुछ नियम तथा उदाहरण नीचे दिये जा रहे हैं।

' C ' के उच्चारण

' C ' के उच्चारण हैं — स और क।

1. C के बाद E, I, Y आये, तो C का उच्चारण 'स' होगा, जैसे:

Receive (रिसीव) प्राप्त करना
Rice (राइस) चावल
Cinema (सिनेमा) चित्रपट
Cyclone (साइक्लोन) तूफान
Niece (नीस) भतीजी
Piece (पीस) टुकड़ा
Icy (आइसी) बर्फ़ीला
Celebrate (सेलिब्रेट) उत्सव मनाना

Century (सेंचुरी) शताब्दी
Certificate (सर्टिफ़िकेट) प्रमाणपत्र
Circle (सर्कल) घेरा
Citizenship (सिटिज़नशिप) नागरिकता
Force (फ़ोर्स) शक्ति

2. C के बाद A, O, U, K, R, T , आदि कोई वर्ण हो, तो प्राय: C का उच्चारण ‘क’ होगा, जैसे:
Cot (कॉट) चारपाई
Cap (कैप) टोपी
Cow (काउ) गाय
Cat (कैट) बिल्ली
Candidate (कैंडीडेट) सदस्य
Cattle (कैटल) पशु/जन्तु
Back (बैक) पीठ
Cock (कॉक) मुर्गा
Lock (लॉक) ताला
Dock (डॉक) बंदरगाह
Cutting (कटिंग) काटना
Curse (कर्स) कोसना
Custom (कस्टम) रिवाज
Cruel (क्रुअल) क्रूर

3 . कभी-कभी C के बाद IA या EA , हो, तो ‘श’ की ध्वनि देते हैं, जैसे:
Social (सोशल) सामाज़िक
Ocean (ओशन) समुद्र
Musician (म्यूज़िशियन) संगीतकार

‘ G ’ के उच्चारण

‘ G ’ के दो उच्चारण हैं— ग और ज।

1 . जब किसी शब्द के अन्त में ‘ GE ’ हो, तो इसका उच्चारण ‘ज’ होता है, जैसे:
Age (एज) आयु
Page (पेज) पृष्ठ
Rage (रेज) गुस्सा
Cage (केज) पिंजरा

Sage (सेज) महात्मा
Gauge (गेज) माप-यंत्र

इसी प्रकार इनमें भी ‘ज’ बोला जाता है, जैसे:
Ginger (जिंजर) अदरक
Imagine (इमेजिन) कल्पना करना
Germ (जर्म) कीटाणु
Pigeon (पिजन) कबूतर
Gist (जिस्ट) सार
Gem (जेम) कीमती पत्थर

2 . शेष स्थलों पर बहुधा ‘ग’ का उच्चारण होता है, जैसे:
Big (बिग) बड़ा
Bag (बैग) थैला
Hang (हैंग) लटकाना
Go (गो) जाना
Gold (गोल्ड) सोना
Hunger (हंगर) भूख
Give (गिव) देना
Finger (फ़िंगर) अंगुली
Forget (फ़ॉरगेट) भूलना

‘ S ’ के उच्चारण

‘ S ’ के प्रमुख तीन उच्चारण हैं— ज़, स, श।

1 . शब्द के अन्त में BE, G, GG, GE, IE, EF, Y आदि आएं, तो इनके बाद लगे S का उच्चारण ‘ज़’ होता है, जैसे:
Tribes (ट्राइब्ज़) जातियां
Bags (बैग्ज़) थैले
Eggs (एग्ज़) अण्डे
Ages (एजिज़) युग
Heroes (हीरोज़) नायक
Stories (स्टोरीज़) कहानियां
Rupees (रुपीज़) रुपये
Toys (टॉयज़) खिलौने
Rays (रेज़) किरणें

2 . शब्द के अन्त में F, P, KE, GHT, PE, TE आदि वर्ण हों, तो उनके बाद लगे S का उच्चारण 'स्' होता है, जैसे:

Roofs (रूफ़्स) छतें
Chips (चिप्स) टुकड़े
Hopes (होप्स) आशाएं
Lips (लिप्स) होंठ
Kites (काइट्स) पतंगें
Ships (शिप्स) जहाज़
Jokes (जोक्स) मज़ाक
Nights (नाइट्स) रातें

3 . शब्द में S या SS के बाद IA, ION हों, तो प्राय: S 'श' की ध्वनि देता है, जैसे:

Asia (एशिया) महाद्वीप का नाम
Pension (पेन्शन) पेंशन
Session (सेशन) कार्यकाल
Aggression (एग्रेशन) हमला
Mansion (मैंशन) महल
Russia (रशिया) रूस

' T ' के उच्चारण

' T ' के स्थिति के हिसाब से ये उच्चारण होते हैं— श, च, थ, द।

1 . शब्द में T के बाद IA, IE, IO आदि हों, तो T को 'श' बोला जाता है, जैसे:

Initial (इनिशियल) प्रारम्भिक
Patient (पेशंट) रोगी
Illustration (इलस्ट्रेशन) चित्र
Portion (पोर्शन) भाग
Promotion (प्रमोशन) वृद्धि
Ratio (रेशो) अनुपात

2 . यदि शब्द में S के बाद TION आये, या T के बाद URE आये तो T का उच्चारण 'च' जैसा होता है:

Question (क्वेश्चन) प्रश्न
Culture (कल्चर) सभ्यता
Nature (नेचर) प्रकृति
Future (फ़्यूचर) भविष्य

Capture (कैप्चर) कैद करना
Picture (पिक्चर) तस्वीर
Creature (क्रीचर) जन्तु

3 . यदि शब्द में T के बाद H आये, तो कभी-कभी ‘थ’ की ध्वनि होती है, तो कई बार ‘द’ की

th = थ

Thick (थिक) मोटा
Thin (थिन) पतला
Three (थ्री) तीन
Thread (थ्रेड) धागा

th = द

This (दिस) यह
That (दैट) वह
Then (देन) तब
There (देअर) वहां

4 . कई बार TH हिन्दी का अक्षर ‘ट’ (T) की ध्वनि देता है, जैसे:

Thames (टेम्स) टेम्ज़ नदी
Thomas (टॉमस) व्यक्ति का नाम

याद रखें (Remember)

The को कई लोग ‘द’ बोलते हैं कई ‘दि’ — दोनों सही हैं। आमतौर पर ‘स्वर’ से शुरू होने वाले शब्द से पहले ‘दि’ बोला जाता है (जैसे दि एग, दि आंसर आदि) और व्यंजन से शुरू होने वाले शब्द से पहले ‘द’ e.g . द कैट, द रैट आदि!

15 पन्द्रहवां दिन
th Day

शब्दों में अनुच्चरित अक्षर (Silent Letters in Words)

अंग्रेज़ी भाषा में कुछ शब्दों के कुछ अक्षर मूक (Silent) होते हैं, जिनका उच्चारण पता न होने के कारण भारतीय विद्यार्थियों के लिए एक समस्या बन जाते हैं। यहां ऐसे शब्दों को बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। आप अध्ययन और अभ्यास के द्वारा ऐसे शब्दों पर अधिकार (mastery) प्राप्त कर सकेंगे।

1

क्या शब्दों का पहला अक्षर भी 'साइलेंट' होता है?

जी हां, कई बार शब्दों का पहला अक्षर भी Silent अर्थात् अनुच्चरित या मूक होता है। इन शब्दों को बोलिए तथा हिज्जों और उच्चारण को याद कीजिए:

G nat (नैट) लड़ाकू विमान *P* sychology (साइकॉलॉजी) मनोविज्ञान
H onour (आनर) सम्मान *W* rite (राइट) लिखना
H our (आवर) घंटा *K* nowledge (नॉलिज) ज्ञान
P neumonia (न्यूमोनिया) फेफड़ों की सूजन

आपने देखा कि इन शब्दों के प्रथम अक्षर का शब्द में उच्चारण नहीं होता। अब इन शब्दों का उच्चारण करें:

Wrong, Know, Knitting, Honest, Psalm, रौंग, नो, निटिंग, ऑनेस्ट, साम।

अब देखिए कि Knitting में K और दूसरी T का उच्चारण नहीं हुआ, बोलने में niting ही आया। इसी प्रकार Psalm में P और L दोनों Silent हैं।

2

High का उच्चारण है ‘हाई’ ओर Right का उच्चारण है ‘राइट’। उक्त आधार पर इन शब्दों का उच्चारण करें:

Sigh (आह भरना)
Fight (लड़ाई)
Might (शक्ति)
Flight (उड़ान)
Thigh (जांघ)
Light (प्रकाश)
Night (रात)
Delight (आनन्द)
Though (यद्यपि)
Bright (चमकीला)
Tight (कसा हुआ)
Knight (शूरवीर)
Through (द्वारा)
Slight (थोड़ा-सा)
Fright (भय)
Sight (नज़ारा)

इन शब्दों से आप भलीभांति परिचित हैं। अच्छा बताइए, इनमें कौन-से ऐसे दो वर्ण हैं, जो सबमें एक समान Silent हैं? ठीक है — ‘gh’ और Knight में K भी अनुच्चरित अर्थात् silent है।

अब नीचे दी गयी शब्दों की तालिका में देखिए, कौन -कौन से वर्ण अनुच्चरित हैं। फिर इन शब्दों व स्पेलिंग्स को याद कीजिए और लिखकर उनका अभ्यास भी कीजिए।

B Silent

Comb (कोम) कंघा
Lamb (लैम) मेमना
Thumb (थम) अंगूठा

C Silent

Scent (सेन्ट) इत्र
Science (साइंस) विज्ञान
Scene (सीन) दृश्य

G Silent

Sign (साइन) चिह्न
Design (डिज़ाइन) रचना
Resign (रिज़ाइन) इस्तीफा देना

H Silent

Honour (ऑनर) इज़्ज़त
Hour (आवर) घंटा
Thomas (टॉमस) टामस

K Silent

Knock (नॉक) खटखटाना
Knife (नाइफ़) चाकू
Knot (नॉट) गांठ

L Silent

Palm (पाम) हथेली
Calm (काम) शान्ति
Half (हाफ़) आधा
Walk (वाक) चलना
Folk (फ़ोक) जनसमूह
Talk (टॉक) बातचीत
Should (शुड) चाहिए
Would (वुड) जाएगा
Could (कुड) सकना

N Silent

Autumn (ऑटम) पतझड़
Condemn (कंडेम) निन्दा करना
Hymn (हिम) स्तोत्र
Column (कालम) पृष्ट का भाग
Damn (डैम) बद्दुआ देना

T Silent

Hasten (हेसन) जल्दी करना
Listen (लिसन) सुनना
Often (ऑफ़न) प्राय:
Soften (सॉफ़न) कोमल करना

U Silent

Guard (गार्ड) चौकीदार
Guess (गेस) अनुमान
Guest (गेस्ट) अतिथि

W Silent

Wrong (रौंग) गलत
Answer (आन्सर) उत्तर
Sword (सोर्ड) तलवार

और अब ज़रा नीचे दिये गये अंग्रेज़ी शब्दों का उच्चारण करके अपना मनोरंजन कीजिए और पता लगाइए कि कौन से अक्षर अनुच्चरित (silent) हैं?

Asthma, Heir, Island, Doubt, Reign, Wrapper, Wednesday

जी नहीं, ये अस्थमा, हेयर, इज़लैण्ड, डाउब्ट, रिअग्न, व्रापर, वेडनसडे नहीं है, ये हैं ऐस्मा (दमा), एअर (उत्तराधिकारी), आइलैंड (टापू), डाउट (शक), रेन (राज्य), रैपर (लपेटने का कागज़ व कपड़ा), वेंसडे (बुधवार)।

डिक्शनरी में ऐसे ही दूसरे शब्द ढूंढिए और उनका अभ्यास कीजिए।

16 सोलहवां दिन
th Day

प्रश्नवाचक वाक्य-रचना में What, Who, How आदि का प्रयोग

बीच में रोमन लिपि की वर्तनी और वर्णों के उच्चारण का प्रसंग आ गया था, जिनका ज्ञान होना हमारे लिए आवश्यक है। अब फिर पीछे जहां छोड़ा था, वहां से आगे चलें। छठे से आठवें दिन में हमने सीखा था कि तीनों कालों के वाक्यों में उपक्रिया या सहायक क्रिया को वाक्य में सबसे पहले लाकर प्रश्नवाचक वाक्य बनाये जा सकते हैं, जैसे — Does he know? Was Gopal reading? Will you play ? आदि। अब हम यहां इतना और जोड़ना चाहते हैं कि जब इन्हीं प्रश्नवाचक वाक्यों के शुरू में What, Who, How, Which, When, Where या Why आदि लगते हैं, तो ये वाक्य व्यापक अर्थ देने लगते हैं। इसे आप पहले एक-एक करके और फिर मिले-जुले रूप में 16 वें से 18 वें दिन के कोर्स में पाएंगे। आइए, अभ्यास करें।

What	**A**
1. **प्र. तुम क्या चाहते हो?**	**Q. *What* do you want?** वॉट डू यू वॉन्ट?
उ. एक गिलास दूध।	A. *A* glass of milk. अ ग्लास ऑफ़ मिल्क.
2. **प्र. तुम क्या लिख रहे हो?**	**Q. *What* are you writing?** वॉट आर यू राइटिंग?
उ. पत्र लिख रहा हूं।	A. *A* letter. अ लेटर.
3. **प्र. तुम क्या कहना चाहते हो?**	**Q. *What* do you want to say?** वॉट डू यू वॉन्ट टु से?
उ. कुछ नहीं।	A. Nothing. नथिंग.
4. **प्र. तुम्हारा नाम क्या है?**	**Q. *_What's_ your name?** वॉट्स योर नेम?
उ. अमिताभ।	A. *Amitabh.* अमिताभ.
5. **प्र. तुम्हारे पिताजी क्या काम करते हैं?**	**Q. *What's* your father?** वॉट्स योर फ़ादर?
उ. वे एक सम्पादक हैं।	A. *He's an editor.* हीज़ ऐन एडिटर.
6. प्र. तुम्हारी माताजी क्या करती हैं?	Q. *What's* your mother? वॉट्स योर मदर?
उ. वे घर का काम संभालती हैं।	A. *She* is a housewife. शी इज़ अ हाउसवाइफ़.
7. **प्र. तुम इन दिनों क्या कर रही हो?**	**Q. *What* are you doing these days? वॉट आर यू डूइंग दीज़ डेज़?**
उ. पढ़ रही हूं।	A. *Studying.* स्टडींग
8. प्र. तुमने आगरा में क्या देखा है?	Q. *What* have you seen in Agra? वॉट हैव यू सीन इन आगरा?
उ. ताजमहल।	A. *The* Taj Mahal. द ताजमहल.
9. प्र. तुमने पिताजी को क्या लिखा?	Q. *What* did you write to your father? वॉट डिड यू राइट टु योर फ़ादर?
उ. नतीजे के बारे में लिखा।	A. About my result. अबाउट माइ रिजल्ट.
10. प्र. वह मुम्बई में क्या कर रही थी?	Q. *What* was she doing in Mumbai? वॉट वॉज़ शी डूइंग इन मुम्बई?
उ. एक प्राइमरी स्कूल में अध्यापिका थी।	A. *She* was teaching in a primary school. शी वॉज़ टीचिंग इन ए प्राइमरी स्कूल.
11. प्र. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करके तुम क्या करोगे?	Q. *What* do you intend doing after passing High School वॉट डू यू इन्टेंड डूइंग आफ़्टर पासिंग हाई स्कूल?
उ. आगे पढ़ूंगा।	A. *I'll* study further. आइ विल स्टडी फ़रदर।

	Who	**B**
12.	प्र. आप कौन हैं?	Q. *Who* are you? हू आर यू?
	उ. मैं एक व्यापारी हूं।	A. *I* am a businessman. आइम अ बिज़नेसमैन।
13.	प्र. वे कौन हैं?	Q. *Who* are they? हू आर दे?
	उ. मेरे संबंधी हैं।	A. *They* are my relatives. दे आर माइ रिलेटिव्ज़.
14.	प्र. गीत किसने गाया?	Q. *Who* sang the song? हू सैंग द सौंग?
	उ. लता ने।	A. Lata did. लता डिड.
15.	प्र. मार्किट में कौन जाएगा?	Q. *Who* will go to the market? हू विल गो टु द मार्किट?
	उ. मैं जाऊंगा।	A. *I* will. आइ विल.
16.	प्र. इस काम को कौन कर सकता है?	Q. *Who* can do this work? हू कैन डू दिस वर्क?
	उ. राधा।	A. *Radha* can. राधा कैन.
17.	प्र. उसे किससे मिलना है?	Q. *Whom* does she want to meet? हूम डज़ शी वॉन्ट टु मीट?
	उ. अपनी मां से।	A. *Her* mother. हर मदर.
18.	प्र. इस मकान का मालिक कौन है?	Q. *Who* is the owner of this house? हू इज़ द ओनर ऑफ़ दिस हाउस?
	उ. मेरे पिता।	A. *My* father. माइ फ़ादर.

	How	**C**
19.	प्र. वह विद्यालय कैसे जाता है?	Q. *How* does he go the school? हाउ डज़ ही गो टु स्कूल?
	उ. स्कूल बस से।	A. *By* bus. बाइ बस.
20.	**प्र. आपके पिता जी कैसे हैं?**	**Q. *How* is your father?** हाउ इज़ योर फ़ादर?
	उ. वे स्वस्थ नहीं हैं।	A. *He's* not well. हीज़ नॉट वेल.
21.	प्र. तुम शिमला कैसे गये?	Q. *How* did you go to Simla? हाउ डिड यू गो टु शिमला?
	उ. रेलगाड़ी से।	A. *By* train. बाइ ट्रेन.
22.	प्र. तुम कैसे लौटे?	Q. *How* did you return? हाउ डिड यू रिटर्न?
	उ. बस से।	A. *By* bus. बाइ बस.
23.	प्र. शिमला में आपका स्वास्थ्य कैसा था?	Q. *How* was your health in Simla? हाउ वॉज़ योर हैल्थ इन शिमला?
	उ. मैं वहां बिल्कुल ठीक था।	A. I *was* perfectly alright there. आइ वॉज़ परफेक्टली ऑलराइट देअर.
24.	**प्र. वहां मौसम कैसा था?**	**Q. *How* was the weather there?** हॉउ वॉज़ द वेदर देअर?
	उ. काफी ठंडा था।	A. *It* was quite cold. इट वॉज़ क्वाइट कोल्ड.
25.	**प्र. आपके पुत्र की कितनी आयु है?**	**Q. *How* old is your son?** हाउ ओल्ड इज़ योर सन?
	उ. वह बारह वर्ष का है।	A. *He* is twelve. ही इज़ ट्वेल्व।
26.	प्र. यहां से कनॉट प्लेस कितनी दूर है?	Q. *How* far is Connaught Place from here? हाउ फ़ार ईज़ कनॉट प्लेस फ्रॉम हिअर?
	उ. करीब छ: किलोमीटर।	A. About six kilometres. अबाउट सिक्स किलोमीटर.
27.	प्र. अब तुम कैसा महसूस कर रहे हो?	Q. *How* are you feeling now? हाउ आर यू फ़ीलिंग नाउ?
	उ. पहले से बहुत अच्छा	A. Much better. मच बेटर.

याद रखें (Remember)

A	B
1. What do you say?	I do not know what you say.
2. What did you say?	I do not remember what you said.
3. What had you said?	I do not remember what you had said.
4. What is this?	Tell me, what this is?
5. What was that?	Tell me, what that was.

A वाले वाक्य प्रश्नसूचक हैं, B वाले सीधे हैं। प्रश्नवाचक वाक्यों को सामान्य वाक्य में बदलने के लिए (1) सहक्रियाएं do, did आदि हट जाती हैं और इन सामान्य क्रियाओं का प्रयोग होता है, जैसे — What do you say का you say और What did you say का What you said आदि (2) प्रश्नसूचक वाक्यों में सहायक क्रिया is, was, had आदि हो तो वह क्रिया object के बाद चली जाती है। इसी प्रकार इन साधारण वाक्यों के प्रश्नसूचक वाक्य इस प्रकार बनेंगे।

A	B
1. I do not know *who* he is.	*Who* is he?
2. Tell me *whom* you want.	*Whom* do you want?
3. Tell me whose book that was.	*Whose* book was that?
4. I do not know how old you are.	*How* old are you.
5. Tell me *how* she knew.	*How* did she know?
6. You did not say *whom* you had promised.	*Whom* had you promised?

प्रश्नवाचक वाक्यों में साधारण वाक्य, साधारण वाक्यों से प्रश्नवाचक वाक्य बनाने का अभ्यास कीजिए और इन्हें ऊंचे स्वर से बोलकर एक-दूसरे को सुनाइए।

---

* 'What is' का छोटा रूप (Shortened forms) what's हैं। What's का बोलचाल की भाषा में अधिक प्रयोग होता है। अब लिखने में भी इन 'Shortened form' का काफी प्रयोग होने लगा है। ऐसे दूसरे उदाहरण हैं, It is के लिए It's, you are के लिए You're, I have के लिए I've आदि!

17सत्रहवां दिन
th Day

प्रश्नवाचक वाक्य-रचना में Which, When, Where, Why आदि का प्रयोग

आप पीछे — What, Who, How शब्दों का प्रयोग करना सीख चुके हैं। अब यहां Which, When, Where, When, Why का प्रयोग सीखिए। Which शब्द का प्रयोग प्राय: बेजान वस्तुओं के संबंध में होता है। When काल बोधक शब्द है और Where स्थानबोधक। इसी प्रकार Why कारण को सूचित करता है। इन सब शब्दों के प्रयोग की एक विशेषता यह है कि इनके साथ do, did या कोई अन्य helping verb अवश्य लगाना पड़ता है।



Which	**D**
1. प्र. तुमने कौन सा गाना ज़्यादा पसंद किया– लता का या आशा का?	Q. *Which* song did you prefer— Lata's or Asha's? विच सौंग डिड यू प्रिफ़र— लता'ज़ ऑर आशा'ज?
उ. मुझे वही पसंद है, जो तुम्हें पसंद आया है।	A. I like what you have liked.आइ लाइक वॉट यू हैव लाइक्ड.
2. प्र. तुम कौन सी पुस्तक पढ़ रहे हो?	Q. *Which* book are you reading? विच बुक आर यू रीडिंग?
उ. वह उपन्यास जो तुमसे कल मांगकर लाया था।	A. It's the novel *which* I borrowed from you yesterday. इट्स द नॉवल विच आइ बॉरोड फ्रॉम यू येस्टरडे.
3. प्र. तुम्हारी मनपसंद फ़िल्म कौन-सी है?	Q. *Which* is your favourite movie? विच इज़ योर फ़ेवरिट मूवी?
उ. साउंड ऑफ़ म्यूज़िक।	A Sound of Music. साउंड ऑफ़ म्यूज़िक.

When	**E**
4. प्र. तुम अपना पाठ कब दोहराते हो?	Q. *When* do you revise your lesson? वेन डू यू रिवाइज़ योर लेसन?
उ. सवेरे।	A. In the morning. इन द मॉर्निंग.
5. प्र. तुम हमारे यहां कब आ रहे हो?	**Q. *When* are you coming to us?** वेन आर यू कमिंग टू अस?
उ. जैसे ही समय मिलेगा	A. *As* soon as I get time. एज़ सून एज़ आइ गेट टाइम.
6. प्र. तुम संजय से कब मिले?	Q. *When* did you meet Sanjay? वेन डिड यू मीट संजय?
उ. मैं उससे पिछले शनिवार को मिला था, जब वह दिल्ली आया था।	A. Last Saturday, when he came to Delhi. लास्ट सैटर्डे वेन ही केम टु डेलही.

Where	**F**
7. प्र. आप कहां काम करते हैं?	Q. *Where* do you work? वेअर डू यू वर्क?
उ. एक सरकारी दफ़्तर में।	A. In a government office. इन अ गवर्नमेण्ट ऑफ़िस.
8. प्र. आप पुस्तकें कहां से खरीदते हैं?	Q. *From where* do you buy books? फ्रॉम वेअर डू यू बाइ बुक्स?
उ. पुस्तक महल, दरियागंज।	A. *From* Pustak Mahal, Daryaganj. फ्रॉम पुस्तक महल, दरियागंज.
9. प्र. आप कहां रहते हैं?	**Q. *Where* do you live?** वेअर डू यू लिव?
उ. रूप नगर में?	A. In Roop Nagar. इन रूप नगर.
10 प्र. आपने अपना सूट कहां से खरीदा?	**Q. *From where* did you buy your suit?** फ्रॉम वेअर डिड यू बाइ योर सूट?
उ. कनॉट प्लेस से?	A. *From* Connaught Place. फ्रॉम कनॉट प्लेस.

Why	**F**
11. प्र. आप प्रतिदिन दूध क्यों पीते हैं?	**Q. *Why* do you drink milk daily?** वाइ डू यू ड्रिन्क मिल्क डेली?
उ. अपना स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए।	A. To maintain good health. टु मेन्टेन गुड हेल्थ.
12. प्र. मीनाक्षी की अध्यापिका इतनी कठोर क्यों है?	**Q. *Why* is Meenakshi's teacher so strict?** वाइ इज़ मीनाक्षी'ज़ टीचर सो स्ट्रिक्ट?
उ. क्योंकि वह अपनी छात्राओं की उन्नति चाहती है?	A. *Because* she is interested in the progress of her students. बिकॉज़ शी इज़ इन्ट्रेस्टिड इन द प्रोग्रेस ऑफ़ हर स्टूडेन्ट्स.
13. प्र. तुम यहां क्यों बैठे हो?	**Q. *Why* are you sitting here?** वाइ आर यू सिटिंग हिअर?
उ. अपने मित्र मनीष की प्रतीक्षा कर रहा हूं।	A. I'm wating for my friend Manish. आइम वेटिंग फ़ॉर माइ फ्रेंड मनीष.

याद रखें (Remember)

Who और Which इन दोनों के अर्थ के अन्तर को समझिए। Who का अर्थ है कौन और Which का कौन-सा/कौन-सी। Who मनुष्यों के लिए प्रयोग होता है और Which पशुओं तथा बेजान वस्तुओं के लिए। इस बात को नीचे दिये गये उदाहरण से अच्छी तरह मन में बैठा लीजिए:



Who:	1. वहां कौन है ?	Who's there?
	2. आगरा कौन गया ?	Who went to Agra?
	3. यहां कौन आएगा ?	Who will come here?
Which:	4. मेज़ पर कौन-सी पुस्तक है ?	Which book is on the table?
	5. कौन-सी पुस्तक मेरी है ?	Which book is mine?
	6. आपका कौन-सा कुत्ता है ?	Which is your dog?

Who और Which का एक-एक अर्थ और भी है — 'जो'। नियम वही है। मनुष्यों के लिए Who = जो और बेजान वस्तुओं के लिए Which = जो, जैसे:



1. मैं उस लड़की से मिला जो मॉनीटर है।	I met the girl who is the monitor.
2. वह लड़की जो पियानो बजा रही है, मेरी बहन है।	The girl, who is playing the piano, is my sister.
3. जो पुस्तक तुम चाहते हो, चुन लो।	Select the book, which you want.

---

* Where's—where is का संक्षिप्त बोलचाल का रूप है।

18 अठारहवां दिन
th Day

प्रश्नवाचक वाक्य-रचना (मिश्रित Miscellaneous)

प्रश्नवाचक रचना को दोहराइए। अब what, where आदि शब्दों के साथ is, are, am, was, were, has, have, had, will-shall, would, should आदि क्रियाओं को भी दोहरा लीजिए। इन क्रियाओं के प्रयोग से प्रश्नवाचक वाक्य बनते हैं। यह बात आप पीछे भी देख चुकें हैं, अब फिर से दोहराइए।

1. क्या हुआ?	What happened? वॉट हैपन्ड?
2. क्या आपने मुझे बुलाया था?	Had you asked for me? हैड यू आस्क्ड फ़ॉर मी?
3. मैं जाऊं?	May I go? मे आइ गो?
4. मैं भी चलूं?	May I accompany you? मे आइ अकम्पनी यू?
5. क्या तुम आ रहे हो?	Are you coming? आर यू कमिंग?
6. मैं लाऊं?	Should I bring it? शुड आइ ब्रिंग इट?
7. मिजाज़ कैसे हैं?/आप कैसे हैं?	How are you? हाउ आर यू?
8. समझे?	Did you understand?/ Understood? डिड यू अंडरस्टैण्ड?/अंडरस्टुड?
9. क्या मतलब?	What do you mean? वॉट डू यू मीन?
10. क्या साहब अंदर हैं?	Is the boss in? इज़ द बॉस इन?
11. कौन है?	Who is it? हू इज़ इट?
12. क्या है?	What's the matter? वॉट्स द मैटर?
13. दिनेश कहां है?	Where is Dinesh? वेअर इज़ दिनेश?
14. कब आये?	When did you come? वेन डिड यू कम?
15. शुरू करें?	Do/shall we begin? डू/शैल वी बिगिन?
16. एक काम करोगे?	Will you do one thing? विल यू डू वन थिंग?
17. क्या आज छुट्टी है?	Is it a holiday today? इज़ इट अ होलिडे टु डे?
18. तुम्हें मालूम है?	Do you know? डू यू नो?
19. तुम जाओगे नहीं?	Won't you go? वोन्ट यू गो?
20. क्या गड़बड़ है?	What's the trouble? वॉट्स द ट्रबल?
21. आप नाराज़ हैं क्या?	Are you angry? आर यू एंग्री?
22. बाल-बच्चे अच्छे हैं न?	How is the family? हाउ इज़ द फ़ैमिली?
23. मैं आपकी क्या सेवा करूं?	What can I do for you? वॉट कैन आइ डू फ़ॉर यू?
24. हम अब कहां पर हैं?	Where are we now? वेअर आर वी नाऊ?
25. कैसे तकलीफ़ की?	What brings you here? वॉट ब्रिंग्ज यू हिअर?
26. क्या उसके पास कार है?	Has he got a car? हैज़ ही गॉट अ कार?
27. आपको मुझसे कुछ काम है?	Have you any business with me? हैव यू एनी बिज़नेस विद मी?
28. कौन आ रहा है?	Who's coming? हूज़ कमिंग?

[illegible]	**Who's coming?** [illegible]
29. रात के भोजन में क्या-क्या है?	What's the menu for dinner? वॉट्स द मेन्यू फ़ॉर डिनर?
30. यह किसका टेलीफ़ोन नंबर है?	Whose telephone number is this? हूज़ टेलीफ़ोन नंबर इज़ दिस?
31. **हम कहां मिलेंगे?**	**Where shall we meet?** वेअर शैल वी मीट?
32. **तुम वापस कैसे आ गये हो?**	**How have you come back?** हाउ हैव यू कम बैक?
33. तुमने पढ़ना क्यों छोड़ दिया?	Why have you dropped your studies? वाइ हैव यू ड्राप्ड योर स्टडीज़?
34. अब आपकी मां का क्या हाल है?	How is your mother now? हाउ इज़ योर मदर नाउ?
35. आप कैसे हैं?	How do you do? हाउ डू यू डू?*
36. यहां सबसे अच्छा होटल कौन-सा है?	Which is the best hotel here? विच इज़ द बेस्ट होटल हिअर?
37. **यह कौन है?**	**Who's this?** हू'ज़ दिस?
38. वागीश कहां है?	Where is Vagish? वेअर इज़ वागीश?
39. **क्या ख़बर है?**	**What's the news?** वॉट्स द न्यूज़?
40. अब फिर भेंट कब होगी?	When shall we meet again? वेन शैल वी मीट अगेन?
41. **तुम्हारी उम्र क्या है? या आपकी उम्र क्या है?**	How old are you? हाउ ओल्ड आर यू?
42. इस कोट में कितना खर्च पड़ा है? या इस कोट पर क्या लागत लगी है?	How much did this coat cost you? हाउ मच डिड दिस कोट कॉस्ट यू?
43. आप यहां कब से हैं?	For how long have you been here? फ़ॉर हाउ लौंग हैव यू बीन हिअर?
44. **कितना समय लगेगा?**	**How long will it take?** हाउ लौंग विल इट टेक?
45. आप क्यों तकलीफ़ करते हैं?	Why do you trouble yourself? वाइ डू यू ट्रबल योरसेल्फ़?
46. सड़क बन्द क्यों है?	Why is the road closed? वाइ इज़ द रोड क्लोज़्ड?
47. आज कौन सी पिक्चर लगी है?	What movie is on today? वॉट मूवी इज़ ऑन-टुडे?
48. **आप क्या ढूंढ रहे हैं?**	**What are you looking for?** वॉट आर यू लुकिंग फ़ॉर?
49. आप इतने गंभीर क्यों हैं?	Why are you so serious? वाइ आर यू सो सीरियस?
50. मैं आज की पार्टी में क्या पहनूं?	What should I wear in the party tonight? वॉट शुड आइ वेअर इन द पार्टी टुनाइट?
51. मैं आपसे कहां संपर्क करूं?	Where should I contact you? वेअर शुड आइ कॉन्टेक्ट यू?
52. क्या कोई परेशानी है?	Is there any problem? इज़ देअर एनी प्रॉब्लम?
53. क्या आज आप देर से आयेंगे?	Are you going to be late tonight? आर यू गोइंग टु बी लेट टुनाइट?
54. क्या मैं आपके साथ डांस कर सकता हूं?	May I have a dance with you? मे आइ हैव अ डांस विद यू?
55. क्या आप हमारे साथ बैठेंगे?	Would you like to join us? वुड यू लाइक टु जॉइन अस?
56. अब मुझे क्या करना चाहिए?	What should I do now? वॉट शुड आइ डू नाउ?
57. तुम मेरी बात क्यों नहीं सुनते?	Why don't you listen to me? वाइ डोंट यू लिसन टु मी?
58. इन दिनों पोशाकों में से कौन-सी मुझ पर अधिक फ़बेगी?	Which of these two dresses will suit me better? विच ऑफ़ दीज़ टू ड्रेसिज़ विल सूट मी बेटर?

59. मुझे उसे कहां ढूंढ़ना चाहिए? Where should I look for him? वेअर शुड आइ लुक फॉर हिम?

60. मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूं? What can I do for you? वॉट कैन आइ डू फ़ॉर यू?

61. क्या मैं आपका फ़ोन इस्तेमाल कर सकता हूं? May I use your phone? मे आइ यूज़ योर फ़ोन?

62. क्या आप उसे पहचानते हैं? Do you recognize him? डू यू रेकोग्नाइज़ हिम?

याद रखें (Remember)

(i) आपने देखा कि is, am, are, was, were, had, will, would, shall, should, can, could, may, might आदि यदि वाक्य के आरम्भ में आएं तो प्रश्नसूचक वाक्य बनते हैं और बीच में (Subject के बाद) आएं तो साधारण वाक्य बनाते हैं, जैसे कि:

A	B
1. Am I a fool?	I am not a fool.
2. Were those your books?	Those were your books.
3. Had you gone there?	You had gone there.
4. Can I walk for a while?	I Can walk for a while.
5. May I come in?	I may come in.

(ii) नीचे दिये गये साधारण वाक्य ध्यान से देखिए:

1. मैं सुबह जल्दी उठता हूं। I get up early in the morning.
2. मैं सुबह जल्दी उठा। I got up early in the morning.

अब इनके नकारात्मक (Negative) वाक्य बनाइए:

3. मैं सुबह जल्दी नहीं उठता हूं। I do not get up early in the morning.
4. मैं सुबह जल्दी नहीं उठा। I did not get up early in the morning.

आपने देखा कि नकारात्मक वाक्य बनाने के लिए क्रमश: do और did जोड़ने पड़े। प्रश्नवाचक वाक्य बनाने के लिए अन्दर वाला यही do और did सबसे पहले लगता है, जैसे:

5. क्या मैं जल्दी उठता हूं ? Do I get up early in the morning?
6. क्या मैं जल्दी उठा ? Did I get up early in the morning?

* ‘How do you do? का प्रयोग किसी से पहली बार मिलने पर किया जाता है। खासतौर पर जब दो व्यक्तियों का आपस में परिचय कराया जाये। ‘हाउ डू यू डू’? के जवाब में ‘हाउ डू यू डू’ ही कहा जाता है।

19 उन्नीसवां दिन
th Day

पीछे आपने सभी कालों (Tenses) में क्रियाओं के रूप दोहराये हैं। सोलहवें और सत्रहवें दिनों में आपने प्रश्नवाचक वाक्यों की रचना भी की है। क्या आप बतला सकते हैं कि सकारात्क (Assertive) वाक्यों को प्रश्नवाचक (Interrogative) वाक्य बनाने के लिए आपको क्या करना पड़ा है? आपने सभी कालों (Tenses) में सहायक क्रियाओं को वाक्य में सबसे पहले लाकर प्रश्नवाचक वाक्य बनाये हैं। (1) अब आप ध्यान दीजिए कि नकारात्मक (negative) वाक्य कैसे बनते हैं। वाक्य में do, did, is, are, was, were, have, had, will, would, shall, should, can, could, may, might आदि क्रियाओं के साथ not जोड़ा जाता हैं, इससे नकारात्मक वाक्य बनते हैं। (2) लिखने में do not, did not, were not, have not, can not, will not, shall not, should not, would not आदि प्राय: ये रूप आते हैं, किन्तु बोलने में अधिकतर संक्षिप्त रूपों का प्रयोग होता है, जो क्रमश: इस प्रकार हैं: don't, didn't, weren't, can't, won't, shouldn't, wouldn't आदि। वैसे आजकल लिखने व बोलने में दोनों रूप प्रचलित हैं, do not की तरह पूरे और don't की तरह संक्षिप्त भी। आइए, इनका अभ्यास करें।

नकारात्मक वाक्य (Negative Sentences)

1.	मैं नहीं जानता।	I do not know. आइ डू नॉट नो.
2.	मैं कुछ नहीं पूछता।	I don't ask anything. आइ डोन्ट आस्क एनिथिंग.
3.	वह यहां नहीं आती।	She does not come here. शी डज़ नॉट कम हिअर.
4.	वह चाय बनाना नहीं जानती।	She doesn't know how to make tea. शी डज़न्ट नो हाउ टु मेक टी.
5.	कल उससे बस नहीं छूटी।	He did not miss the bus yesterday. ही डिड नॉट मिस द बस येस्टरडे.
6.	हमने यह समाचार नहीं सुना है।	We haven't heard this news. वी हैवन्ट हर्ड दिस न्यूज़.
7.	आज ठंड नहीं है।	It's not cold today. इट्स नॉट कोल्ड टुडे.
8.	वह स्त्री शादीशुदा नहीं है।	She isn't married. शी इज़न्ट मैरिड.
9.	आज हम लेट नहीं हैं।	We are not late today. वी आर नॉट लेट टुडे.
10.	वह दिल्ली में नहीं थी।	She wasn't in Delhi. शी वॉज़न्ट इन डेलही.
11.	हमने लेक्चर नहीं सुना।	We didn't attend the lecture. वी डिडन्ट अटेंड द लैक्चर.
12.	उसके लड़का नहीं है।	She doesn't have a son. शी डज़न्ट हैव अ सन.
13.	मुझे चिट्ठी नहीं मिली।	I didn't get the letter. आइ डिडन्ट गेट द लेटर.
14.	उनके पास सवारी नहीं थी।	They didn't have a conveyance. दे डिडन्ट हैव अ कन्वेयन्स.
15.	घबराओ नहीं, पिताजी नाराज़ नहीं होंगे।	Don't worry, father won't be angry. डोन्ट वरी, फ़ादर वोन्ट बी ऐंग्री.
16.	पिता जी कल घर पर नहीं होंगे।	Father won't be at home tomorrow. फ़ादर वोन्ट बी एट होम टुमॉरो.
17.	हमें कल देरी नहीं होगी।	We shan't (shall not) be late tomorrow. वी शान्ट (शैल नॉट) बी लेट टुमॉरो.
18.	मैं मोटर साइकिल नहीं चला सकता।	I can't ride a motor cycle. आइ कान्ट राइड अ मोटर साइकिल.
19.	आपको अपनी कार फ़ुटपाथ पर नहीं चलानी चाहिए।	You must not drive the car on the footpath. यू मस्ट नॉट ड्राइव द कार ऑन द फ़ुटपाथ.
20.	मैं परसों समय पर नहीं पहुंच सका।	I couldn't reach in time day before yesterday. आइ कुडन्ट रीच इन टाइम डे बिफ़ोर येस्टरडे.
21.	आपको वहां जाने की आवश्यकता नहीं है।	You needn't go there. यू नीडन्ट गो देअर.
22.	कोई समस्या नहीं।	No problem. नो प्रॉब्लम.
23.	अब हमें अपनी दुकान बंद नहीं करनी चाहिए न।	Now we shouldn't close our shop, should we? नाउ वी शुडन्ट क्लोज़ आवर शॉप, शुड वी?

प्रश्नवाची नकारात्मक वाक्य (Interrogative-cum-Negative Sentences)

1. अंग्रेज़ी में It’s hot today, is’nt it- ‘आज बड़ी गर्मी है, ना?’ अथवा It’s not cold today, is it? ‘आज ठंड नहीं हैं, ना?’ इस तरह के वाक्य बहुत प्रचलित हैं। इन्हें अंग्रेज़ी में Tail Questions कहा जाता है। ये वाक्य के अन्त में छोटे से प्रश्न के रूप में रहते हैं। यदि वाक्य सकारात्मक होता है, तो Tail Question नकारात्मक होता है, जैसे—It’s hot today, isn’t it? (देखिए वाक्य 26, 28) और यदि वाक्य, नकारात्मक होता है, तो Tail Question सकारात्मक होता है, जैसे — It is not cold today, is it? (देखिए वाक्य 27, 30)।

2. वाक्य के पहले भाग में सहायक क्रिया (helping verb) के साथ not पृथक या मिला हुआ दोनों चलते हैं, जैसे— is not, isn’t. परन्तु Tail Question में isn’t आदि

संक्षिप्त रूप ही अधिक मान्य हैं, वही प्राय: प्रयुक्त होते हैं। इसे नीचे दिये वाक्यों से आप भलीभांति समझ सकते हैं।

24.	आज बड़ी गर्मी है, है ना?	It is very hot today, isn't it? इट इज़ वेरी हॉट टुडे, इज़न्ट इट?
25.	वे विदेशी हैं, है ना?	They are foreigners, aren't they? दे आर फ़ॉरिनर्ज़, आर्न्ट दे?
26.	तुम खुश नहीं थे, है ना?	You weren't pleased, were you? यु वर्न्ट प्लीज़्ड, वर यू?
27.	कल रविवार होगा, है ना?	It will be Sunday tomorrow, won't it? इट विल बी सन्डे टुमॉरो, वोन्ट इट?
28.	हम जल्दी तैयार हो जाएंगे, है ना?	We'll be ready soon, won't we? वील बी रेडी सून, वोन्ट वी?
29.	मैं यह कभी नहीं भूल सकता, है ना?	I can never forget it, can I? आइ कैन नेवर फ़ोरगेट इट, कैन आइ ?
30.	कल मैं तुम्हारे साथ नहीं होऊंगा, है ना?	I Won't be with you tomorrow, will I? आइ वोन्ट बी विद यू टुमॉरो, विल आइ?
31.	हम पहले मिल चुके हैं, है ना?	We have met before, haven't we? वी हैव मेट बिफ़ोर, हेवन्ट वी?
32.	तुमने अपना काम समाप्त कर लिया था, है ना?	You had finished your work, hadn't you? यू हैड फ़िनिश्ड योर वर्क, हैडन्ट यू?
33.	तुम मेरे लिए पुस्तक नहीं ढूंढ सके, है ना?	You couldn't find the book for me, could you? यू कुडन्ट फ़ाइन्ड द बुक फ़ॉर मी, कुड यू?
34.	मीनाक्षी को देर से नहीं सोना चाहिए, है ना?	Meenakshi shouldn't go to bed late, should she? मीनाक्षी शुडन्ट गो टु बेड लेट, शुड शी?
35.	अमिताभ को 12 बजे तक अवश्य प्रतीक्षा करनी चाहिए, है ना?	Amitabh must wait till 12 O'clock, mustn't he? अमिताभ मस्ट वेट टिल ट्वेल्व ओ क्लॉक, मसन्ट ही?
36.	उसने अंग्रेज़ी नहीं सीखी है, है ना?	She hasn't learnt English, has she? शी हैज़न्ट लर्न्ट इंगलिश, हैज़ शी?
37.	तुम अंग्रेज़ी बोल सकते हो, है ना?	You can speak English, can't you? यू कैन स्पीक इंग्लिश, कान्ट यू?
38.	महान व्यक्ति समय खराब नहीं करते, है ना?	Great men don't waste their time, do they? ग्रेट मेन डोन्ट वेस्ट देअर टाइम, डू दे?
39.	तुम्हें इस तरह की बात नहीं करनी चाहिए, है ना?	You should not talk like this, should you? यू शुड नॉट टॉक लाइक दिस, शुड यू?
40.	कितना सुहावना मौसम है, है ना?	How pleasant it is, isn't it? हाउ प्लेज़ेंट इट इज़, इज़न्ट इट?
41.	तुम अपने को बहुत होशियार समझते हो, है ना?	You think yourself to be very clever, don't you? यू थिंक योरसेल्फ टु बी वेरी क्लेवर, डोंट यू?
42.	वह जल्दी ही यहां आ जायेगी, है ना?	She will reach here soon, won't she? शी विल रीच हिअर सून, वोन्ट शी?
43.	वह फिर घर देर से पहुंची, है ना?	She reached home late again, didn't she? शी रीच्ड होम लेट अगेन, डिडन्ट शी?
44.	हम अपना बचपन कभी नहीं भूलते, है ना?	We never forget our childhood, do we? वी नेवर फॉरगेट ऑवर चाइल्डहुड, डू वी?

याद रखें (Remember)

A

A. अंग्रेज़ी में कुछ संयुक्त शब्दों के संक्षिप्त रूप (Short forms) बोलने में अत्यंत प्रचलित हैं, इन्हें बोलने व लिखने का अभ्यास कीजिए:
do + not = don’t
does + not = doesn’t
did+ not = didn’t
is + not = isn’t
are + not = aren’t
was + not = wasn’t
were + not = weren’t
has + not = hasn’t
have + not = haven’t
had + not + hadn’t
will + not = won’t
shall + not = shan’t
can + not + can’t
must + not = mustn’t
could + not = couldn’t
need + not = needn’t
would + not = wouldn’t
should + not = shouldn’t
B. n’t forms में n पर लगे संकेत (‘n’) को Apostrophe कहते हैं।

B

Tail-Question वाले वाक्यों में से विपरीतार्थी जोड़े काम आते हैं। इनको एक साथ स्मरण कीजिए:
I did—didn’t I?
He is— isn’t he?
We are— aren’t we?
He was—wasn’t he?
You were—weren’t you?
They had—hadn’t they?
We can—can’t we?
You will—won’t you?
I shall—shan’t I?

I must—mustn’t I?
You would—wouldn’t you?
She could—couldn’t she?
She does not— does she?
You do not—do you?
अब इनका अभ्यास कीजिए:
I am— I’m आइम
We are— We’re वी’अर
You are—You’re यू’अर
They are— They’re दे’अर
He is—He’s ही’ज़
She is—She’s शी’ज़

इसी प्रकार से I have, you have, she/he has के लिए I’ve आइ’ व, यू’अव, शी.’ज/ही.’ज तथा We have और They have के लिए We’ve वी’अव, They’ve दे’अव आदि का प्रयोग होता है।

20 बीसवां दिन
th Day

11 से 15 दिन:

1 . अंग्रेज़ी में मुख्य 5 स्वर (Vowels) हैं — A, E, I, O, U, नीचे दिये शब्दों का उच्चारण कीजिए। उच्चारण करते हुए स्वरों के उच्चारण पर ध्यान दीजिए:

(a) a = आ (जैसे car)

far
star
card
hard
dark
mark
arm
farm
harm
art
part
start
heart
guard
answer
can’t
balm
palm
calm
half
craft
draft

graph
laugh

(b) y या i = आइ (जैसे my)

by
buy
cry
try
spy
style
die
lie
tie
eye
life
wife
like
strike
high
sight
right
height
fight
light
might
night
tight
bind
find
mind
kind
fine
line
nine
pipe
ripe
five

strive
drive
knife

(c) u या o = अ (जैसे cup)

but
cut
rub
bud
dull
sum
fun
gun
up
hunt
lunch
luck
rush
sun
vulgar
cutter
butter
hut
front
worry
some
dozen
cousin
Monday
son
govern
nothing
young
tongue
southern
colour
comfort

become
brother
mother
other

(d) i = इ (जैसे it)

fit
hit
this
fish
wish
him
in
sin
thin
big
bid
kid
lip
slip
trip
ill
fill
will
kill
still
kick
pick
sick
trick
quick
king
link
spring
wing
fist
list

give
live
stick
clip
pin

(e) ea, ee = इअ (जैसे near)

clear
tear
near
hear
fear
appear
ear
year
dear
rear
peer
gear
sheer
beer
deer
cheer
queer
compere

(f) ea = ई (जैसे seat)

teat
beat
heat
meat
neat
heap
mean
sea
tea
lead
read

meal
each
reach
breach
preach
teach
speak

2 . ऊपर प्रश्न 1 में (a) से (f) तक कुल 168 शब्द हैं। इनके अर्थ बताइए। न आने पर उन्हें डिक्शनरी में देखिए। इनमें से 150 के अर्थ ठीक हों, तो very good; 125 ठीक हों, तो good; 100 ठीक हों, तो 'Not bad' मानिए।

3 . प्रश्न I के 168 शब्दों में से कुछ शब्दों में स्वर तथा कुछ में व्यंजन मूक या अनुच्चरित हैं। For example, guard 'balm' और 'palm' में 'l', 'tight' व 'eight' में 'g' आदि! ऐसे ही कुछ और मूक वर्ण 'Silent letters' वाले शब्द ढूंढ कर उनकी लिस्ट बनाइए! यह भी बताइए कि उनमें कौन-सा वर्ण मूक है।

4 . इन शब्दों का उच्चारण नागरी लिपि में लिखिए, जैसे — rough - रफ़

rough
fall
philosophy
forgive
age
page
from
arm
tribes
hopes
Asia
Simla
Russia
thin
then

5 . नीचे दिये शब्दों में जो अक्षर अनुच्चरित हैं, उन्हें लिखिए:

Calm शान्त, Debt ऋण, Folk जनता, Half आधा, Knoll छोटी पहाड़ी, Lodge छोटा घर, Match दियासलाई, Villain दुष्ट, Reign शासन, Stalk टहनी, Unknown अज्ञात, Walk चलना।

6 . इन शब्दों का उच्चारण नागरी लिपि में लिखिए — ice, can, come, policy, chocolate, receipt, received, pierce, of, off, accept, borne, born, clothes, morale, moral, island, gnat, known, psychology, written, honesty, psalm, knitting, honour, wrong, hour, deny. अब किसी अच्छे शब्द-कोश से उच्चारण मिलाइए।

7 . अभ्यास के लिए इन शब्दों में से ठीक स्पेलिंग वाले शब्द छांटकर डिक्शनरी से मिलाएं:

hieght
height
speek
speak
call
calle
procced
proceed
speach
speech
near
nare
exceed
excede
treat
treet
reech
reach
exprress
express
harrass
harass
ocasion
occasion
havy
heavy
tension
tention
attack
atacke
angry

angary
attension
attention
sleep
sleap
new
nue
simpaly
simply
whitch
which
plastek
plastic
nature
nateur
velley
valley
pleese
please
tuche
touch
flower
flover
compeny
company
midal
middle
substract
subtract

16 से 19 दिन:

8 . अंग्रेज़ी में प्रश्नवाचक शब्द (Interrogative words) हैं — what, who, how, which, when, where, why आदि। नीचे दिये वाक्यों में इन शब्दों का प्रयोग हुआ है। इनका हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

1. *What* do you mean?
2. *What* does your father do?
3. *What's* wrong with you?
4. *What* has he decided?
5. *Who* do you think will be chosen?
6. *Whom* do you think I saw yesterday?
7. *Who* cleans your house?
8. *How* do you know his address?
9. *How many* boys ran in the race?
10. *How* did he work?
11. *Which* is your note book?
12. *Who* answered the question?
13. *When* did you return from Bombay?
14. *When* will you be able to repay the loan?
15. *When* are you going to start learning English?
16. *Where* do you live?
17. *Where* did she spend her summer vacation.
18. *Why* should we take exercise?
19. *Why* didn't you get up early?
20. *Why* Do people read the newspaper?
21. *What's* troubling you?

9 . निम्नलिखित अंग्रेज़ी वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए, फिर उसे नीचे छपे हिन्दी अनुवाद से मिलाइए:

(l)The shop is closed, isn't it? (2) we are late, aren't we? (3) You did come, didn't you? (4) You won't come tomorrow, will you? (5) We won't go there, will we? (6) If you hadn't told her, she wouldn't have known. (7) I'm not late today. (8) They played well, but you didn't (9) They won't reach in time, but we will. (10) My mother won't attend the wedding, but my father will. (11) I must go, but you need not. (12) You must not write in red ink. (13) He is wrong, isn't he? (14) I was with you, wasn't I? (15) You know him well, don't you? (16) We have done the work, haven't we? (17) You have learnt a lot, haven't you?

(1) दुकान बंद है, है न? (2) हम लेट हैं, हैं न? (3) तुम आए थे, है न? (4) तुम कल नहीं आओगे, है न? (5) हम वहां नहीं जाएंगे, है न? (6) यदि तुमने उसे बताया न होता, तो वह न जानती। (7) मैं आज लेट नहीं हूं। (8) वे अच्छी तरह खेले, पर तुम नहीं? (9) वे समय पर नहीं पहुंचेंगे, पर हम पहुंच जाएंगे। (10) मेरी मां शादी पर नहीं जाएंगीं, पर मेरे पिताजी जाएंगे। (11) मुझे अवश्य जाना चाहिए, पर तुम्हारे जाने की आवश्यकता नहीं है। (12) तुम्हें लाल स्याही से नहीं लिखना चाहिए। (13) वह गलत है, है न? (14) मैं तुम्हारे साथ था, है न? (15) तुम उसे अच्छी तरह से जानते हो न? (16) हमने काम कर लिया है न? (17) तुमने बहुत कुछ सीख लिया है न?

निर्देश: अब आपने अंग्रेज़ी के कई नए वाक्य सीख लिये हैं, उन्हें मित्रों के साथ बोलने का अभ्यास कीजिए।

10 . नीचे अभ्यास के लिए प्रश्न और उनके उत्तर दिये गये हैं। आप अपने साथी से कहिए कि वह आपसे प्रश्न करे और आप उत्तर दें। फिर हमारे उत्तर से मिलाएं:

प्रश्न (Questions)	उत्तर (Answers)
1. What's her dog's name?	It's Juno.
2. What do they want now?	They want more money.
3. Whom do you wish to see?	Mr. B. N. Kohli.
4. Who owns this car?	My cousin does.
5. What do you think?	I think that she will come soon.
6. What did you say?	I said that I would help her.
7. Who is coming today?	My uncle.
8. How do you earn so much money?	I work day and night.
9. How can a man make many friends?	By being a good friend himself.
10. Which book do you want now?	The Bhagvad Gita.
11. What has happened to him?	He walked into a lamp-post and hurt himself.
12. What is your suit made of?	Woollen cloth.
13. When do you plan to visit your auntie?	On Monday.
14. When will you be able to see me?	In a day or two.
15. Where did you sleep last night?	At my uncle's home.
16. Where did she invest the money?	In book trade.
17. Why must you work hard?	To succeed.
18. Why did you lend him your cycle?	Because he had to go to the market.
19. Why did you vote for Dr. Mishra?	Because he is very competent.
20. Whose telephone number is this?	Mr. Gupta's.
21. Who's it?	It's me.
22. How are you?	Fine. And you?
23. Does Rama know how to prepare tea?	No, she doesn't
24. Shall we be late tomorrow?	No, I don't think so.
25. What is the date tomorrow?	20th February.

उपर्युक्त वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

11 . निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। आपकी सुविधा के लिए वाक्यों का हिन्दी अनुवाद आगे नीचे छपा है।

(1) I want three hundred rupees on loan. (2) He is known to the Prime Minister. (3) No, not at all. He is a book-worm. (4) No sir, the postman hasn't come yet. (5) Yes, he is weak but he is good in English. (6) No, it is slow by five minutes. (7) Raju, I don't have any appetite. (8) No, this is no thoroughfare. (9) Yes, It is snowing too. (10) Yes, but it gains ten minutes every day. (11) No, I'm not thirsty. (12) I have nothing else to say. (13) No, he had a headache. (14) It takes me half an hour. (15) She has gone to her school. (16) I have been working here for the last five years. (17) Don't give up. (18) No. He is an author.

(1) मुझे तीन सौ रुपये उधार चाहिए (2) उसे प्रधानमंत्री जानते हैं। (3) नहीं, बिलकुल नहीं, वह किताबी कीड़ा है। (4) जी नहीं, डाकिया अभी नहीं आया है। (5) जी हां, वह कमज़ोर है, पर अंग्रेज़ी में अच्छा है। (6) नहीं, यह पांच मिनट पीछे है। (7) राजू, मुझे भूख नहीं है (8) नहीं, यह आम रास्ता नहीं है (9) हां, बर्फ भी पड़ रही है (10) हां, लेकिन रोज़ यह 10 मिनट आगे हो जाती है (11) नहीं, मुझे प्यास नहीं है। (12) मुझे और

कुछ नहीं कहना है (13) नहीं, उसे सरदर्द था (14) मुझे आधा घंटा लगता है (15) वह अपने स्कूल गई है। (16) मैं यहां पिछले पांच साल से काम कर रहा हूँ। (17) हार मत मानो। (18) नहीं वह एक लेखक है।

12 . प्रश्न 11 के उत्तर वाक्यों के लिए उपयुक्त प्रश्न बनाइए। आपकी सुविधा के लिए अधिकांश उत्तरों के सम्भव प्रश्न नीचे दिये गये हैं। यह ज़रूरी नहीं है कि आपका प्रश्न हमारे प्रश्न से हूबहू मिले, परन्तु यह ज़रूरी है कि आपके प्रश्न का भावार्थ हमारे प्रश्न के भावार्थ के समान ही हो।

(1) What do you want? (2) Who knows him? (3) Isn't Mahesh fond of games? (4) Is there any letter for me? (5) Is he weak in Hindi? (6) Does your watch give the correct time? (7) Will you have some milk? (8) Can we pass through this way? (9) Is it raining? (10) Is your timepiece working properly? (11) Are you thirsty? (12) What do you want to say next, Gopal? (13) Did he have fever? (14) How much time does it take you to reach school? (15) Where is your sister? (16) How long have you been working here? (17) What should I do? (18) Is your father a businessman?

अभ्यास तालिकाएं

तालिका- 5 : What, That, This, It के साथ a, an का प्रयोग। That और This में खत्म होने वाले प्रश्नवाची वाक्यों के उत्तरों में it का प्रयोग होता है। Vowels की sound वाले शब्दों के साथ an और शेष शब्दों में a का प्रयोग होता है।

तालिका [TABLE]— 5



1	2	1	2	3
What is	that? this? it?	It is	a	book large bottle small cup
			an	old book empty bottle empty cup

तालिका- 6 : What, Why, Where, How — प्रश्नवाची शब्दों वाले वाक्य।

तालिका [TABLE]— 6



1	2	3	4	5
What Why Where How	did	we you they she/he	criticise support invest manage	him for? him in the election? the money? to keep it a secret?

तालिका- 7 : Shall, Should, Will, Would को प्रश्नवाची शब्दों की तरह वाले वाक्य? प्रयोग में लाने, नम्र बनाते हैं, Should और Would प्रश्नों को नम्र बनाने के लिए प्रयोग

किए जाते हैं।

तालिका [TABLE]— 7

1	2	3	4
Shall	I	stop walking	now?
Should	we	begin to do it	soon?
Will	you	like to see it	at once?
Would	they	try the other way	tomorrow?

ऊपर की तालिकाओं से वाक्यों का अभ्यास कीजिए।

21 इक्कीसवां दिन
st Day

तीसरा अभियान (3rd Expedition)

तीसरे अभियान में हम आपको अंग्रेज़ी व्याकरण के कुछ आवश्यक पहलुओं का ज्ञान कराने जा रहे हैं। यदि आप इन्हें जान लेंगे तो आपको, मोटे रूप से, अंग्रेज़ी समझ आ जायेगी। 21 वें से 30 वें दिन के इस सेट में इन विषयों पर ध्यान दिया गया है: Pronouns, Prepositions, Co-relatives, Active and Passive Voices, Temporals, Countable Nouns, Emphasis and some notable usages . अन्त में प्रचलित Idioms भी दिये गये हैं। प्रत्येक दिन के अन्त में इन विषयों से संबंधित टिप्पणियां भी दी गयी हैं, जो विषय को समझने में बड़ी सहायक होंगीं।

आप एक-एक दिन में एक-एक करके अभ्यास कीजिए और फिर देखिए कि आप कहां-से-कहां पहुंच गये हैं। सबसे पहले सर्वनाम शब्दों का प्रयोग देखिए।

He, She, It, This, That, You, I, Each, None आदि सर्वनाम शब्दों का प्रयोग

a, an, the — articles (सामान्य प्रयोग)

1. यह हमीद है।	*This* is Hamid. दिस इज़ हमीद.
2. वह अंजु है।	*That* is Anju. दैट इज़ अंजु.
3. यह उसकी पुस्तक है।	*This* is *his* book. दिस इज़ हिज़ बुक.
4. वह उसकी डायरी है।	*That* is *her* diary. दैट इज़ हर डायरी.
5. वह लड़का है।	*He* is a boy. ही इज़ अ बॉय.
6. वह लड़की है।	*She* is a girl. शी इज़ अ गर्ल.
7. तुम एक छात्र हो।	*You* are a student. यू आर अ स्टूडेंट.
8. मैं एक क्लर्क हूं।	*I* am a clerk. आइ ऐम अ क्लर्क.
9. यह एक कलम है।	*This* is *a* pen. दिस इज़ अ पेन.
10. यह एक सेब है।	*This* is *an* apple. दिस इज़ ऐन ऐपल.
11. वह एक संतरा है।	*That's an* orange. दैट्स ऐन ऑरेन्ज.
12. मैं एक भारतीय हूं।	*I* am *an* Indian. आइ ऐम ऐन इण्डियन.
13. यही कैमरा मैं चाहता हूं।	*This* is *the* camera *I* need. दिस इज़ द कैमरा आइ नीड.
14. वही पेन मैंने भी खरीदा है।	*I* have also bought *the* same pen. आइ हैव आल्सो बॉट द सेम पेन.
15. यह पेन्सिल है, और यह मेरी है।	*This* is a pencil, and *it's mine*. दिस इज़ अ पेन्सिल, ऐंड इट्स माइन.
16. वह मेरी बकरी है।	*That* is *my* goat. दैट इज़ माइ गोट.
17. ये मेरी पुस्तकें हैं। वे तुम्हारी पुस्तकें हैं।	*These* are *my* books. *Those* are *your* books. दीज़ आर माइ बुक्स. दोज़ आर योर बुक्स.
18. ये पुस्तकें मेरी हैं। वे पुस्तकें तुम्हारी हैं।	*These* books are *mine*. *Those* books are *yours*. दीज़ बुक्स आर माइन. दोज़ बुक्स आर योर्ज़.
19. ये तुम्हारी कापियां हैं। वे मेज़ पर हैं।	*These* are *your* notebooks. *They* are on the table. दीज़ आर योर नोटबुक्स. दे आर ऑन द टेबल.
20. वे मेरे कंचे हैं। वे कई रंगों के हैं।	*Those* are *my* marbles. *They* are of different colours. दोज़ आर माइ मारबल्ज़. दे आर ऑफ़ डिफ़रेंट कलर्ज़.
21. भारत हमारा देश है। हम उसके वासी हैं।	India is *our* country. *We* are *her* inhabitants. इण्डिया इज़ आवर कन्ट्री. वी आर हर इनहैबिटेन्ट्स.

22. श्री शर्मा तुम्हारे टीचर हैं।	Mr. Sharma is *your* teacher. मि. शर्मा इज़ योर टीचर.
23. मीता और नीता बहनें हैं। उनकी मां टीचर है।	Meeta and Neeta are sisters. *Their* mother is a teacher. मीता ऐंड नीता आर सिस्टर्ज़. देअर मदर इज़ अ टीचर.
24. इन लड़कों में से हरेक खेल खेलता है।	*Each* of *these* boys plays games. ईच ऑफ़ दीज़ बॉयज़ प्लेज़ गेम्ज़.
25. वहां हममें से कोई न गया।	*None* of *us* went there. नन ऑफ़ अस वेन्ट देअर.
26. हमने छुट्टियों के दौरान आनन्द मनाया।	*We* enjoyed ourselves during the holidays. वी एंजॉयड आवर- सेल्व्ज़ ड्यूरिंग द हॉलीडेज़.
27. जो कोई सबसे बढ़िया रहेगा, उसे पुरस्कार मिलेगा।	*Whoever* is the best, will get a prize. हूएवर इज़ द बेस्ट, विल गेट अ प्राइज़.
28. वह मुझसे बुद्धिमान है।	*He* is wiser than *me*. ही इज़ वाइज़र दैन मी.
29. मेरी लिखाई मेरे भाई की लिखाई से अच्छी है।	*My* handwriting is better than *that* of *my* brother. माइ हैंडराइटिंग इज़ बेटर दैन दैट ऑफ़ माइ ब्रदर.
30. वह क्या है? वह एक कंप्यूटर है।	What is *that?—That's* a computer. वॉट इज़ दैट? दैट्स अ कंप्यूटर.
31. वे क्या हैं? वे कैसेट्स हैं।	What are *those?— Those* are cassettes. वॉट आर दोज़? दोज़ आर कैसेट्स.
32. यह एक बक्सा है। ये इसके कोने हैं।	*This* is a box. *These* are *its* corners. दिस इज़ अ बॉक्स, दीज़ आर इट्स कॉर्नर्ज़.
33. वह कौन है? वह मेरा सहकर्मी है।	*Who* is *that?— He* is *my* colleague. हू इज़ दैट?—ही इज़ माइ कोलीग.
34. यह किसकी कापी है?	*Whose* notebook is *this?* हूज़ नोटबुक इज़ दिस?
35. यह उसकी है।	It's *hers*. इट्स हर्ज़.
36. यह गाय हमारी है।	*This* cow is *ours*. दिस काउ इज़ आवर्ज़.
37. वे दुकानें उनकी हैं।	*Those* shops are *theirs*. दोज़ शॉप्स आर देअर्ज़.
38. यह घड़ी मेरी है।	*This* watch is *mine*. दिस वॉच इज़ माइन.
39. यह घर आपका है।	*This* house is *yours*. दिस हाउस इज़ योर्ज़.
40. यह घर उसका है।	*This* house is *his*. दिस हाउस इज़ हिज़.
41. तुम्हारी पेंटिंग सबसे अच्छी है।	*Your* painting is the best. योर पेंटिंग इज़ द बेस्ट.
42. मैं तुम्हारी बात ध्यान से सुन रहा हूं।	*I* am listening to you attentively. आइ एम लिसनिंग टु यू अटेंटिवली.
43. दरवाज़ा कौन खटखटा रहा है।	*Who* is knocking at the door? हू इज़ नॉकिंग एट द डोर?
44. वह किसका सामान है?	*Whose* luggage is this? हूज़ लगेज इज़ दिस?
45. वह बिल्कुल दूसरी बात है।	*That's* a different matter altogether. दैटस अ डिफ़रेंट मैटर ऑलटुगेदर.
46. उसे समय की कीमत नहीं मालूम है।	*She* doesn't know the value of time. शी डज़न्ट नो द वैल्यू ऑफ़ टाइम.
47. तुम उन पर भरोसा कर सकते हो।	*You* can trust them. यू कैन ट्रस्ट देम.
48. मैं आपका बहुत एहसानमंद हूं।	*I* am very thankful to *you*. आइ ऐम वेरी थैंकफुल टु यू.

49. उसके रुखे व्यवहार से मुझे धक्का पहुंचा।	*His* rude behaviour shocked *me*. हिज़ रूड बिहेविअर शॉक्ड मी.
50. मुझे तुमसे ऐसी आशा कभी न थी।	*I* never expected this from *you*. आइ नेवर एक्सपेक्टिड फ्रॉम यू.
51. ये किताबें मेरे किसी काम की नहीं हैं।	*These* books are of no use to *me*. दीज़ बुक्स आर ऑफ़ नो यूज़ टु मी.
52. हमें अभी तुरंत जाना है।	*We* have to leave at once. वी हैव टु लीव ऐट वन्स.
53. उनके दिल्ली में अपने मकान हैं।	*They* have their own houses in Delhi. दे हैव देअर ओन हाउसिज़ इन डेल्ही.
54. वह दुकान मेरे चाचा जी की है।	*That* shop belongs to *my* uncle. दैट शॉप बिलोंग्ज़ टु माइ अंकल.

याद रखें (Remember)

1. *He (She)* और That इन सभी का अर्थ 'वह' होता है, पर He, She पुरुषवाचक सर्वनाम हैं, ओर That निश्चयवाचक सर्वनाम है अर्थात् He और She क्रमश: पुरुष और स्त्री का बोध कराते हैं, पर That (वह)उस वस्तु का निश्चय करता है — यह नहीं, वह लाओ Bring that, not this.
2. This, That निश्चयवाचक सर्वनाम हैं। These (This का) बहुवचन रूप है और Those (that) का।
3. This (यह) That (वह) — इन दोनों के बदले अगले वाक्यों में (प्रसंग में) It का प्रयोग होता है।
4. These (ये), Those (वे) — इन दोनों के बदले अगले वाक्यों में (प्रसंग रूप में) They आता है।
5. A, an, the— ये articles कहलाते हैं। A, an अनिश्चयवाची है; the निश्चयवाची? सामान्यतया जिन संज्ञा शब्दों की गिनती हो सकती है (countable), उनके आगे a या an लगता है, जैसे — a book, a cat, an animal, an egg आदि। जिन Countable शब्दों का पहला वर्ण a, e, i, o, u, में से कोई हो या जो वावल या स्वर की ध्वनि से शुरू हो, वहां प्राय: 'an' लगता है, जैसे — an animal, an Indian आदि। जिन शब्दों में पहला वर्ण व्यंजन होता है, वहां a लगता है — a man, a cat आदि।
6. The निश्चयवाची article किसी व्यक्ति या वस्तु विशेष को इंगित करने के लिए प्रयोग में आता है, जैसे —This is *the* book I need. यह है (वही) पुस्तक जिसकी मुझे आवश्यकता है, आदि। इसका विस्तृत प्रयोग आगे देखें।

This, that, these, those are called Demonstrative adjectives when they are used with nouns. For example: This book, that dog, these shops, those houses etc.

22 बाईसवां दिन
nd Day

स्थान सूचक (Platial) शब्दों से बने वाक्य

[on, at, into, in, of, to, by, with, besides, beside, between, among, over]

अंग्रेज़ी भाषा की वाक्य-रचना में Prepositions का बड़ा महत्त्व है। अंग्रेज़ी भाषा के शिक्षार्थियों को बड़ी सावधानी से इनका ठीक-ठाक प्रयोग सीखना चाहिए। कुछ Prepositions का संबंध स्थान, समय, विधि आदि के साथ होता है, और कुछ का कारण और गति के साथ। इन सबका अभ्यास बड़े ध्यान से करना चाहिए। Prepositions प्राय: संज्ञा, सर्वनाम या संज्ञार्थक अन्य शब्दों का दूसरे शब्दों के साथ संबंध बताती हैं। ये प्राय: संज्ञा आदि शब्दों से पहले लगती हैं, और कभी-कभी बाद में भी जोड़ी जाती हैं। इनका अच्छी तरह अभ्यास करके आप इन्हें आसानी से सीख सकते हैं।

1. पुस्तक बक्से पर है।	The book is on the box. द बुक इज़ ऑन द बॉक्स.
2. कंप्यूटर मेज पर है।	The computer *is* on the table.द कम्प्यूटर इज़ ऑन द टेबल.
3. क्लर्क सीट पर बैठा है।	The clerk is *at* the seat. द क्लर्क इज़ ऐट द सीट.
4. दरवाज़े पर हरा पेन्ट है।	There is green paint *on* the door. देअर इज़ ग्रीन पेन्ट ऑन द डोर.
5. पिताजी दरवाजे पर खड़े हैं।	Father is standing *at* the door. फ़ादर इज़ स्टैंडिंग ऐट द डोर.
6. मैं आपको घर पर मिलूंगा।	I'll see you *at* home. आइल सी यू ऐट होम.
7. नेहा कमरे में आ रही है।	Neha is coming *into* the room. नेहा इज़ कमिंग इन्टू द रूम.
8. रिषभ और रिचा दोनों कमरे में हैं।	Rishabh and Richa, both are *in* the room. रिषभ ऐंड रिचा बोथ आर इन द रूम.
9. मैं गिलास में थोड़ा-सा और पानी डालूंगा।	I'll pour some more water *into* the glass. आइल पोर सम मोर वॉटर इन्टू द ग्लास.
10. लोग नदी में स्नान करते हैं।	People bathe *in* the river. पीपल् बेद इन द रिवर.
11. हम बेन्च पर बैठते हैं, किन्तु पिताजी आराम कुर्सी पर बैठते हैं।	We sit *on* the bench, but father sits *in* the arm-chair. वी सिट ऑन द बेन्च, बट फ़ादर सिट्स इन दी आर्म-चेयर.
12. आप मेज़ पर क्यों नहीं बैठते?	Why don't you sit *at* the table. वाइ डोन्ट यू सिट ऐट द टेबल?
Utter (v) (अटर) बोलना	[-ance] Utterance (n) (अटरेन्स) उच्चारण।
Grieve (v) (ग्रीव) शोक करना	[-ance] Grievance (n) (ग्रीवेन्स) कष्ट।
Guide (v) (गाइड) मार्ग दिखाना	[-ance] Guidance (n) (गाइडेन्स) मार्ग-दर्शन।
Interfere (v) (इंटरफ़ियर) दखल देना	[-ence] Interference (n) (इंटरफ़ियरेन्स) हस्तक्षेप।
Differ (v) (डिफ़र) मतभेद करना	[-ence] Difference (n) (डिफ़रेन्स) मतभेद।
Prefer (v) (प्रेफ़र) प्राथमिकता देना	[-ence] Preference (n) (प्रिफ़रेन्स) प्राथमिकता।
Occur (v) (अकर) घटित होना	[-ence] Occurrence (n) (अकरेन्स) घटना।

इसी प्रकार इन शब्दों के आगे -ance या -ence लगाएं—depend, refer, indulge, reside में [-ence] और contrive, endure, insure, observe में [-ance] प्रत्यय लगता है।

2. अनेक बार भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए-ment प्रत्यय (suffix) लगाया जाता है। जैसे improve से improvement आदि।

अब नीचे दिए गए क्रिया शब्दों के साथ -ment लगा कर नये शब्द बनाएं और उनके अर्थ शब्दकोश में ढूंढें।

Achieve (एचीव) प्राप्त करना,
Amuse (एम्यूज़) आनन्द करना,
Postpone (पोस्टपोन) स्थगित करना,
Move (मूव) हिलना
Advertise (एडवरटाइज़) विज्ञापन देना
Announce (एनाउन्स) घोषित करना
State (स्टेट) कहना
Settle (सैटल) फैसला करना
Measure (मेज़र) मापना
Excite (एक्साइट) उत्तेजित होना

N. B .: ऊपर दिए गए शब्दों में ment लगाया जाता है। achieve + ment = achievement.

अपवाद (exception) - 1. नीचे दिये गए शब्द में -ment मिलाने पर क्रिया शब्द के अन्तिम e का लोप हो जाता है।

Argue (आरग्यू) तर्क करना   Argue + ment = Argument

3. Y के अंत वाली क्रियाओं के आगे प्रत्यय (suffix) लगाने पर y का i हो जाता है। नीचे दी हुई तालिका से उसका सम्यक अभ्यास कीजिए।

Ally (v) (एलाइ) साथ देना	[-ance] Alliance (n) (एलायन्स) साथ, सहयोग
Carry (v) (कैरी) उठा ले जाना	[-age] Carriage (n) (कैरिज) भार उठाने वाली गाड़ी
Marry (v) (मैरी) विवाह करना	[-age] Marriage (n) (मैरिज) विवाह
Envy (v) (एन्वी) ईर्ष्या करना	[-ous] Envious (n) (एन्वियस) ईर्ष्यालु
Apply (v) (एप्लाई) प्रार्थना पत्र देना	[-cation] Application (n) (एप्लिकेशन) प्रार्थनापत्र
Qualify (v) (क्वालीफ़ाइ) योग्य होना	[-cation] Qualification (n) (क्वॉलिफ़िकेशन) योग्यता
Try (v) (ट्राई) यत्न करना	[-al] Trial (n) (ट्रायल) यत्न
Deny (v) (डिनाई) इन्कार करना	[-al] Denial (n) (डिनायल) अस्वीकृति

but किन्तु

betray (v) (बिट्रे) धोखा देना

betrayal (n) (बिट्रेयल) धोखा

4. अनेक बार भाव वाचक संज्ञा -al प्रत्यय (suffix) लगाकर बनाई जाती है— जैसे refuse + al = refusal अस्वीकृति। शब्द के अन्त में e हो तो उसका लोप हो जाता है (जैसे refusal में refuse के e का हुआ है।)

अब आगे दिये गए शब्दों में -al प्रत्यय लगाएं और नये शब्दों को शब्दकोश में ढूंढें—

Approve (स्वीकार करना), arrive (आना, पहुंचना), dispose (बेचना), propose (प्रस्तावित करना), betray (धोखा देना।)

5. कई बार विशेषण भी -al प्रत्यय (suffix) लगा कर बनाए जाते हैं।

जैसे—centre + al = central (centre की अन्तिम e का लोप हो गया है।)

अब नीचे दिये शब्दों के विशेषण -al प्रत्यय जोड़ कर बनाएं और शब्द कोश में उनके अर्थ भी ढूंढें।

Continue (जारी रखना), fate (भाग्य), nature (प्रकृति), universe (संसार), practice (अभ्यास करना)

6. Y के अन्त वाले विशेषण-शब्दों के आगे प्रत्यय (suffix) लगने पर y का i हो जाता है।

Adj. विशेषण	Adv. क्रिया विशेषण	Noun संज्ञा
Busy (बिज़ी) व्यस्त	busily व्यस्तता पूर्वक	business व्यस्तता
Easy (ईज़ी) आसान	easily आसानी के साथ	easiness सरलता
Heavy (हैवी) भारी	heavily भारीपन से	heaviness भारीपन
Happy (हैप्पी) प्रसन्न	happily प्रसन्नता के साथ	happiness प्रसन्नता
Lucky (लकी) भाग्यवान	luckily भाग्य से	luckiness भाग्यशालिता
Ready (रैडी) प्रस्तुत, तैयार	readily एकदम	readiness तैयारी
Steady (स्टैडी) स्थिर	steadily स्थिरता के साथ	steadiness स्थिरता

देखते ही देखते अब आपको विशेषण से क्रिया विशेषण तथा संज्ञाएं बनाना आ गया है। इसी प्रकार अब स्वयं ही विशेषण से संज्ञाएं बनाने का अभ्यास कर सकते हैं।

7. नीचे दिए उपसर्गों से नये शब्द बनाने का अभ्यास कीजिये। अर्थ भी मन में बैठाइए। फिर लिखिए।

in (= नहीं)	dependent	independent
	dependence	independence
	definite	indefinite
	justice	injustice
-im (= नहीं)	practicable	impracticable
	possible	impossible
	proper	improper
	patience	impatience
	moral	immoral
	mortal	immortal
-irr(= नहीं)	reversible	irreversible
	responsible	irresponsible
	removable	irremovable
-il (+ नहीं)	legible	illegible
-mis (= बुरा)	deed	misdeed
	conduct	misconduct
	management	mismanagement

विराम चिन्ह
PUNCTUATION AND CAPITAL LETTERS

किसी नगर के मेयर एक बार किसी स्कूल का मुआइना करते हुए उस कक्षा में पहुंचे जहां punctuation और capital letters का विषय पढ़ाया जा रहा था। वे बहुत नाराज़ हुए और बोले कि एक मूर्ख के सिवा और कोई भी व्यक्ति ऐसा निरर्थक विषय नहीं पढ़ा सकता। अध्यापक महोदय ने शांत रहते हुए blackboard पर यह लिखा—The Mayor says, “The teacher is a fool.” अर्थात् मेयर कहते हैं कि अध्यापक मूर्ख है। इससे मेयर बहुत प्रसन्न हुए। अब अध्यापक महोदय ने मेयर से कहा कि अब मैं इस वाक्य में केवल punctuation और capital letters बदलूंगा और तब पूर्वोक्त वाक्य को ऐसे लिखा— “The Mayor”, says the teacher, “is a fool”. अर्थात् अध्यापक कहते है कि मेयर मूर्ख है। वाक्य का एकदम विपरीत अर्थ होता देख कर मेयर महोदय बहुत शर्मिंदा हुए और उन्होंने punctuation और capital letters के महत्त्व को स्वीकार किया। हमें भी ऐसे ही करना चाहिए। प्रमुख विराम चिन्ह नीचे दिये गए हैं।

Full Stop — हर assertive और imperative वाक्य के अन्त में तथा abbreviations और initials के बाद लगता है, जैसे—

(i) Alexander invaded India .
(ii) Sit down .
(iii) Shri S. N. Mishra is a prominent M.P. from Bihar .

Question Mark — हर interrogative वाक्य के अन्त में, जैसे— Have you seen the Taj?

Exclamation Mark — हर exclamatory वाक्य के अंत में, जैसे—

What a marvel the newspaper is!

Semicolon — यह full stop से आधे समय को प्रकट करता है, जैसे—

Her mind was still untouched by any doubt as to what she ought to do; and she felt at rest in the assurance that Nala still loved her better than his own soul.

Colon — यह semicolon से लम्बा ठहराव प्रकट करता है, और यह गणना को प्रारम्भ करने के काम आता है, जैसे—

These are the important rivers of India: the Indus, the Ganges, the Brahmaputra, the Godavari, the Krishna and the Cauvery.

Quotations or Inverted Commas — वक्ता के शब्दों के लिए, जैसे—Ram says, "Dev bowls well".

Apostrophe — Possession या missing letter/letters के लिए, जैसे—

Mohan doesn't sit on his father's chair.

Comma — इसके विविध उपयोग हैं, जैसे—

(i) Yes, I know him .
(ii) Monday, 15th January. January 20, 1939 .
(iii) Ravana, the king of Sri Lanka, kidnapped Sita, the wife of Rama .
(iv) Mohan, get me a glass of water . (सम्बोधित व्यक्ति का नाम अलग करने के लिए).
(v) In the south the Godavari, the Krishna and the Cauvery are the longest rivers. (and द्वारा न जुड़े हुए समान शब्दों को अलग करने हेतु).
(vi) Light and fresh air are in abundance in villages, but they are shut out from the house. (Conjunction द्वारा जुड़ी हुई coordinate clauses अलग करने हेतु).
(vii) The teacher said , " Ice floats on water ".
" Help me to get the Golden fleece ," said Jason to Medra. (Direct speech को main verb से अलग करने के लिए).

(viii) When he doesn't have any work in the off season, he idles away his time . (वाक्य के प्रारम्भ में आने वाली adverb clause को अलग करने हेतु).

(ix) Damayanti, that was the name of the Princess, entered the pavilion with a garland in her hands . (वाक्य के बीच में आए parenthetical यानी कोष्ठकों में रखे जाने वाले शब्दों को अलग करने हेतु).

(x) The time being favourable, Buddha quietly slipped away from the palace. (nominative absolute अलग करने के लिए).

(xi) The evil spirit, who had only been seen by Nala, disappeared from sight. (adjective clause को main clause से अलग करने हेतु).

(xii) Believing the words of the fox, the goat jumped into the well. (participle वाली या adjective का काम करने वाली phrases अलग करने हेतु).

Capitals — अंग्रेज़ी में capital यानी बड़े अक्षरों के निम्नलिखित प्रयोग हैं:—

(i) वाक्य प्रारम्भ करने हेतु, जैसे— India has produced many great men and women .

(ii) Proper noun दर्शाने हेतु— It takes two hours to reach Meerut by train .

(iii) Title (ख़िताब) दर्शाने के लिए— Alexander, The Great, invaded India .

(iv) Initials यानी नाम के प्रारम्भिक अक्षरों के लिए, जैसे— This article is from the pen of M. K. Gandhi :

(v) परमात्मा या भगवान के नाम और संबन्धित सर्वनामों के लिए— My God and king, to thee I bow my head .

(vi) I यानी मैं के लिए, जैसे— It was over nine years ago when I visited Hardwar .

(vii) Poetry की हर line के प्रारंभ में, जैसे— Now is the time to study hard; Work will bring its own reward; Then work, work, work !

(viii) Quotation marks के अन्दर वाक्य शुरू करते समय, जैसे— I said to you , " I want your help ."

शब्दों के संक्षिप्त रूप
ABBREVIATIONS

abbr.	abbreviated abbreviation
adj.	adjective, adjourned, adjustment
Advt.	Advertisement
A.M.	*ante meridiem* (before noon)
amt.	amount
ans.	answer
Apr.	April
Aug.	August
B.A.	Bachelor of Arts
B.B.C.	British Broadcasting Corporation
B.C.	Before Christ
B.Com.	Bachelor of Commerce
B.Sc.	Bachelor of Science
B.P.	Blood Pressure
B.O.A.C.	British Overseas Airways Corporation
Capt.	Captain
Cf.	confer, compare
Chap.	chapter
Chq.	cheque
C.I.D.	Criminal Investigation Department
cm.	centimetre(s)
Co.	company
c/o.	care of
cp.	compare
D.	dollar
Dec.	December
deg.	degree(s)
dft.	draft
dict.	dictionary
dis.	discount, discoverer
D.Litt.	Doctor of Literature
D.L.O.	Dead Letter Office
do	ditto (the same as aforesaid)
D. Phil.	Doctor of Philosophy
dpt.	department
Dr.	debtor, doctor
D.C.	direct current, deputy commissioner
E.	East
E. and O.E.	errors and omissions excepted
Ed.	editor, education
Eng.	England, English
Engr.	engineer
esp.	especially
Esq./Esqr.	esquire,
Est.	established
E.T.	English Translation
etc.	*et cetera,* and the other,
ex.	example
F. (Fahr)	Fahrenheit
f.	following
fam.	family
Feb.	February
fem.	feminine
ff.	folios (pl), following (pl)
Fig.	figure
Lat.	Latin
lat.	latitude
lab.	laboratory
lang.	language
lb.	libra, pound
Lt.	Lieutenant
Lt.-Gen.	Lieutenant-General
Ltd.	Limited
Lt.-Gov.	Lieutenant Governor
mag.	magazine
Maj.	Major
Mar.	March
marg.	margin, marginal
mas., masc.	masculine
M.B.	Medicinae Baccalaureus, Bachelor of Medicine
M.D.	Medicinae Doctor, Doctor of Medicine

f. o. r.	free on rail
ft.	foot, feet, fort
g.	gram
gaz.	gazette, gazetteer
Gen.	General
gen.	gender
G.P.O.	General Post Office
Gr.	Greek
H.	Hydrogen
h., hr.	hour
Hon.	Honourable
H.Q.	headquarters
I.A.	Indian Army
ib.	*ibid., ibidem,* in the same place
id.	idem, the same
i.e.	*id. est* (that is)
I.G.	Inspector General
inst.	instant, the present month
int.	interest, interior, interpreter
intro., introd.	introduction
inv.	invoice
ital.	italic
J.	Judge, Justice
Jan.	January
Junc.	junction
kc.	kilocycle
kg.	kilogram
km.	kilometre
kw.	kilo watts

med.	medical, medicine, mediaeval
Messrs.	*Messieurs* (Fr.) Sirs, used as plural of Mr.
min.	minimum, minute
misc.	miscellaneous
ml.	millilitre
M.L.A.	Member of Legislative Assembly
M.L.C.	Member of Legislative Council
mm.	millimetre(s)
M.O.	Medical Officer, Money Order
morn.	morning
M.P.	Member of Parliament
m.p.h.	miles per hour
Mr.	Master, Mister
Mrs.	Mistress
M.S.	Manuscript(s), Master of Surgery
mth.	month
N.	North, Northern
n.	name
N. B., n.b.	*nota bene,* note well, or take notice
n.d.	no date, not dated
neg.	negative
No., no.	numero, in number
Nos. nos.	numbers (pl)
Nov.	November
O	Oxygen
ob.	obituary, died
obj.	object, objective
Oct.	October
off.	official
O.K.	Orl Korrect, All correct
o.p.	out of print

opp.	opposite
ord.	order, ordinary, ordinance
Oz.	ounce(s)
p.	page, pp. pages (pl)
P.C.	post card
per cent.	per centum, by the hundred
Ph. D.	Doctor of Philosophy
plu., plur.	plural
P.M.	post meridiem (after noon)
P.O.	Post Office
P.T.	physical training
P.T.O.	please turn over
P.W.D.	Public Works Department
Q.	query, question,
Q	queue
qr.	quarter
qt.	quantity
Rd.	road
Re.	Rupee
recd.	received
recpt.	receipt
ref.	reference
Rep.	representative, report, reporter
retd.	retired, returned
Regt.	Regiment
Rs.	Rupees
R.S.V.P.	*repondez s'Il vous plait* (Fr.), reply if you please
S.	South, seconds
Sa., Sat.	Saturday
s.c.	small capital
s.d.	*sine die,* without a day (fixed)
SEATO	South-East Asia Treaty Organisation
Sec., Secy.	Secretary
sec.	second
Sep., Sept.,	September
sig.	signature
sing.	singular
Sq., sq.	square
St.	Street
st.	stone
sub., subj.	subject
T.B.	tuberculosis
tech.	technical, technology
tel.	telegraph
T.O.	turn over
tr.	translator, transpose
TV	television
U.S.A.	United States of America
U.S.S.R.	Union of Soviet Socialist Republics
U.	uranium, universal
U.D.C.	upper division clerk
U.K.	United Kingdom
U.P.	United Provinces, Uttar Pradesh
Vs.	versus, against
vb.	verb
vid.	vide, see
viz.	videlicet, namely
V.I.P.	Very Important Person
V.P.	Vice President
vt.	verb transitive
W.	West
Wed.	Wednesday
w.e.f.	with effect from
w.f.	wrong fount
WHO	World Health Organisation
wt.	weight
X.	Roman numeral for ten
X., Xt.	Christ
Xm., Xmas.	Christmas
y. yr.	year
Y.M.C.A.	Young Men's Christian Association
Zn.	Zinc
&	et, and

संख्याएं
NUMERALS

हिन्दी	उच्चारण		अंग्रेज़ी	उच्चारण	रोमन	हिन्दी	उच्चारण		अंग्रेजी	उच्चारण	रोमन
अंक		अंक	लिपि		अंक	अंक		अंक	लिपि		अंक
१	एक	1	One	वन	I	५१	इक्यावन	51	Fifty one	फ़िफ़टी वन	LI
२	दो	2	Two	टू	II	५२	बावन	52	Fifty two	फ़िफ़टी टू	LII
३	तीन	3	Three	थ्री	III	५३	तिरपन	53	Fifty three	फ़िफ़टी थ्री	LIII
४	चार	4	Four	फ़ोर	IV	५४	चौवन	54	Fifty four	फ़िफ़टी फ़ोर	LIV
५	पांच	5	Five	फ़ाइव	V	५५	पचपन	55	Fifty five	फ़िफ़टी फ़ाइव	LV
६	छः	6	Six	सिक्स	VI	५६	छप्पन	56	Fifty six	फ़िफ़टी सिक्स	LVI
७	सात	7	Seven	सेवर्न	VII	५७	सत्तावन	57	Fifty seven	फ़िफ़टी सेवन	LVII
८	आठ	8	Eight	एट	VIII	५८	अट्ठावन	58	Fifty eight	फ़िफ़टी एट	LVIII
९	नौ	9	Nine	नाइन	IX	५९	उनसठ	59	Fifty nine	फ़िफ़टी नाइन	LIX
१०	दस	10	Ten	टेन	X	६०	साठ	60	Sixty	सिक्सटी	LX
११	ग्यारह	11	Eleven	इलेवंन	XI	६१	इकसठ	61	Sixty one	सिक्सटी वन	LXI
१२	बारह	12	Twelve	ट्वेल्व	XII	६२	बासठ	62	Sixty two	सिक्सटी टू	LXII
१३	तेरह	13	Thirteen	थर्टीन	XIII	६३	तिरेसठ	63	Sixty three	सिक्सटी थ्री	LXIII
१४	चौदह	14	Fourteen	फ़ोर्टीन	XIV	६४	चौंसठ	64	Sixty four	सिक्सटी फ़ोर	LXIV
१५	पन्द्रह	15	Fifteen	फ़िफ़्टीन	XV	६५	पैंसठ	65	Sixty five	सिक्सटी फ़ाइव	LXV
१६	सोलह	16	Sixteen	सिक्सटीन	XVI	६६	छियासठ	66	Sixty six	सिक्सटी सिक्स	LXVI
१७	सत्रह	17	Seventeen	सेवनटीन	XVII	६७	सड़सठ	67	Sixty seven	सिक्सटी सेवन	LXVII
१८	अठारह	18	Eighteen	एटीन	XVIII	६८	अड़सठ	68	Sixty eight	सिक्सटी ऐट	LXVIII
१९	उन्नीस	19	Nineteen	नाइनटीन	XIX	६९	उनहत्तर	69	Sixty nine	सिक्सटी नाइन	LXIX
२०	बीस	20	Twenty	ट्वेंटी	XX	७०	सत्तर	70	Seventy	सेवंटी	LXX
२१	इक्कीस	21	Twenty one	ट्वेंटी वन	XXI	७१	इकहत्तर	71	Seventy one	सेवंटी वन	LXXI
२२	बाईस	22	Twenty two	ट्वेंटी टू	XXII	७२	बहत्तर	72	Seventy two	सेवंटी टू	LXXII
२३	तेईस	23	Twenty three	ट्वेंटी थ्री	XXIII	७३	तिहत्तर	73	Seventy three	सेवंटी थ्री	LXXIII
२४	चौबीस	24	Twenty four	ट्वेंटी फ़ोर	XXIV	७४	चौहत्तर	74	Seventy four	सेवंटी फ़ोर	LXXIV
२५	पच्चीस	25	Twenty five	ट्वेंटी फ़ाइव	XXV	७५	पचहत्तर	75	Seventy five	सेवंटी फ़ाइव	LXXV
२६	छब्बीस	26	Twenty six	ट्वेंटी सिक्स	XXVI	७६	छिहत्तर	76	Seventy six	सेवंटी सिक्स	LXXVI
२७	सत्ताईस	27	Twenty seven	ट्वेंटी सेवन	XXVII	७७	सतहत्तर	77	Seventy seven	सेवंटी सेवन	LXXVII
२८	अठाईस	28	Twenty eight	ट्वेंटी एट	XXVIII	७८	अठत्तर	78	Seventy eight	सेवंटी एट	LXXVIII
२९	उनतीस	29	Twenty nine	ट्वेंटी नाइन	XXIX	७९	उन्यासी	79	Seventy nine	सेवंटी नाइन	LXXIX
३०	तीस	30	Thirty	थर्टी	XXX	८०	अस्सी	80	Eighty	एटी	LXXX
३१	इक्तीस	31	Thirty one	थर्टी वन	XXXI	८१	इक्यासी	81	Eighty one	एटी वन	LXXXI
३२	बत्तीस	32	Thirty two	थर्टी टू	XXXII	८२	बयासी	82	Eighty two	एटी टू	LXXXII
३३	तेंतीस	33	Thirty three	थर्टी थ्री	XXXIII	८३	तिरासी	83	Eighty three	एटी थ्री	LXXXIII
३४	चौंतीस	34	Thirty four	थर्टी फ़ोर	XXXIV	८४	चौरासी	84	Eighty four	एटी फ़ोर	LXXXIV
३५	पैंतीस	35	Thirty five	थर्टी फ़ाइव	XXXV	८५	पच्चासी	85	Eighty five	एटी फ़ाइव	LXXXV
३६	छत्तीस	36	Thirty six	थर्टी सिक्स	XXXVI	८६	छियासी	86	Eighty six	एटी सिक्स	LXXXVI
३७	सैंतीस	37	Thirty seven	थर्टी सेवन	XXXVII	८७	सत्तासी	87	Eighty seven	एटी सेवन	LXXXVII
३८	अड़तीस	38	Thirty eight	थर्टी एट	XXXVIII	८८	अट्ठासी	88	Eighty eight	एटी एट	LXXXVIII
३९	उनतालीस	39	Thirty nine	थर्टी नाइन	XXXIX	८९	नवासी	89	Eighty nine	एटी नाइन	LXXXIX
४०	चालीस	40	Forty	फ़ोर्टी	XL	९०	नब्बे	90	Ninety	नाइन्टी	XC
४१	इकतालीस	41	Forty one	फ़ोर्टी वन	XLI	९१	इक्यानवे	91	Ninety one	नाइन्टी वन	XCI
४२	बयालीस	42	Forty two	फ़ोर्टी टू	XLII	९२	बानवे	92	Ninety two	नाइन्टी टू	XCII
४३	तेंतालीस	43	Forty three	फ़ोर्टी थ्री	XLIII	९३	तिरानवे	93	Ninety three	नाइन्टी थ्री	XCIII
४४	चौवालीस	44	Forty four	फ़ोर्टी फ़ोर	XLIV	९४	चौरानवे	94	Ninety four	नाइन्टी फ़ोर	XCIV
४५	पैंतालीस	45	Forty five	फ़ोर्टी फ़ाइव	XLV	९५	पचानवे	95	Ninety five	नाइन्टी फ़ाइव	XCV
४६	छियालीस	46	Forty six	फ़ोर्टी सिक्स	XLVI	९६	छियानवे	96	Ninety six	नाइन्टी सिक्स	XCVI
४७	सैंतालीस	47	Forty seven	फ़ोर्टी सेवन	XLVII	९७	सतानवे	97	Ninety seven	नाइन्टी सेवन	XCVII
४८	अड़तालीस	48	Forty eight	फ़ोर्टी एट	XLVIII	९८	अट्ठानवे	98	Ninety eight	नाइन्टी ऐट	XCVIII
४९	उनचास	49	Forty nine	फ़ोर्टी नाइन	XLIX	९९	निन्यानवे	99	Ninety nine	नाइन्टी नाइन	XCIX
५०	पचास	50	Fifty	फ़िफ़्टी	L	१००	सौ	100	Hundred	हण्ड्रेड	C

हिन्दी उच्चारण		अंग्रेज़ी			रोमन
अंक		अंक	लिपि		अंक
२००	दो सौ	200	Two Hundred	टू हंड्रेड	CC
३००	तीन सौ	300	Three Hundred	थ्री हंड्रेड	CCC
४००	चार सौ	400	Four Hundred	फ़ोर हंड्रेड	CD
५००	पांच सौ	500	Five Hundred	फाइव हंड्रेड	D
६००	छह सौ	600	Six Hundred	सिक्स हंड्रेड	DC
७००	सात सौ	700	Seven Hundred	सेवन हंड्रेड	DCC
८००	आठ सौ	800	Eight Hundred	एट हंड्रेड	DCCC
९००	नौ सौ	900	Nine Hundred	नाइन हंड्रेड	CM
१०००	एक हज़ार	1000	Thousand	थाउज़ैन्ड	M
१०,०००	दस हज़ार	10,000	Ten Thousand	टेन थाउज़ैन्ड	I
१,००,०००	एक लाख	1,00,000	Hundred Thousand	हंड्रेड थाउज़ैन्ड	X
१०,००,०००	दस लाख	10,00,000	Million	मिलियन	M
१,००,००,०००	करोड़	1,00,00,000	Ten Million	टेन मिलियन	—
१०,००,००,०००	दस करोड़	10,00,00,000	Hundred Million	हंड्रेड मिलियन	—
१,००,००,००,०००	अरब	1,00,00,00,000	Thousand Million	थाउज़ैन्ड मिलियन	—
१०,००,००,००,०००	दस अरब	10,00,00,00,000	Billion	बिलियन	—

क्रमवाचक गिनती

पहला—First (फ़र्स्ट)
दूसरा—Second (सेकंड)
तीसरा—Third (थर्ड)
चौथा—Fourth (फ़ोर्थ)
पांचवां—Fifth (फ़िफ्थ)

छठा—Sixth (सिक्स्थ)
सातवां—Seventh (सेवन्थ)
आठवां—Eighth (एट्थ)
नौवां—Ninth (नाइन्थ)
दसवां—Tenth (टेंथ)

गुणवाचक गिनती

एक गुना—Single (सिंगल)
दुगुना—Double (डबल)
तिगुना—Three fold (थ्री फ़ोल्ड)
चौगुना—Four fold (फ़ोर फ़ोल्ड)
पांच गुना—Five fold (फ़ाइव फ़ोल्ड)

छह गुना—Six fold (सिक्स फ़ोल्ड)
सात गुना—Seven fold (सेवन फ़ोल्ड)
आठ गुना—Eight fold (एट फ़ोल्ड)
नौ गुना—Nine fold (नाइन फ़ोल्ड)
दस गुना—Ten fold (टेन फोल्ड)

अंशवाचक गिनती

1/2 आधा—Half (हॉफ़)
3/4 तीन चौथाई—Three fourth (थ्री फ़ोर्थ)
2/3 दो तिहाई—Two third (टू थर्ड)
1/4 चौथाई—One fourth (वन फ़ोर्थ)
1/5 पांचवां भाग—One fifth (वन फ़िफ़्थ)
1/6 छठा भाग—One sixth (वन सिक्स्थ)
1/7 सातवां भाग—One seventh (वन सेवंथ)
1/8 आठवां भाग—One eighth (वन एट्थ)
1/9 नौवां भाग—One ninth (वन नाइन्थ)
1/10 दसवां भाग—One tenth (वन टेन्थ)

DIRECT & INDIRECT SPEECH

"I don't know how to swim", said the monkey. यह वाक्य बंदर और मगरमच्छ की प्रसिद्ध कहानी से सम्बंधित है। इसमें बंदर ने जैसे कहा उसे वैसे ही लिखकर 'उद्धरण चिह्नों' के बीच में रख दिया गया है, कि यह बात बंदर ने कही है। इस प्रकार का कथन, direct speech कहलाता है। इस की सरल पहचान है 'उद्धरण चिह्न' जिन्हें inverted commas या quotation marks कहते हैं।

ऊपर कही गई बात ऐसे भी कही जा सकती है — The monkey said that he didn't know how to swim. ऐसे कथन को indirect speech कहा जाता है।

1. Harbhajan said to me, "I'm going to help you."
2. Harbhajan said to you, "I'm going to help you."
3. Harbhajan said to Sajan, "I'm going to help you."

Direct speech के इन तीन वाक्यों को indirect speech में ऐसे लिखा जाएगा —

1. Harbhajan told me that he was going to help me.
2. Harbhajan told you that he was going to help you.
3. Harbhajan told Sajan that he (Harbhajan) was going to help him (Sajan).

स्पष्ट है कि indirect speech बनाते समय — (**1**) quotation marks के बाहर subject का जो person हो वही person quotation marks के भीतर वाले subject का भी कर दिया जाता है। ऊपर Harbhajan third person है इसलिए indirect speech में 'I' को 'he' बनाया गया है। (**2**) quotation marks के बाहर object का जो person हो वही person quotation marks के भीतर वाले object का भी कर दिया जाता है। ऊपर वाक्य 1 में बाहर object, me का first person है इसलिए quotation marks के भीतर second person के object, you को first person के me में बदल दिया गया है। इस प्रकार 2 में you को you और 3 में you को he में बदल दिया गया है। (**3**) यदि quotation marks के बाहर past tense क्रिया में हो तो अंदर की present or future tense की क्रिया को past tense में बदल देते हैं और बाहर के said to को told में। ऊपर present continuous के am going to help को was going to help में बदला गया है।

ऊपर लिखे वाक्यों से स्पष्ट हो जाता है कि जब बात past tense में कही गई हो तब indirect speech बनाते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखते हैं—

(**1**) Quotation marks के बाहर वाले subject का जो person (पुरुष) होता है वही person, quotation marks के अंदर वाले subject का भी कर देते हैं, जैसे ऊपर I का he। अपवाद के लिए देखिए (i) आगे। **(2)** बाहर वाले object का जो person होता है वही person अंदर वाले object का कर देते हैं, जैसे (1) में you का me, (2) में you का you और (3) में you का him. अपवाद के लिए देखिए (ii) आगे। (**3**) अंदर वाली क्रिया या क्रियाओं के present tense या future tense को correspoding past tense में बदल देते हैं, जैसे ऊपर am going to help to को was going to help में बदल दिया गया है। (**4**) बाहर वाले said को told में बदलते हैं। (**5**) बाहर वाले said को said ही रहने देते हैं।

1. Mahesh says, "I met the teacher on the way."
2. Ram says, "Bhatt writes well."
3. Ali says, "The train will arrive soon."
4. The teacher will say, "There is no school tomorrow."
5. My father will say to me, "You upset my plan."
6. The Government will say, "Exploitation in any form whatsoever shall be punishable."

इन वाक्यों से स्पष्ट है कि यदि बाहर वाली क्रिया (reporting verb) का present tense या future tense हो तो indirect speech बनाते समय इन बातों का ध्यान रखते हैं —

i) जो person बाहर वाले subject का हो वही अंदर वाले subject का करते हैं जैसे 1. में I का he।

ii) यदि अंदर subject हो you तो अंदर वाले subject को बाहर वाले subject के अनुरूप बदलते हैं। जो person बाहर वाले object का हो वही person अंदर वाले object का करते हैं। अपवाद यह है कि यदि अंदर subject हो you तो उसे बाहर के object के अनुसार बदलते हैं, जैसे 5 में you को I में।

iii) अंदर की क्रिया का tense नहीं बदलते।

My teacher said, "The earth is round." की indirect speech है My teacher said that the earth is round. शाश्वत सच्चाइयों आदि से संबंधित क्रिया tense का नहीं बदला जाता। हां person का नियम लगता है।

कुछ चुनी हुई क्रियाओं के 3 प्रकार
(3 FORMS OF SOME SELECTED VERBS)

अंग्रेज़ी में क्रियाओं की तीन forms होती हैं। उनका कालसूचक रूपों (Tenses) के साथ गहरा सम्बन्ध है। विभिन्न Tenses में विभिन्न forms लगती हैं। यहाँ कुछ क्रियाओं को वर्गीकृत करके, उनके तीनों forms के रूप आपकी सुविधा और अभ्यास के लिए दिए जा रहे हैं।

1. अंग्रेज़ी में अनेक क्रियाएं ऐसी हैं जिनकी II और III forms एक जैसी होती हैं; जैसे allow की II और III दोनों forms allowed हैं। ये क्रियाएं। ग्रुप में रखी गई हैं—

I फॉर्म	II फॉर्म	III फॉर्म
Present tense, Pronunciation & Meaning	**Past tense**	**Past Participle**
1. allow (अलाउ) आज्ञा देना	allowed	allowed
2. appear (एपिअर) प्रकट होना	appeared	appeared
3. build (बिल्ड) बनाना	built	built
4. borrow (बॉरो) उधार लेना	borrowed	borrowed
5. boil (बॉयल) उबालना	boiled	boiled
6. burn (बर्न) जलाना	burnt	burnt
7. catch (कैच) पकड़ना	caught	caught
8. copy (कॉपी) नकल करना	copied	copied
9. carry (कैरी) ले जाना	carried	carried
10. clean (क्लीन) साफ करना	cleaned	cleaned
11. climb (क्लाइम) चढ़ना	climbed	climbed
12. close (क्लोज़) बन्द करना	closed	closed
13. cook (कुक) पकाना	cooked	cooked
14. care (केयर) परवाह करना	cared	cared
15. cross (क्रॉस) पार करना	crossed	crossed
16. complete (कम्पलीट) पूरा करना	completed	completed
17. dig (डिग) खोदना	dug	dug
18. deceive (डिसीव) धोखा देना	deceived	deceived
19. decorate (डैकोरेट) सजाना	decorated	decorated
20. die (डाइ) मरना	died	died
21. divide (डिवाइड) बांटना	divided	divided
22. earn (अर्न) कमाना	earned	earned
23. enter (एंटर) अन्दर आना	entered	entered
24. fight (फ़ाइट) लड़ना	fought	fought
25. find (फ़ाइंड) पाना	found	found
26. feed (फ़ीड) खिलाना	fed	fed
27. finish (फ़िनिश) समाप्त करना	finished	finished
28. fear (फ़िअर) डरना	feared	feared
29. hang (हैंग) लटकना	hung	hung
30. hang (हैंग) फांसी देना	hanged	hanged
31. hold (होल्ड) पकड़ना	held	held
32. hire (हायर) किराये पर लेना	hired	hired

33. hunt (हंट) शिकार करना	hunted	hunted
34. iron (आयरन) इस्त्री करना	ironed	ironed
35. invite (इनवायट) निमन्त्रण देना	invited	invited
36. jump (जम्प) उछलना	jumped	jumped
37. knock (नॉक) खटखटाना	knocked	knocked
38. kick (किक्) ठोकर लगाना	kicked	kicked
39. lend (लैंड) उधार देना	lent	lent
40. lose (लूज़) खो देना	lost	lost
41. light (लाइट) जलाना, रौशनी करना	lighted/lit	lighted/lit
42. learn (लर्न) सीखना	learnt/learned	learnt/learned
43. marry (मैरी) विवाह करना	married	married
44. move (मूव) हिलना	moved	moved
45. open (ओपन) खोलना	opened	opened
46. obey (ओबे) आज्ञा पालन करना	obeyed	obeyed
47. order (ऑर्डर) आज्ञा देना	ordered	ordered
48. pick (पिक) चुनना	picked	picked
49. pray (प्रे) प्रार्थना करना	prayed	prayed
50. pull (पुल) खींचना	pulled	pulled
51. punish (पनिश्) दण्ड देना	punished	punished
52. prepare (प्रिपेअर) तैयार करना	prepared	prepared
53. plough (प्लो) हल चलाना	ploughed	ploughed
54. please (प्लीज़) खुश करना	pleased	pleased
55. push (पुश) धक्का देना	pushed	pushed
56. quarrel (क्वॉरल) लड़ना	quarrelled	quarrelled
57. rain (रेन) वर्षा	rained	rained
58. reach (रीच) पहुंचना	reached	reached
59. refuse (रिफ्यूज़) इन्कार करना	refused	refused
60. ruin (रुइन) नष्ट करना	ruined	ruined
61. shine (शाइन) चमकना	shone	shone
62. sell (सैल) बेचना	sold	sold
63. shoot (शूट) गोली मारना	shot	shot
64. sleep (स्लीप) सोना	slept	slept
65. sweep (स्वीप) झाड़ू देना	swept	swept
66. smell (स्मैल) सूंघना	smelt/smelled	smelt/smelled
67. spend (स्पैंड) खर्च करना	spent	spent
68. thank (थैंक) धन्यवाद करना	thanked	thanked
69. tie (टाइ) बांधना	tied	tied
70. test (टैस्ट) परीक्षा लेना	tested	tested
71. wait (वेट) प्रतीक्षा करना	waited	waited
72. work (वर्क) काम करना	worked	worked

73. wish (विश) चाहना	wished	wished
74. win (विन्) जीतना	won	won
75. wind (वाइंड) चाबी देना	wound	wound
76. weep (वीप) रोना	wept	wept
77. weigh (वे) वजन करना	weighed	weighed
78. wring (रिंग) निचोड़ना	wrung	wrung
79. yield (यील्ड) हार मानना	yielded	yielded
80. yoke (योक) जोड़ना	yoked	yoked

2. कई क्रियाएं ऐसी हैं जिनकी II और III forms एक समान नहीं होतीं; साथ ही III form में धातु के साथ प्राय: ‘en’ या ‘n’ जुड़ता है; जैसे—‘arise’ से ‘arose’ और arisen. इन सभी में beaten, broken, bitten आदि रूप III form में बनते हैं।

81. arise (एराइज़) उठना	arose	arisen
82. beat (बीट) मारना	beat	beaten
83. break (ब्रेक) तोड़ना	broke	broken
84. bite (बाइट) काटना	bit	bitten
85. bear (बेअर) जन्म देना	bore	born
86. bear (बेअर) सहना	bore	borne
87. be (is, am, are) (बी) होना	was, were	been
88. choose (चूज़) चुनना	chose	chosen
89. drive (ड्राइव) हांकना, गाड़ी चलाना	drove	driven
90. draw (ड्रॉ) खींचना	drew	drawn
91. forget (फ़ॉर्गेट) भूलना	forgot	forgotten
92. fall (फ़ॉल) गिरना	fell	fallen
93. freeze (फ्रीज़) जम जाना	froze	frozen
94. fly (फ्लाइ) उड़ना	flew	flown
95. give (गिव) देना	gave	given
96. grow (ग्रो) उगना	grew	grown
97. hide (हाइड) छिपना	hid	hidden
98. know (नो) जानना	knew	known
99. lie (लाइ) लेटना	lay	lain
100. ride (राइड) सवारी करना	rode	ridden
101. rise (राइज़) उठना	rose	risen
102. see (सी) देखना	saw	seen
103. shake (शेक) हिलाना	shook	shaken
104. steal (स्टील) चोरी करना	stole	stolen
105. speak (स्पीक) बोलना	spoke	spoken
106. swear (स्विएर) शपथ लेना	swore	sworn
107. tear (टिअर) फाड़ना	tore	torn
108. take (टेक) लेना	took	taken
109. throw (थ्रो) फैंकना	threw	thrown
110. wake (वेक) जागना	woke	woken
111. wear (वियर) पहनना	wore	worn
112. weave (वीव) बुनना	wove	woven
113. write (राइट) लिखना	wrote	written

3. कई क्रियाएं ऐसी हैं जिनकी II और III forms एक समान नहीं होतीं; पर II form के रूप का a III form में प्राय: u बन जाता है; जैसे—drank और rang के III form हैं drunk और rung आदि।

114. begin (बिगिन) शुरू करना	began	begun
115. drink (ड्रिंक) पीना	drank	drunk
116. ring (रिंग) घंटी बजाना	rang	rung
117. run (रन) दौड़ना	ran	run
118. sink (सिंक) डूबना	sank	sunk
119. sing (सिंग) गाना	sang	sung
120. spring (स्प्रिंग) उछलना	sprang	sprung
121. swim (स्विम) तैरना	swam	swum
122. shrink (श्रिंक) सिकुड़ना	shrank	shrunk

4. अंग्रेज़ी में कुछ क्रियाएं ऐसी हैं जिनके तीनों फॉर्म के रूप एक समान होते हैं। तीन वाक्यों का अर्थ देखिए—

(i) You bet now. तुम अब शर्त लगाते हो।

(ii) You bet yesterday. तुमने कल शर्त लगाई।

(iii) You have bet. तुमने शर्त लगाई है।

ऐसी क्रियाओं को विशेष रूप से स्मरण कीजिए ताकि बातचीत में गलत प्रयोग करके आप लोगों के बीच हंसी के पात्र न बनें।

123. bet (बैट) शर्त लगाना	bet	bet
124. bid (बिड) बोली लगाना	bid	bid
125. burst (बर्स्ट) फटना, टूटना	burst	burst
126. cut (कट) काटना	cut	cut
127. cast (कास्ट) फेंकना	cast	cast
128. cost (कॉस्ट) मूल्य होना	cost	cost
129. hit (हिट) चोट लगाना	hit	hit
130. hurt (हर्ट) चोट लगाना	hurt	hurt
131. knit (निट) बुनना	knit	knit
132. put (पुट) रखना	put	put
133. rid (रिड) छुटकारा पाना	rid	rid
134. read* (रीड) पढ़ना	read*	read*
135. spit (स्पिट) थूकना	spit	spit

25 आवश्यक समूहार्थक शब्द

(25 IMPORTANT COLLECTIVE PHRASES)

हरेक भाषा की अपनी परम्परागत शब्दावली बन जाती है और उसी रूप में शब्दों का प्रयोग करना अभीष्ट होता है। यहां कुछ समूहात्मक हिन्दी शब्दों के अंग्रेज़ी पर्याय दिये गएे हैं। अंग्रेज़ी भाषा के व्यवहार में इन शब्दों का अभ्यास कीजिएे। ' a bouquet of grapes ' नहीं, बल्कि a bunch of grapes कहेंगे। इसी प्रकार अन्य सभी शब्दों का उचित प्रयोग करना होगा।

1.	चाभियों का गुच्छा	A *bunch* (बंच) of keys.
2.	अंगूरों का गुच्छा	A *bunch* (बंच) of grapes.
3.	फूलों का गुलदस्ता	A *bouquet* (बुके) of flowers.
4.	लकड़ियों का गट्ठर	A *bundle* (बंडल) of sticks.
5.	लोगों की भीड़	A *crowd* (क्राउड) of people.
6.	पहाड़ों की श्रृंखला	A *chain* (चेन) of mountains.
7.	भेड़ों का रेवड़	A *flock* (फ्लॉक) of sheep.
8.	पक्षियों का दल	A *flight* (फ्लाइट) of birds.
9.	द्वीपों का समूह	A *group* (ग्रुप) of islands.
10.	तारों का समूह	A *galaxy* (गैलैक्सी) of stars.
11.	पेड़ों का झुण्ड	A *grove* (ग्रोव) of trees.
12.	मज़दूरों की टोली	A *gang* (गैंग) of labourers.
13.	हिरनों का झुण्ड	A *herd* (हर्ड) of deer
14.	सुअरों का झुण्ड	A *herd* (हर्ड) of swine.
15.	मक्खियों (मधुमक्खियों) का समूह	A *hive* (हाइव) of bees.
16.	**जानवरों का झुण्ड**	A *herd* (हर्ड) of cattle.
17.	कूड़े का ढेर	A *heap* (हीप) of rubbish.
18.	बजरी या रेता का ढेर	A *heap* (हीप) of stones or sand.
19.	शिकारी कुत्तों का झुण्ड	A *pack* (पैक) of hounds.
20.	जूतों का जोड़ा	A *pair* (पेअर) of shoes.
21.	सैनिकों की टुकड़ी	A *regiment* (रेजीमेंट) of soldiers.
22.	चोटियों की श्रृंखला	A *range* (रेंज) of cliffs.
23.	मक्खियों का झुण्ड	A *swarm* (स्वॉर्म) of flies.
24.	घटनाओं की श्रृंखला	A *series* (सीरीज़) of events.
25.	घोड़ों की टुकड़ी	A *troop* (ट्रूप) of horses.

कुछ जानवरों के बच्चों के नाम (YOUNG ONES OF SOME ANIMALS)



जन्तु	जन्तु का बच्चा	जन्तु	जन्तु का बच्चा
ass (ऐस) गधा	foal (फ़ोल)	horse (हॉर्स) घोड़ा	colt (कोल्ट)
cow (काउ) गाय	calf (काफ़)	goat (गोट) बकरी	kid (किड)
dog (डॉग) कुत्ता	puppy (पपी)	sheep (शीप) भेड़	lamb (लैम)
hen (हेन) मुर्गी	chicken (चिकेन)	wolf (वुल्फ़) भेड़िया	cub (कब)
bear (बेयर) रीछ	cub (कब)	lion (लायन) शेर	cub (कब)
cat (कैट) बिल्ली	kitten (किट्टन)	tiger (टाइगर) चीता	cub (कब)
frog (फ्रॉग) मेंढक	tadpole (टैडपोल)		

40 जन्तुओं की आवाजें
(40 IMPORTANT WORDS DENOTING THE CRIES OF ANIMALS)

हिन्दी भाषा में पशुओं की आवाज़ के लिए कुछ विशिष्ट शब्द हैं; जैसे रेंकना, भिनभिनाना, चहचहाना। 'रेंकना' कहते ही गधे की आवाज़ का, 'भिनभिनाना' में मक्खियों की आवाज का तथा 'चहचहाना' से पक्षियों के कलरव का बोध होता है। इसी तरह अंग्रेज़ी में भी पशुओं की आवाज़ों के लिए अलग-अलग शब्द हैं।

1. Asses bray. (ऐसेस ब्रे) गधे रेंकते हैं (ढींचू-ढींचू करते हैं)।
2. Bears growl. (बियर्स ग्राउल) भालू घरघराते हैं।
3. Bees hum. (बीज़ हम्) मक्खियां भिनभिनाती हैं।
4. Birds chirp. (बर्ड्स चर्प) पक्षी चहचहाते हैं।
5. Camels grunt. (कैमल्स ग्रंट) ऊंट गुड़गुड़ाते हैं।
6. Cats mew. (कैट्स म्यू) बिल्लियां म्याऊं-म्याऊं करती हैं।
7. Cattle low. (कैटल लो) जानवर रंभाते हैं।
8. Cocks crow. (कॉक्स क्रो) मुर्गे कुक्कड़ूँ करते हैं।
9. Crows caw. (क्रोज़ कॉ) कौए कांय-कांय करते हैं।
10. Dogs bark (डॉग्स बार्क) कुत्ते भौंकते हैं।
11. Doves coo. (डॅव्ज़ कू) फाख्ता कूं-कूं करती हैं।
12. Ducks quack. (डक्स क्वैक) बत्तख कैं-कैं करती हैं।
13. Elephants trumpet. (एलिफैंट्स ट्रम्पेट) हाथी चिंघाड़ते हैं।
14. Flies buzz. (फ़्लाइज़ बज़) मक्खियां भिनभिनाती हैं।

15. Frogs croak. (फ़ॉग्स क्रोक) मेंढक टर्राते हैं।
16. Geese cackle. (गीज़ कैकल्) हंस कुड़कुडाते हैं।
17. Hawks scream. (हॉक्स स्क्रीम) बाज चीखते हैं।
18. Hens cackle. (हैन्स कैकल्) मुर्गियां कुड़कुड़ाती हैं।
19. Horses neigh. (हॉर्सेस नी) घोड़े हिनहिनाते हैं।
20. Jackals howl. (जैकॉल्स हाउल) गीदड़ रोते हैं।
21. Kittens mew. (किटैन्स म्यू) बिल्ली के बच्चे म्याऊं-म्याऊं करते हैं।
22. Lambs bleat. (लैम्स ब्लीट) मेमने बां-बां करते हैं।
23. Lions roar. (लायन्स रोर) शेर दहाड़ते हैं।
24. Mice squeak. (माइस स्क्वीक) चूहे चूं-चूं करते हैं।
25. Monkeys chatter. (मंकीज़ चैटर) बन्दर गुर्राते हैं।
26. Nightingales sing. (नाइटिंगेल्स सिंग) बुलबुलें गाती हैं।
27. Owls hoot. (आउल्स हूट) उल्लू हू-हू करते हैं।
28. Oxen low. (ऑक्सन लो) बैल डकारते हैं।
29. Parrots talk. (पैरट्स टॉक) तोते टांय-टांय करते हैं।
30. Pigeons coo. (पिजन्स कू) कबूतर गुटरगूं करते हैं।
31. Pigs grunt. (पिग्स ग्रंट) सूअर घुरघुराते हैं।
32. Puppies yelp. (पप्पीज़ यैल्प) पिल्ले भूंकते हैं।
33. Sheep bleat. (शीप ब्लीट) भेड़ें मिमियाती हैं।
34. Snakes hiss. (स्नेक्स हिस) सांप फुंकारते हैं।
35. Sparrows chirp. (स्पैरोज़ चर्प) चिड़ियां चहचहाती हैं।
36. Swallows twitter. (स्वैलोज़ ट्विटर) अबाबील चहचहाती है।
37. Swans cry. (स्वैन्स क्राइ) बत्तखें कूजती हैं।
38. Tigers roar. (टाइगर्स रोर) बाघ दहाड़ते हैं।
39. Vultures scream. (वल्चर्स स्कीम) गिद्ध चीखते हैं।
40. Wolves yell. (वुल्व्ज़ यैल) भेड़िये चीखते हैं।

जो शब्द सुने तो बहुत जाते हैं, पर अधिकतर समझे नहीं जाते (WORDS MOSTLY HEARD BUT NOT MOSTLY KNOWN)

आप गाव या शहर, जहां भी रहते हों—यदि आप आधुनिक जगत के मॉर्डन व्यक्ति बनना चाहते हैं तो आपको भाषा के मामले में भी आधुनिकतम (अप-टू-डेट) व्यक्ति बनना होगा। हम में से बहुत से व्यक्ति ऐसे कई शब्द सुनते हैं और स्वयं भी इनका इस्तेमाल करते हैं; पर विचित्र

बात यह है कि हम इनका ठीक-ठीक अर्थ नहीं जानते। आप इन शब्दों को सीखिए। आप देखेंगे कि दूसरे आपकी धाक मानने लगे हैं।

ज्ञान के क्षेत्र के 10 शब्द (Ten words about spheres of knowledge)

1. Anthropology (ऐंथ्रोपॉलॉजी) मनुष्य के स्वभाव, इतिहास और सभ्यता का अध्ययन
2. Archaeology (आर्किओलॉजी) प्राचीन वस्तुओं का अध्ययन—पुरातत्व
3. Astrology (एस्ट्रॉलॉजी) तारों और नक्षत्रों का अध्ययन—व्यावहारिक गणित ज्योतिष
4. Entomology (एंटोमॉलॉजी) कीट-पतंगों का अध्ययन—कीट शास्त्र
5. Etymology (एटिमॉलॉजी) शब्द-व्युत्पति के अभ्यास का अध्ययन—भाषा विज्ञान
6. Geology (जिओलॉजी) पृथ्वी की आन्तरिक बनावट का अध्ययन—भूगर्भशास्त्र
7. Philology (फिलॉलॉजी) भाषा के विकास का अध्ययन—भाषा-विज्ञान
8. Psychology (साइकॉलॉजी) मनुष्य के मन और उसके व्यवहार का अध्ययन—मनोविज्ञान
9. Radiology (रेडियोलॉजी) क्ष-किरण विद्या अर्थात् एक्स-रे विज्ञान
10. Sociology (सोशिओलॉजी) मनुष्य-समाज के विकास और उसके उद्भव का अध्ययन—समाजशास्त्र

ऊपर दिएे गये शब्द आपको सुनने में कुछ कठिन लग सकते हैं। पर एक बार आपकी समझ में आ जाएंगे तो दूसरों पर आपका बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

व्यक्तित्व प्रकट करने वाले 10 शब्द (Ten words showing personality)

नीचे कुछ शब्द दिएे गए हैं जो व्यक्ति के स्वभाव को दर्शाते हैं। आप इस तरह के लोगों से भली-भांति परिचित हैं। ये शब्द आपने बिल्कुल न सुने हों—ऐसी बात नहीं है। फिर क्यों न आप थोड़ा उन्हें स्मरण रखने की कोशिश करें।

1. Blase (ब्लाज़) लोगों और सांसारिक पदार्थों से उकताया हुआ
2. Dogmatic (डॉग्मैटिक) वाणी और कर्म में अपनी बात सबसे ऊपर रखने वाला व्यक्ति
3. Diffident (डिफ़िडेंट) शर्मीला और झेंपू व्यक्ति
4. Extrovert (एक्सट्रोवर्ट) अपने से बाहर की वस्तुओं और व्यक्तियों में रुचि लेने वाला व्यक्ति
5. Gregarious (ग्रेगेरियस) हर समय दूसरे लोगों की संगति में रहने की इच्छा करने वाला व्यक्ति
6. Inhibited (इन्हिबिटेड) अपनी बात को दो-एक व्यक्तियों या भीड़ के सामने न कह सकने वाला व्यक्ति
7. Introvert (इंट्रोवर्ट) अपने आप में ही सीमित रहने वाला व्यक्ति—जो दूसरों से मिलने-जुलने में कठिनाई अनुभव करता हो
8. Quixotic (क्विक्ज़ोटिक) कल्पना के मंसूबे बांधने वाला व्यक्ति

9. Sadistic (सेडिस्टिक) दूसरों को सताने अथवा उन पर शासन करने में प्रसन्न होने वाला व्यक्ति
10. Truculent (ट्रकुलेंट) चरित्र में जंगली और रूखा व्यक्ति

जीवन, कला और दर्शन से सम्बन्धित मतवाद (Theories about life, art & philosophy)

नीचे कुछ मतों (ISM) के नाम दिए गए हैं। कुछ आपने सुन रखे हैं, कुछ नहीं। इन्हें जानिए और अपना ज्ञान बढ़ाइए।

1. Altruism (एल्ट्रुइज़्म) परोपकारवाद—इसमें हर काम दूसरे के हित के लिए किया जाता है।
2. Atheism (एथिइज़्म) नास्तिकतावाद—इसमें ‘ईश्वर नहीं है’ ऐसा विश्वास होता है।
3. Chauvinism (शॉविनिज्म) अतिराष्ट्रीयतावाद—इसमें मनुष्य की अपने देश के प्रति अत्यधिक गर्व की भावना रहती है।
4. Conservatism (कन्ज़र्वेटिज़्म) पुरातनवाद (अनुदारतावाद)—इसमें ऐसी धारणा रहती है कि जो कुछ है वही सर्वश्रेष्ठ है और किसी परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।
5. Liberalism (लिबरॅलिज्म) उदारतावाद—राज्य तथा धर्म के क्षेत्र में स्वतंत्र विचार रखने की धारणा।
6. Radicalism (रैडिकलइज़्म) परिवर्तनवाद—इसके अन्तर्गत यह धारणा होती है कि हिंसात्मक परिवर्तनों से सर्वश्रेष्ठ शासन स्थापित किया जा सकता है।
7. Realism (रिअलइज़्म) यथार्थवाद—इसके अन्तर्गत यह विचार रहता है कि हर वस्तु को यथार्थ जीवन के अनुरूप होना चाहिए।
8. Romanticism (रोमैंटिसिज़्म) रोमांसवाद—अर्थात् कला और साहित्य को प्रकृति और यथार्थता की आदर्शपूर्ण और भावात्मक तस्वीर खींचनी चाहिए।
9. Skepticism (स्कैप्टिसिज़्म) संशयवाद—अर्थात् समस्त ज्ञान अनिश्चित है इसलिए संसार की किसी वस्तु के बारे में कुछ भी निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।
10. Totalitarianism (टोटैलिटेरियनिज़्म) सर्वसत्तावाद—अर्थात् राज्य ही सब कुछ है नागरिक कुछ भी नहीं। मनुष्य का अस्तित्व केवल राज्य के लिए है।

मन की 10 असाधारण स्थितियां (Ten abnormal conditions of mind)

आप पढ़े-लिखे और बौद्धिक लोगों के बीच बैठेंगे तो ये शब्द आपके वार्तालाप की शोभा बढ़ाएंगे।

1. Alexia (ऐलेक्सिया) पढ़ने में असमर्थता
2. Amnesia (ऐम्नेज़िया) स्मृति का नाश
3. Aphasia (ऐफेशिया) बोलने की शक्ति का नाश
4. Dementia (डेमेंशिया) मनोविज्ञान में मनोदशा का बिगड़ जाना

5. Dipsomania (डिप्सोमैनिया) मद्यपान करने की प्रबल एवं अदम्य इच्छा का उत्पन्न होना
6. Hypochondria (हाइपोकोंड्रिया) किसी के स्वास्थ्य के बारे में भय, चिन्ता या घबराहट होना
7. Insomnia (इन्सोम्निया) लगातार नींद का न आना
8. Kleptomania (क्लेप्टोमैनिया) कोई वस्तु चुराने की प्रबल इच्छा होना
9. Megalomania (मेगलोमैनिया) अपनी महानता के बारे में भ्रान्त विश्वास
10. Melancholia (मेलनकोलिया) दु:ख और निराशा की निरन्तर मनोदशा

डॉक्टरी पेशे के 10 शब्द (Ten words about doctors' profession)

जब आप किसी से विशेषज्ञ डाक्टरों से परामर्श करने की बात करते हैं तो आपको हरेक प्रमुख बीमारी के लिए प्रयुक्त होने वाले अलग-अलग शब्दों का ज्ञान होना चाहिए। ये शब्द सुनने में बड़े अपरिचित, किन्तु बड़े प्रभावशाली लगते हैं। इन्हें मन में बैठाइये और दूसरे पर अपनी भाषा-ज्ञान की धाक बैठाइए।

1. Dermatologist (डर्मेटोलॉजिस्ट) चर्म रोगों का विशेषज्ञ
2. Gynaecologist (गाइनिकॉलॉजिस्ट) स्त्री रोगों का विशेषज्ञ
3. Internist (इंटरनिस्ट) शरीर के आन्तरिक अंगों की बीमारियों का विशेषज्ञ
4. Obstetrician (ऑब्स्टेट्रिशियन) जच्चा विशेषज्ञ
5. Ophthalmologist (ऑफ्थैलमोलॉजिस्ट) आंखों के रोगों का डाक्टर
6. Orthodontist (ऑरथोडैन्टिस्ट) दांतो का विशेषज्ञ डाक्टर जो टेढ़े दांतों को सीधा करता है।
7. Pathologist (पैथॉलॉजिस्ट) प्राकृतिक रोगों के कारणों को जानने वाला डाक्टर
8. Paediatrician (पीडीएटरिशिअन) केवल शिशुओं और छोटे बच्चों का डाक्टर
9. Podiatrist (पोडिएट्रिस्ट) पांव की छोटी-मोटी बीमारियों का डाक्टर
10. Psychiatrist (साइकिएट्रिस्ट) मानसिक रोगों का विशेषज्ञ-मनोचिकित्सक

75 (स्थानापन्न एक-शब्द)
(75 ONE-WORD SUBSTITUTES)

शेक्सपियर ने कहा है: 'संक्षिप्तता बुद्धि की आत्मा है', और यह बात भाषा के विषय में एक बहुत बड़ा सत्य है। जहां थोड़े शब्दों से काम चल सकता हो, वहां वाक्यांश या वाक्य-प्रयोग करना न केवल शक्ति का अपव्यय है, बल्कि इसमें समय भी नष्ट होता है। अंग्रेज़ी में ऐसे अनेक शब्द हैं जो अकेले पूरे-पूरे वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होते हैं। इन शब्दों का अभ्यास संक्षेप-लेखन, तार और तकनीकी विषयों के लेखन में तो काम आएगा ही, साथ ही बोलचाल में इन शब्दों से शब्द-गरिमा भी बढ़ जाती है।

1. **Abdicate** (एब्डीकेट) **पदत्याग, सिंहासन त्याग** — To give up a throne voluntarily—शासन-भार को स्वेच्छा से त्याग देना
2. **Autobiography** (ऑटोबायग्राफ़ी) **आत्मकथा** — Life story of a man written by himself—अपने आप लिखी हुई आत्म/अपनी कहानी
3. **Aggressor** (ऐग्रेस्सर) **आक्रान्ता, आक्रमणकर्त्ता** —A person who attacks first —जो व्यक्ति पहले हमला करे
4. **Amateur** (ऐमेचर) **शौकियाना** —One who pursues some art or sport as hobby—जो किसी कला या खेल में शौकिया काम करता हो
5. **Arbitrator** (आर्बिट्रेटर) **मध्यस्थ** — One appointed by two parties to settle disputes between them—जिसे दो पक्षों द्वारा उनके बीच के विवाद को निपटाने के लिए नियुक्त किया जाए
6. **Adolescence** (ऐडोलेसेंस) **किशोरावस्था** —Stage between boyhood and youth —बचपन और जवानी के बीच की अवस्था
7. **Bibliophile** (बिब्लिओफाइल) **पुस्तक-प्रेमी** — A great lover of books—पुस्तकों का बड़ा अनुरागी
8. **Botany** (बॉट्नी) **वनस्पति विज्ञान** —The science of plant life—पेड़-पौधों का विज्ञान
9. **Bilingual** (बाइलिंगुअल) **दुभाषिया** —People who speak two languages—वे लोग जो दो भाषाएं बोलते हैं
10. **Catalogue** (कैटालॉग) **सूचीपत्र** —A list of books—पुस्तकों की सूची
11. **Centenary** (सैंटेनरी) **शताब्दी** —Celebration of a hundredth year—सौ वर्ष बाद किया गया समारोह
12. **Colleague** (कोलीग) **सहकारी, सहयोगी** —A co-worker or a fellow-worker in the same institution—एक संस्था में साथ-साथ या सहयोगी के रूप में काम-करने वाला
13. **Contemporaries** (कंटैम्परेरीज़) **समकालीन** —Persons living in the same age —एक ही काल में रहने वाले व्यक्ति
14. **Credulous** (क्रेडुलस) **आशुविश्वासी** —A person who readily believes in whatever is told to him—जो कुछ कहा जाए उस पर बहुत जल्दी विश्वास कर लेने वाला व्यक्ति
15. **Callous** (कैलस) **कठोर** —A man devoid of kind feeling and sympathy—कोमल भावना एवं सहानुभूति से रहित व्यक्ति
16. **Cosmopolitan** (कॉस्मोपोलिटन) **सर्वदेशीय** —A man who is broad and international in outlook—जो व्यक्ति विचारधारा में उदार और अन्तर्राष्ट्रीय हो
17. **Celibacy** (सेलिबेसी) **ब्रह्मचर्य** —To abstain from sex— यौन सम्बन्ध से दूर रहना
18. **Deteriorate** (डिटेरिओरेट) **बदतर होना** —To go from bad to worse—बद से बदतर होना

19. **Democracy** (डेमॉक्रेसी) **प्रजातन्त्र** —Government of the people, for the people, by the people —जनता का शासन
20. **Monarchy** (मोनार्की) **राजतंत्र** —Government by one— एक राजा का शासन
21. **Drawn** (ड्रान) **बराबर** —A game or battle in which neither party wins—एक ऐसा खेल अथवा युद्ध जिसमें कोई भी पक्ष नहीं जीतता
22. **Egotist** (ईगोटिस्ट) **अहंवादी** —A person who always thinks of himself—जो सदा अपने बारे में सोचता हो
23. **Epidemic** (ऐपीडैमिक) **महामारी** —A disease mainly contagious which spreads over huge area—ऐसा महारोग जो एक बड़े क्षेत्र में एक साथ फैल जाए
24. **Extempore** (एक्सटेम्पोर) **तत्काल-भाषित** —A speech made without previous preparation—बिना पहले से तैयार किया हुआ (अचानक दिया हुआ) भाषण
25. **Etiquette** (एटिकेट) **शिष्टाचार** —Established manner or rules of conduct—शिष्टाचार के स्थापित नियम और तौर-तरीके
26. **Epicure** (एपिक्योर) **अभिजात रुचि** —A person fond of refined enjoyment—जो श्रेष्ठ रुचि का व्यक्ति हो
27. **Exonerate** (एक्ज़ॉनरेट) **दोषमुक्त** —To free a person of all blames in a case —किसी अभियोग से किसी व्यक्ति को बिल्कुल मुक्त करना
28. **Eradicate** (एरैडिकेट) **उन्मूलन** —To root out an evil or a bad practice etc.—बुराई अथवा बुरी आदत को जड़ से उखाड़ना
29. **Fastidious** (फ़ास्टीडियस) **दुराध्य** —A person difficult to please—जिसे प्रसन्न करना कठिन हो
30. **Fatalist** (फेटेलिस्ट) **भाग्यवादी** —A person who believes that all events are predetermined or subject to fate—जो भाग्य को सब कुछ मानता है।
31. **Honorary** (ऑनरेरी) **अवैतनिक** —A post which doesn’t carry any salary—ऐसा काम, जिसे बिना कोई वेतन लिए किया जाए
32. **Illegal** (इल्लीगल) **अवैध** —That which is against law—जो कानून के विरुद्ध हो
33. **Illiterate** (इल्लिटरेट) **निरक्षर** —A person who cannot read or write—जो व्यक्ति न पढ़ सकता हो, न लिख सकता हो
34. **Hostility** (होस्टिलिटी) **शत्रुता** —State of antagonism—दुश्मनी की दशा
35. **Incorrigible** (इनकोरिजिबल्) **अशोध्य** —That which is past correction—जिसे शुद्ध नहीं किया जा सकता
36. **Irritable** (इरिटेबल) **आशुक्रोधी** —A man who is easily irritated—जो व्यक्ति जल्दी गुस्से में आ जाता है
37. **Irrelevant** (इर्रैलेवैंट) **अनर्गल** —Not to the point—विषय से हटकर (कहना)
38. **Invisible** (इन्विज़िबल्) **अदृश्य** —That which cannot be seen—जिसे देखा न जा सके
39. **Inaudible** (इन्ऑडिबल्) **अश्रव्य** —That which cannot be heard—जिसे सुना न जा सके

40. **Incredible** (इनक्रैडिबल्) **अविश्वसनीय** —That which cannot be believed—जिस पर विश्वास न किया जा सके
41. **Irreadable** (इर्रिडेबल) **अपठनीय** —That which cannot be read—जिसे पढ़ा न जा सके
42. **Impracticable** (इंम्प्रेक्टिकेबल्) **अव्यवहार्य** —That which cannot be practised —जिसे व्यवहार में न लाया जा सके
43. **Invincible** (इन्विंसिबल्) **अजेय** —That which cannot be conquered—जिस पर विजय न पाई जा सके
44. **Indispensable** (इन्डिस्पैंसेबल) **अनिवार्य** —That which cannot be ignored—जिसके बिना काम न चल सके
45. **Inevitable** (इन्एविटेबल) **अपरिहार्य** —That which cannot be avoided—जिससे बचा न जा सके
46. **Irrevocable** (इर्रीवोकेबल) **अपरिवर्तनीय** —That which cannot be changed—जिसे बदला या परिर्वितत न किया जा सके
47. **Illicit** (इल्लीसिट) **अवैध** —A trade which is prohibited by law—वह व्यापार जो गैरकानूनी हो
48. **Insoluble** (इन्सॉल्यूबल्) **असमाधेय** —A problem which cannot be solved—वह समस्या जो हल न की जा सके
49. **Inflammable** (इन्फ़्लैमेबल्) **प्रज्वलनशील** —Liable to catch fire easily—वह वस्तु जो आसानी से आग पकड़ सके
50. **Infanticide** (इंफेंटिसाइड) **शिशुहंता या शिशुहत्या** —Murderer of infants or killing of infants—शिशुओं की हत्या करने वाला या शिशुओं की हत्या
51. **Matricide** (मैट्रीसाइड) **मातृहंता या मातृहत्या** —The murderer or murder of one's own mother—अपनी माता की हत्या करने वाला या अपनी माता की हत्या
52. **Patricide** (पैट्रिसाइड) **पितृहंता या पितृहत्या** —The murderer or murder of one's own father—अपने पिता की हत्या करने वाला या अपने पिता की हत्या
53. **Kidnap** (किडनैप) **अपहरण** —To carry away a person forcibly—किसी व्यक्ति को जबर्दस्ती उठा ले जाना
54. **Medieval** (मैडिएवल) **मध्ययुगीन** —Belonging to the middle ages—मध्ययुग से सम्बन्धित
55. **Matinee** (मैटिनी) **दोपहर बाद का शो** —A cinema show which is held in the afternoon—सिनेमा शो, जो दोपहर बाद शुरू हो
56. **Notorious** (नटोरियस) **कुख्यात** —A man with evil reputation—वह व्यक्ति जो बदनाम हो
57. **Manuscript** (मैनुस्क्रिप्ट) **पाण्डुलिपि** —Hand written pages of a literary work —साहित्यिक कृति के हाथ से लिखे पृष्ठ
58. **Namesake** (नेमसेक) **नाम राशि, समनाम** —Person having the same name—जिसका नाम दूसरे से मिलता-जुलता हो या एक समान हो

59. **Novice** (नोविस) **नौसिखिया** —One who is new to some trade or profession —जो किसी व्यापार या धन्धे में नया हो
60. **Omnipotent** (ओम्निपोटेंट) **सर्वशक्तिमान** —One who is all powerful—जो सब प्रकार की शक्ति से पूर्ण हो
61. **Omnipresent** (ओम्निप्रेज़ेंट) **सर्वव्यापक** —One who is present everywhere—जो सब जगह विद्यमान हो
62. **Optimist** (ऑप्टिमिस्ट) **आशावादी** —One who looks at the bright side of a thing—जो किसी वस्तु के उजले पक्ष को ही देखता हो
63. **Panacea** (पैनेसिया) **रामबाण औषध** —A remedy for all diseases—सभी रोगों का इलाज
64. **Polyandry** (पोलियैंड्री) **बहुपतित्व** —Practice of having more than one husband at a time—एक समय में एक से अधिक पतियों से विवाह करने की क्रिया
65. **Polygamy** (पोलिगैमी) **बहुपत्नीत्व** —Practice of having more than one wife at a time—एक समय में एक से अधिक पत्नियों का होना
66. **Postmortem** (पोस्टमार्टम) **मरणोपरान्त चीर-फाड़** —Medical examination of a body held after death—मृत्यु के बाद शव की डाक्टरी जाच
67. **Pessimist** (पैसिमिस्ट) **निराशावादी** —One who looks at the dark side of things—जो किसी वस्तु के खराब पक्ष को ही देखता है
68. **Postscript** (पोस्टस्क्रिप्ट) **पश्चलेख** —Any thing written in the letter after it has been signed—किसी पत्र के लिखे जाने और हस्ताक्षर होने के बाद जोड़े गये शब्द
69. **Red-tapism** (रैडटेपिज़्म) **लालफीताशाही** —Too much official formality—बहुत अधिक दफ्तरी औपचारिकता
70. **Synonyms** (सिनॉनिम्स) **पर्यायवाची** —Words which have the same meaning —जिन शब्दों के अर्थ एक समान हो
71. **Smuggler** (स्मगलर) **तस्कर** —The importer or exporter of goods without paying customs duty—निषिद्ध माल या चुंगी का महसूल दिये बिना माल को विदेशों से लाने वाला और यहां से बाहर ले जाने वाला
72. **Vegetarian** (वैजिटेरियन) **शाकाहारी** —One who eats vegetables only—जो केवल शाक-सब्ज़ियां खाते हैं,पर जो अण्डा, मच्छली, मांस नहीं खाते
73. **Venial** (वीनियल) **क्षम्य** —A pardonable fault—वह अपराध जो क्षमा करने योग्य हो
74. **Veteran** (वैटरन) **अनुभवी** —A person possessing long experience of military service or of any occupation—वह व्यक्ति जिसे सैनिक सेवा का या किसी पेशे का अच्छा-खासा अनुभव हो
75. **Zoology** (जुओलॉजी) **जन्तु विज्ञान** —The science dealing with the life of animals—पशुओं के जीवन से सम्बन्धित विज्ञान

जन्तुओं के नाम का मुहावरेदार प्रयोग (IDIOMATIC USE OF ANIMAL NAME)

अंग्रेज़ी भाषा में जन्तुओं को लेकर बहुत से मुहावरेदार प्रयोग प्रचलित हैं। नीचे कुछ ऐसे प्रमुख प्रयोग दिए गए हैं। इनके द्वारा कोई भी अंग्रेज़ी सीखने का इच्छुक व्यक्ति अपनी भाषा को समृद्ध बना सकता है।

मुहावरेवार उक्ति उच्चारण सहित Phrases with Pronunciation	लाक्षणिक अर्थ Idiomatic Meaning	शाब्दिक अर्थ Literal Meaning
1. A bear (ए बेयर)	एक अशिष्ट व्यक्ति	एक रीछ
2. A cat (ए कैट)	एक खराब औरत	एक बिल्ली
3. A drone (ए ड्रोन)	एक निठल्ला व्यक्ति	एक नर मक्खी
4. A dotterel (ए डॉटेरेल)	एक मूढ़ व्यक्ति	एक टिटहरी
5. A dog (एक डॉग)	एक घृणास्पद व्यक्ति	एक कुत्ता
6. A fox (ए फॉक्स)	एक धूर्त व्यक्ति	एक नर लोमड़ी
7. A goose (ए गूज़)	एक मूर्ख व्यक्ति	एक हंस
8. A gull (ए गल)	एक भोंदू इन्सान	एक मुर्गाबी
9. A lamb (ए लैम)	अबोध और हानिरहित व्यक्ति	एक मेमना
10. A monkey (ए मंकी)	नकलची व्यक्ति	एक बंदर
11. A parrot (ए पैरॅट)	रट्टामार इन्सान	एक तोता
12. A pig (ए पिग)	पेटू	एक सुअर
13. A scorpion (ए स्कॉर्पियन)	खतरनाक व्यक्ति	एक बिच्छू
14. A viper (ए वाइपर)	धूर्त व्यक्ति	एक ज़हरीला सांप
15. A vixen (ए विक्सन)	धूर्त महिला	एक लोमड़ी

जानवरों को लेकर कुछ आलंकारिक उक्तियां भी अंग्रेज़ी में प्रचलित हैं। इन्हें समझिए और मन में बैठाइए—

1. crocodile tears (क्रॉकोडाइल टिअर्स)	झूठे आंसू
2. dirt-cheap (डर्ट-चीप)	बहुत सस्ता
3. dog-cheap (डौग-चीप)	कौड़ियों के मोल
4. horse-laugh (हॉर्स-लाफ़)	ऊंची भद्दी हंसी की आवाज़
5. hen-pecked (हैन-पेक्ड)	जोरू का गुलाम
6. pig-headed (पिग-हेडेड)	मूर्ख और जड़
7. chicken-hearted (चिकन-हार्टेड)	डरपोक

विपरीतार्थक या विलोम शब्द

(ANTONYMS OR WORDS OF OPPOSITE MEANING)

शब्दों के विपरीतार्थक शब्द जानना भाषा की समृद्धि के लिए बड़ा उपयोगी है। आप इस तरह बड़ी आसानी से अपना शब्द-ज्ञान बढ़ा सकते हैं। कुछ शब्दों में Prefix (उपसर्ग) बदलने से विलोम शब्द बन जाने हैं। नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं—

शब्द, उच्चारण एवं अर्थ **Words, Pronunciation & Meaning**	**विपरीतार्थक शब्द, उच्चारण एवं अर्थ** **Opposite Words, Pronunciation & Meaning**
ability (एबिलिटी) योग्यता	inability (इन्-एबिलिटी) अयोग्यता
happy (हैप्पी) प्रसन्न	unhappy (अनहैप्पी) अप्रसन्न
import (इंम्पोर्ट) आयात	export (एक्सपोर्ट) निर्यात
interior (इंटीरियर) भीतरी	exterior (एक्सटीरियर) बाहरी
maximum (मैक्सिमम) अधिकतम	minimum (मिनिमम) न्यूनतम
include (इन्क्लूड) शामिल करना	exclude (एक्सक्लूड) निकालना
junior (जूनियर) अवर, छोटा	senior (सीनियर) प्रवर, बड़ा
majority (मेजौरिटी) बहुमत	minority (माइनौरिटी) अल्पमत
optimist (ऑप्टिमिस्ट) आशावादी	pessimist (पैसीमिस्ट) निराशावादी
superior (सुपीरियर) बढ़िया	inferior (इन्फ़ीरियर) घटिया

बहुत-से शब्दों के विलोम शब्द बनाने के लिए दूसरे शब्द ढूंढने पड़ते हैं। अर्थात् वे भिन्न-भिन्न शब्द होते हैं, पर उनके अर्थ ठीक उल्टे होते हैं। ऐसे शब्द नीचे दिए जाते हैं।

above (एबव्) ऊपर	below (बिलो) नीचे
accept (ऐक्सैप्ट) स्वीकार करना	refuse (रिफ़्यूज़) अस्वीकार करना
acquire (ऐक्वायर) पाना	lose (लूज़) खोना
ancient (एन्शियंट) प्राचीन	modern (मॉडर्न) नवीन
agree (ऐग्री) सहमत होना	differ (डिफ़र) असहमत होना
alive (एलाइव) जीवित	dead (डैड) मृत
admire (ऐडमायर) प्रशंसा करना	despise (डिस्पाइज़) निन्दा करना
barren (बैरन) बंजर	fertile (फ़र्टाइल) उपजाऊ
big (बिग) बड़ा	small (स्मॉल) छोटा
blunt (ब्लंट) कुंद	sharp (शार्प) तेज़
bold (बोल्ड) साहसी	timid (टिमिड) कायर
bright (ब्राइट) चमकदार	dim (डिम) धुंधला
broad (ब्रॉड) चौड़ा	narrow (नैरो) तंग
civilised (सिविलाइज्ड) सभ्य	savage/barbaric (सैवेज/बारबैरिक) असभ्य
care (केयर) देखभाल	neglect (निग्लैक्ट) लापरवाही
clean (क्लीन) साफ	dirty (डर्टी) गंदा
confess (कन्फ़ैस) स्वीकार करना	deny (डिनाइ) इन्कार करना
cool (कूल) ठंडा	warm (वॉर्म) गर्म
cruel (क्रूएल) क्रूर	merciful/kind (मर्सीफुल/काइंड) दयालु
domestic (डोमैस्टिक) पालतू	wild (वाइल्ड) जंगली
difficult (डिफिकल्ट) कठिन	easy (ईज़ी) आसान
danger (डेंजर) खतरा	safety (सेफ्टी) सुरक्षा
dark (डार्क) अँधियारा	bright (ब्राइट) उजाला
death (डैथ) मृत्यु	birth (बर्थ) जन्म
debit (डैबिट) उधार खाता	credit (क्रैडिट) जमा खाता
early (अर्ली) जल्दी	late (लेट) देर
earn (अर्न) कमाना	spend (स्पैंड) खर्च करना
empty (एम्पटी) खाली	full (फुल) भरा हुआ
enjoy (एन्जॉय) मौज मनाना	suffer (सफ़र) तकलीफ़ सहना
freedom (फ्रीडम) स्वतन्त्रता	slavery (स्लेव्री) दासता

fierce (फीअर्स) निर्दय	gentle (जैंटल) सदग
false (फ़ॉल्स) झूठा	true (ट्रू) सच्चा
fat (फ़ैट) मोटा	thin (थिन) पतला

fine (फ़ाइन) उम्दा	coarse (कोर्स) घटिया
foolish (फ़ुलिश) मूर्ख	wise (वाइज़) बुद्धिमान
fresh (फ्रैश) ताज़ा	stale (स्टेल) बासी
fear (फ़िअर) भय	courage (करेज) साहस
guilty (गिल्टी) दोषी	innocent (इन्नोसैंट) निर्दोष
gain (गेन) लाभ	loss (लॉस) हानि
good (गुड) अच्छा	bad (बैड) बुरा
guide (गाइड) पथ प्रदर्शन करना	misguide (मिसगाइड) भटकाना
handsome (हैंडसम) सुन्दर	ugly (अग्ली) भद्दा
high (हाई) ऊंचा	low (लो) नीचा
humble (हंबल) विनम्र	proud/arrogant (प्राउड/ऐरोगैन्ट) घमण्डी
honour (ऑनर) सम्मान करना	dishonour (डिसऑनर) अनादर करना
joy (जॉय) हर्ष	sorrow (सॉरो) विषाद
knowledge (नॉलेज) ज्ञान	ignorance (इग्नोरेन्स) अज्ञान
kind (काइंड) दयालु	cruel (क्रुएल) क्रूर
lie (लाइ) झूठ	truth (ट्रुथ) सच
little (लिटिल) थोड़ा	much (मच) ज़्यादा
masculine (मैस्कुलिन) पुल्लिग (नर)	feminine (फ़ेमिनिन) स्त्रीलिंग (मादा)
make (मेक) निर्माण करना	mar (मार) विनाश करना/break (ब्रेक) तोड़न
natural (नैचरल) कुदरती	artificial (आर्टिफ़िश्ल) बनावटी
noise (नॉयज़) शोर	silence (साइलैन्स) शान्ति
oral (ओरल) मौखिक	written (रिटेन) लिखित
pride/arrogance (प्राइड/ऐरोगैन्स) घमण्ड	humility (ह्यूमिलिटी) विनम्रता
permanent (परमानेंट) स्थायी	temporary (टैंपरेरी) अस्थायी
presence (प्रेज़ेन्स) उपस्थिति	absence (ऐबसैन्स) अनुपस्थिति
profit (प्रॉफ़िट) लाभ	loss (लॉस) हानि
prose (प्रोज़) गद्य	poetry (पोइट्री) पद्य
quick (क्विक) तेज़	slow (स्लो) धीरे
receive (रिसीव) प्राप्त करना	give (गिव) देना
reject (रिजेक्ट) अस्वीकार करना	accept (एक्सैप्ट) स्वीकार करना
ripe (राइप) पक्का	raw (रॉ) कच्चा
rough (रफ़) खुरदरा	smooth (स्मूथ) चिकना
remember (रिमैम्बर) याद करना	forget (फ़ॉर्गेट) भूलना
rich (रिच) धनी	poor (पुअर) गरीब
superior (सुपीरियर) बढ़िया	inferior (इन्फ़ीरियर) घटिया
sharp (शार्प) तेज़	dull (डल) कुन्द
thick (थिक) मोटा	thin (थिन) पतला
tragedy (ट्रैजेडी) दुःखान्त	comedy (कॉमेडी) सुखान्त
universal (युनिवर्सल) सर्वजनीन	particular (पर्टिकुलर) व्यक्तिगत
victory (विक्ट्री) विजय	defeat (डिफ़ीट) पराजय
wild (वाइल्ड) जंगली	tame/domestic (टेम/डोमैस्टिक) पालतू
weak (वीक) कमज़ोर	strong (स्ट्रौंग) मज़बूत
wisdom (विज़्डम) बुद्धिमत्ता	folly (फ़ॉली) मूर्खता
youth (यूथ) युवक	aged (एजेड) अधेड़

राष्ट्रीयता बताने वाले शब्द
(WORDS DENOTING NATIONALITY)

हिन्दी में जैसे चीन, बर्मा, अमैरिका और रूस आदि देश के वासी को क्रमश: चीनी, बर्मी, अमरिकी और रूसी आदि कहते हैं, इसी प्रकार अंग्रेज़ी में क्रमश: चाइनीज़, बर्मन, अमैरिकन, रशियन आदि कहते हैं। अंग्रेज़ी सीखने वाले व्यक्तियों को अंग्रेज़ी में इन देशों और इनके देशवासियों के लिए प्रयुक्त शब्द, जिससे अंग्रेज़ी का रंग उनकी जुबान पर पड़ सके, नीचे दिए जा रहे हैं—

देश	निवासी	देश	निवासी
Countries	**Inhabitants**	**Countries**	**Inhabitants**
America अमैरिका	American अमैरिकन	Iraq ईराक	Iraqi ईराकी
Argentina (अर्जेन्टिना)	Argentine अर्जेंटाइन	Ireland आयरलैंड	Irish आयरिश
Belgium बेल्जियम	Belgian बेल्जियन	Israel इस्रायल	Israeli इस्रायली
Bhutan भूटान	Bhutanese भूटानीज़	Italy इटली	Italian इटैलियन
Burma बर्मा	Burmese बर्मीज़	Kuwait कुवैत	Kuwaiti कुवैती
Canada कैनेडा	Canadian कैनेडियन	Malaya मलाया	Malayan मलेयन
Ceylon सीलोन	Ceylonese सीलोनीज़	Morocco मोरौक्को	Moroccan मोरौक्कन
China चाइना	Chinese चाइनीज़	Nepal नेपाल	Nepalese नेपालीज़
Egypt ईजिप्ट	Egyptian ईजिप्शियन	Pakistan पाकिस्तान	Pakistani पाकिस्तानी
England इंग्लैंड	English इंग्लिश	Poland पोलैंड	Pole पोल
France फ्रांस	French फ्रैंच	Russia रशिया	Russian रशियन
Greece ग्रीस	Greek ग्रीक	Sweden स्वीडन	Swede स्वीड
India इंडिया	Indian इंडियन	Turkey टर्की	Turk टर्क
		Yugoslavia यूगोस्लाविया	Yugoslav यूगोस्लाव

कुछ महत्त्वपूर्ण वाक्यांश
(SOME IMPORTANT PHRASES)

कुछ मुहावरेदार उक्तियों में एक प्रकार के (जोड़े) शब्द प्रयोग में आते हैं। ये एक तरह से मुहावरे का रूप धारण कर लेते हैं अत: इनके शब्दों में तनिक भी हेर-फेर नहीं होना चाहिए। ये मुहावरेदार उक्तियां अभिव्यक्ति के स्वर को और तीक्ष्ण बना देती हैं।

1. **Again and again** (एगेन एण्ड एगेन)—**बार-बार**
   We shouldn’t commit mistakes again and again—हमें बार-बार गलतियां नहीं करनी चाहिएं।
2. **Now and again** (नाउ एण्ड अगेन)—**कभी-कभी, कभी-कभार**
   Now and again, a genius is born—महान प्रतिभा कभी-कभार उत्पन्न होती है।
3. **All in all (ऑल इन ऑल)—सर्वेसर्वा, अर्थात् सभी कुछ**
   In his sister’s marriage, Mohan was all in all—अपनी बहन की शादी पर मोहन सर्वेसर्वा था।
4. **All and sundry** (ऑल एण्ड संड्री)—**व्यक्तिगत रूप में और सामूहिक रूप में आये लोग**
   All and sundry came to the meeting—बहुत से लोग व्यक्तिगत रूप में अथवा सामूहिक रूप में सभा में उपस्थित हुए।

5. **Back and belly** (बैक एण्ड बैली)—**कपड़ा और रोटी**
The days have gone when the problems of a labourer concerned only back and belly—वे दिन चले गये जब मज़दूरों की समस्या केवल कपड़ा और रोटी की थी।
6. **Bag and Baggage** (बैग एण्ड बैगेज)—**बोरिया-बिस्तर के साथ**
The British left India in 1947 bag and baggage—ब्रिटेनवासी 1947 में बोरिया-बिस्तर के साथ भारत छोड़ गये।
7. **Before and behind** (बिफ़ोर एण्ड बिहाइंड)—**आगे बढ़कर**
In World War II our soldiers fought before and behind—द्वितीय महायुद्ध में हमारे सैनिक बॉर्डर पर आगे बढ़कर लड़े।
8. **Betwixt and between** (बिटविक्स्ट एण्ड बिट्वीन)—**आपस में आधा-आधा**
Whatever they earn, they will share betwixt and between—जो कुछ वे कमाएंगे, वे आपस में आधा-आधा बांटेंगे।
9. **Bread and butter** (ब्रैड एण्ड बटर)—**जीविका अर्थात् रोज़ी रोटी**
One should be satisfied if one gets bread and butter these days—इन दिनों यदि कोई रोज़ी-रोटी कमा लेता है, तो उसे संतुष्ट रहना चाहिये।
10. **Fetch and carry** (फ़ैच एण्ड कैरी)—**अधीनस्थ अथवा छोटे रूतबे वाला होना**
I'm content to fetch and carry, for uneasy lies the head that wears a crown —मैं छोटी हस्ती का कर्मचारी होने पर संतुष्ट हूं, क्योंकि जो सत्ता का भार संभालता है वह चैन की नींद नहीं सो सकता।
11. **Goods and chattel** (गुड्स एण्ड चैटल)—**चल सम्पत्ति**
We bought goods and chattel when we migrated to India—जब हम भारत में आये तो हमने चल सम्पत्ति खरीदी।
12. **Chock-a-block** (चॉक-ए-ब्लॉक)—**एक दूसरे से सटे हुए, टेढ़े-मेढ़े**
Chock-a-block houses have made Indian cities ugly. टेढ़े-मेढ़े मकानों ने भारतीय शहरों को बदसूरत बना दिया है।
13. **Pick and choose** (पिक एण्ड चूज़)—**ध्यान से चुनना**
We must pick and choose our career before it is too late—हमें अपना भविष्य समय रहते सावधानी से चुन लेना चाहिए।
14. **Every now and again** (एवरी नाउ एण्ड एगेन)—**बीच-बीच में आना**
She comes to see me every now and again-वह मुझे देखने के लिए बीच-बीच में आती है।
15. **See eye to eye** (सी-आइ टु आइ)—**पूर्ण रूप से सहमत होना**
He didn't see eye to eye with me on many issues. वह कई बातों पर मुझसे असहमत रहा।
16. **Face to face** (फ़ेस टु फ़ेस)—**आमने-सामने**
We have had a face to face talk, so now we can understand each other's point of view—हमने आमने-सामने बातचीत की है अत: हम एक-दूसरे का दृष्टिकोण समझ सकते हैं।

17. **Fair and square** (फ़ेअर एण्ड स्क्वयर)—**शुद्ध और उचित**
    Let all our actions be fair and square— हमारे सभी आचरण शुद्ध और उचित हों।
18. **Fee-faw-fum** (फ़ी-फ़ॉ-फ़ॅम)—**बच्चों को डराने के लिए हुड़दंग मचाना**
    India is not to be cowed down by Pakistan's fee-faw-fum—पाकिस्तान के बचकाने हुड़दंग से भारत को डराया-धमकाया नहीं जा सकता।
19. **Flux and reflux** (फ्लक्स एण्ड रिफ्लक्स)—**बड़ा बहस-मुबाहिसा अथवा वाद-विवाद**
    There was a great flux and reflux in the drawing room—बैठक में बड़ा-वाद-विवाद होता रहा।
20. **Give and take** (गिव एण्ड टेक)—**आदान-प्रदान**
    It's always give and take in life. जीवन में सदैव आदान-प्रदान चलता रहता है।
21. **Goody-goody** (गुडी-गुडी)—**ऊपर से अच्छे दिखाई देने वाले लोग**
    The world is full of goody-goody people, but hardly a good man—दुनिया ऊपर ही से अच्छे दिखाई देने वाले लोगों से भरी पड़ी है, पर कोई अच्छा व्यक्ति बड़ी मुश्किल से मिलता है।
22. **Hand in hand** (हैंड इन हैंड) **सद्भावपूर्वक, हाथ से हाथ मिलाकर**
    They walked hand in hand—वे हाथ से हाथ मिलाकर अर्थात् सद्भाव से मिलकर चले।
23. **Haves and have-nots** (हैव्स एण्ड हैव-नॉट्स)—**धनी और निर्धन**
    There has always been a conflict between the haves and have-nots—सदा धनियों और निर्धनों के बीच द्वन्द्व रहा है।
24. **Hodge-podge** (हॉज-पॉज)—**अस्त-व्यस्त अथवा गड़बड़ करना**
    While trying his hand at cooking for the first time, he made a hodge-podge of everything—पहली बार खाना बनाने की कोशिश में उसने सब कुछ गड़बड़ कर दिया।
25. **Humpty-dumpty** (हम्प्टी-डम्प्ती)—**लड़खड़ाता हुआ**
    Capitalism is humpty-dumpty these days—साम्राजयवाद लड़खड़ा रहा है (अब गिरा तब गिरा)
26. **Ins and outs** (इन्स ऐंड आउट्स)—**छोटी से छोटी बातें जानना**
    He knows all the ins and outs of this profession—वह इस व्यवसाय की छोटी से छोटी बातें जानता है।
27. **Law and order** (लॉ एण्ड ऑर्डर)—**अनुशासन एवं व्यवस्था**
    There can not be any democracy without law and order—अनुशासन एवं व्यवस्था के बिना प्रजातंत्र का अस्तित्व नहीं।
28. **Off and on** (ऑफ़ एण्ड ऑन)—**जब-तब**
    He comes to your shop off and on—वह तुम्हारी दुक़ान पर जब-तब आता है।
29. **Rain or shine** (रेन और शाइन)—**चाहे कैसा भी मौसम क्यों न हो**
    Rain or shine, we must attend to our duties—वर्षा हो या कड़कती धूप हमें अपने

काम पर जाना चाहिए।

30. **Really and truly** (रियली एण्ड ट्रूली)—**निश्चित रूप से**
Really and truly, I'll do your work. निश्चित रूप से मैं आपका काम कर दूंगा।

31. **Tit for tat** (टिट् फ़ॉर टैट)—**जैसे को तैसा (करना)**
Tit for tat cannot end a dispute—जैसे को तैसा करने से झगड़ा समाप्त नहीं हो सकता।

32. **Tittle-tattle** (टिटल-टैटल)—**फुसफुस करना**
We just waste time in tittle-tattle. फुसफुस करने से हम केवल समय नष्ट करते हैं।

33. **Ups and downs** (अप्स एण्ड डाउन्स)—**जीवन की विषमताएं**
The great men rise through the ups and downs of life—महान् व्यक्ति जीवन की विषमताओं के बीच में से ऊंचा उठते हैं।

ऐसे शब्द जिनसे लोग भ्रमित हो जाते हैं
(WORDS WHICH COMMONLY CONFUSE)

किसी भाषा में शब्दों का उचित प्रयोग एक मुख्य बात है। इसके लिय निरन्तर अभ्यास और प्रयत्न की आवश्यकता है। हमें शब्द का प्रयोग करने से पूर्व उसका अर्थ आना चाहिए। कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो होते अलग-अलग हैं, पर दोनों के अर्थ पास-पास होते हैं। ऐसे शब्दों को भली-भांति मन में बैठाइए और फिर दोनों के अर्थ में जो अन्तर है, उसे वाक्यों के द्वारा स्पष्ट रूप से समझ लीजिए।

1. admit (ऐडमिट)—सत्य के रूप में स्वीकार करना
confess (कन्फ़ैस)—गलती स्वीकार करना
(a) I *admit* that you are abler than I am —मैं यह स्वीकार करता हूं कि तुम मुझसे अधिक योग्य हो।
(b) He *confessed* his guilt before the judge —उसने जज के सामने अपना दोष स्वीकार किया।

2. among (एमंग)— दो से अधिक व्यक्तियों या वस्तुओं के बीच
between (बिट्वीन)—दो व्यक्तियों या वस्तुओं के बीच
(a) The property was divided *among* four children —सम्पत्ति को चार बच्चों में बांटा गया।
(b) The property was divided *between* two children —सम्पत्ति को दो बच्चों में बांटा गया।

3. amount (एमाउंट)— अर्थात् ऐसी मात्रा जिसे एक-एक करके गिना नहीं जा सकता।
number (नंबर)— अर्थात् ऐसी मात्रा जिसे एक-एक करके गिना जा सकता है।

(a) A large *amount* of rice was delivered to the store-house —स्टोर को चावल की काफी मात्रा दी गयी।

(b) A large *number* of bags of rice was delivered —चावल की बहुत सी बोरियां दी गयीं।

4. anxious —(ऐंक्शस) अर्थात् चिन्तित या चिन्तातुर

eager (ईगर)—अर्थात् उत्सुक या बहुत अधिक उत्कंठित

(a) We were *anxious* about his health —हम उसकी सेहत के बारे में चिन्तित थे।

(b) We are *eager* to see him healthy again —हम उसे दुबारा सेहतमंद देखने के लिये उत्सुक हैं।

5. apt (एप्ट)—प्रवृति *(adjective)*

liable (लाइब्ल)—जिम्मेदार *(adjective)*

(a) He is *apt* to get into mischief —शरारत करना उसकी प्रवृति है।

(b) If you drive rashly, you are *liable* to a heavy fine —यदि तुम गाड़ी तेज चलाओगे तो तुम भारी जुर्माने के जिम्मेदार हो।

6. artisan (आर्टिज़न)—जो किसी दस्तकारी का काम करता हो, अर्थात् दस्तकार

artist (आर्टिस्ट)—जो किसी कला में प्रवीण हो, अर्थात् कलाकार

(a) That carpenter is a good *artisan* —वह बढ़ई एक अच्छा दस्तकार है।

(b) Kalidas was a good *artist* —कालिदास एक अच्छा कलाकार था।

7. as (ऐज़)—जैसा (योजक-शब्द,जिसके बाद क्रिया लगती है।)

like (लाइक)—जैसा (पूर्व विभक्ति या कारक चिन्ह के रूप में प्रयोग होता है।

(a) Do *as* I do, not *as* as I say —जैसा मैं करता हूं वैसा करो, जैसा मैं कहता हूं वैसा नहीं।

(b) Try not to behave *like* a child —बच्चों की तरह व्यवहार करने का यत्न न करो।

8. audience (ऑडिअन्स)—अर्थात् श्रोताओं का समूह

spectators (स्पैक्टेटर्स)—अर्थात् दर्शकों का समूह

(a) The speaker bored the *audience* with his long speech —भाषणकर्ता ने लम्बे भाषण से श्रोतागणों को उकता दिया।

(b) The slow hockey game bored the *spectators* —हॉकी के धीमे खेल से दर्शक उकता गये।

9. better (बैटर)—अर्थात् पहले कुछ स्वस्थ (पूरी तरह स्वस्थ नहीं)

well (वैल)—अर्थात् पूरी तरह स्वस्थ

(a) She is *better* today than she was a week ago —वह एक हफ्ता पहले की अपेक्षा आज अधिक स्वस्थ है।

(b) In a month or two she will be quite *well* —एक-दो महीनों में वह पूर्णत: स्वस्थ हो जाएगी।

10. both (बोथ)—अर्थात् दोनों (ये दोनों आपस में सम्बन्धित होते हैं)

each (ईच)—प्रत्येक अर्थात् दो या दो से अधिक लोगों में से हर एक

(a) *Both* the sisters are beautiful —दोनों बहनें सुन्दर हैं।
(b) *Each* girl has a new book —हरेक लड़की के पास एक नई पुस्तक है।

11. **Bring** (ब्रिंग)—अर्थात् लाना
take (टेक)—अर्थात् ले जाना
(a) *Bring* a bread from the bazaar —बाजार से एक डबल रोटी ले आओ।
(b) *Take* your breakfast with you when you go to the school —जब तुम स्कूल जाओ तो अपना नाश्ता साथ लेते जाओ।

12. **Can** (कैन)—अर्थात् शारीरिक रूप में समर्थ
May (मे)—आज्ञा या अनुमति के अर्थ में
(a) She is so weak that she *cannot* walk —वह इतनी कमज़ोर है कि चल फिर नहीं सकती।
(b) *May* I come in —क्या मैं अन्दर आ सकती हूं?

13. **climate** (क्लाइमेट)—एक औसत मौसम जो कि सालों से एक निश्चित समय में रहता हो अर्थात् आबो-हवा।
weather (वैदर)—वातावरण की दिन-प्रतिदिन की स्थिति अर्थात् मौसम
(a) I like the *climate* of Simla more than that of Dehradun —मैं देहरादून की आबो-हवा की अपेक्षा शिमला की आबो-हवा अधिक पसन्द करता हूं।
(b) The *weather* was stormy —आंधी का मौसम था।

14. **couple** (कपल)—जोड़ा
pair (पेअर)—जोड़ा अर्थात् दो ऐसी (एक-सी) वस्तुएं
(a) Two *couples remained on dance floor* —दो जोड़े नाच के फर्श पर रह गये।
(b) I have a new *pair* of shoes —मेरे पास एक नया जूते का जोड़ा है।

15. **despise** (डिसपाइज़)—घृणा करना [1]
detest (डिटैस्ट)—पसंद न करना [1]
(a) Some people *despise* the poor [2] —कुछ लोग गरीबों से घृणा करते हैं।
(b) I *detest* hot weather -मैं गर्मी का मौसम पसन्द नहीं करता।

16. **each other** (ईच अ ॅदर)—आपस में (दो व्यक्तियों में)
one another (वन अनेदर)—एक-दूसरे से (दो व्यक्तियों से अधिक व्यक्तियों में)
(a) Kavita and Savita have known *each other* for ten years —कविता और सविता आपस में दस बरसों से परिचित हैं।
(b) These four girls have known *one another* for ten years —ये चार लड़कियां एक दूसरी से दस बरसों से परिचित हैं।

17. **former** (फ़ॉर्मर)—अर्थात् दो में से पहला
latter (लैटर)—अर्थात् दो में से दूसरा
(a) The *former* half of the film was dull —फ़िल्म का पहला आधा भाग नीरस था।

(b) The *latter* half of the film was interesting —फिल्म का दूसरा आधा भाग रोचक था।

18. habit (हैबिट)—अर्थात् व्यक्तिगत स्वभाव अथवा आदत

custom (कस्टम)—अर्थात् समाजगत चलन अथवा प्रथा

(a) Gambling is a habit with him —उसे जुआ खेलने की आदत है।

(b) It is a *custom* among Hindus to cremate the dead —हिन्दुओं में मृत व्यक्ति को जलाने की प्रथा है।

19. if (इफ़)—शर्त-सूचक अव्यय, यदि

whether (वैदर)—विकल्प-सूचक अव्यय, गोया

(a) She'll get through the examination *if* she works hard —यदि वह मेहनत करेगी तो उतीर्ण हो जायेगी।

(b) She asked me *whether* I intended to go to cinema —उस (महिला) ने मुझसे पूछा कि क्या मैं सिनेमा जाना चाहता था।

20. if it was (इफ़ इट वॉज़)—अर्थात् यदि ऐसा था

if it were (इफ़ इट वर)—अर्थात् यदि ऐसा होता (वस्तुत: है नहीं)

(a) *If* it was there in the morning, it should be there now —यदि वह वस्तु प्रात: वहां थी तो अब भी वहीं होनी चाहिए।

(b) If I *were* the Prime Minister of India, I would remove poverty —अगर मैं भारत का प्रधान मंत्री होता, तो गरीबी हटा देता।

21. in (इन्)—में, के अन्दर (इसमें गति नहीं होती)

into (इन्टु)— में, के अन्दर (इसमें एक जगह से दूसरी जगह गति या हरकत होती है)

(a) The papers are *in* my drawer —कागज़ात मेरी दराज़ में हैं।

(b) You put the papers *into* my drawer —तुमने मेरी दराज़ में कागज़ात रखे।

22. learn (लर्न)—अर्थात् ज्ञान प्राप्त करना

teach (टीच)—अर्थात् ज्ञान देना

(a) They *learn* to read English .—वे अंग्रेज़ी पढ़ना सीखते हैं।

(b) They *teach* English —वे अंग्रेज़ी सिखाते हैं।

23. leave (लीव)—अर्थात् छोड़ना (यह मुख्य क्रिया है)

let (लैट)—अर्थात् अनुमति देना (यह सहायक क्रिया है। इसके साथ कोई न कोई क्रिया लगती है)

(a) *Leave* this room at once —इस कमरे को तुरन्त छोड़ दो।

(b) *Let* me go now —अब मुझे जाने दो। (इस वाक्य में let सहायक क्रिया के साथ go मुख्य क्रिया आई है)

24. legible (लैजिबल)—अर्थात् पढ़ा जा सकने वाला (लेख)

readable (रिडेबल)—अर्थात् पठनीय या रोचक

(a) Your hand-writing is not *legible* —तुम्हारा हस्तलेख पढ़ा नहीं जाता।

(b) This book being on technical subject is not readable —यह पुस्तक तकनीकी विषय की होने के कारण रोचक नहीं है।

25. many (मैनी)—अर्थात् (संख्या वाची) बहुत; जैसे—बहुत-से लोग

much (मच)—अर्थात् (परिमाणवाची) बहुत; जैसे—बहुत-सा दूध

(a) There were *many* students in the class —कक्षा में बहुत से छात्र थे।(गणना)

(b) We haven't *much* milk —हमारे पास अधिक दूध नहीं है (मात्रा—ढेर-सा दूध)

26. may (से)—सकना; सम्भावना के अर्थ में। वर्तमान काल (Past tense) में प्रयुक्त।

might (माइट)—सकना; सम्भावना के अर्थ में। भूतकाल (Past tense) में प्रयुक्त

(a) He *may* come today —वह आज आ सकता है।

(b) He *might* have come if you had written a letter —यदि तुमने पत्र लिखा होता तो वह अवश्य आ जाता।

27. patron (पेट्रन)—अर्थात् उपकारक, संरक्षक

customer (कस्टमर)—अर्थात् खदीददार।

(a) The artist thanked his *patrons* who eagerly awaited his paintings . कलाकार ने अपने उन प्रशंसकों को धन्यवाद दिया जो उसके चित्रों की प्रतीक्षा करते थे।

(b) The shopkeeper attended his *customers* —दुकानदार ने अपने ग्राहकों को सौदा दिया।

28. people (पीप्ल)—अर्थात् लोग (व्यक्तियों का संघात्मक रूप, जिसे अलग नहीं किया जा सकता)

persons (पर्सन्स)—अर्थात् बहुत से व्यक्ति (जो आपस में अलग-अलग हैं, सम्बद्ध नहीं)

(a) The *people* of India were poor —भारत के लोग गरीब थे।

(b) Only thirteen *persons* remained in the cinema-hall after the interval —मध्यान्तर के बाद केवल तेरह व्यक्ति सिनेमा हाल में रह गए।

29. recruitment (रिक्रूटमैंट)—भर्ती *(noun)*

employment (इम्प्लॉयमैण्ट)-नौकरी *(noun)*

(a) The *recruitment* of soldiers is going on —सैनिकों की भर्ती की जा रही है।

(b) Suman is in search of *employment* —सुमन नौकरी की तलाश में है।

30. rob (रौब)—अर्थात् किसी व्यक्ति से बलपूर्वक कोई वस्तु छीनना

steal (स्टील)—अर्थात् कोई वस्तु चुराना

(a) The robbers *rob* wayfarers usually at night —लुटेरे प्राय: रात में यात्रियों को लूटते हैं।

(b) Bad boys *steal* books of their class-fellows —बुरे लड़के दूसरे सहपाठियों की पुस्तकें चुराते हैं।

31. shall (शैल)—भविष्यकाल की I, we के साथ लगने वाली सहायक क्रिया, जैसे, I shall, we shall

will (विल)—भविष्यकाल की he, she, it, they, you के साथ लगने वाली सहायक क्रिया, जैसे he will, they will ; किन्तु दृढ़ निश्चय प्रकट करना हो तो shall और will आपस में बदल जाते हैं, जैसे—

(a) I *will* reach in time —मैं समय पर ही (अवश्यमेव) पहुंचूंगा।

(b) You *Shall* not reach in time —तुम समय पर (निश्चित रूप से) नहीं पहुंचोगे।

32. state (स्टेट)—अर्थात् औपचारिक रूप से घोषित करना या रखना

say (से)—अर्थात् सामान्य रूप से कहना

(a) Indian ambassador *stated* the terms for a cease-fire agreement —भारतीय राजदूत ने युद्धविराम/सन्धि के लिये शर्तें रखी।

(b) You *say* that you won't complete the job —तुम कहते हो कि तुम काम पूरा नहीं करोगे।

33. stay (स्टे)—अर्थात् ठहरना (पर यात्रा समाप्त करना नहीं)

Stop (स्टॉप)—अर्थात् समाप्त करना

(a) we stayed at the hotel for two days only हम केवल दो दिन के लिये होटल में ठहरे।

(b) We stopped the work and returned home —हमने अपना काम रोका और घर लौटे।

34. tender (टैंडर)—अर्थात् औपचारिक रूप से प्रस्तुत करना

give (गिव)—स्वेच्छापूर्वक देना अथवा दान करना

(a) On the orders of his boss, he tendered an apology for his misbehaviour . अपने अफ़सर आदेश पर उसने अपने दुर्व्यवहार के लिए क्षमा मांगी।

(b) He gave testimony readily before the Jury —उसने न्याय-सभा के सामने स्वेच्छापूर्वक प्रमाण दिए।

35. testimony (टैस्टिमनी)—अर्थात् केवल मौखिक रूप से दी गई सूचना अथवा प्रमाण

evidence (एविडैंस)—अर्थात् मौखिक रूप से या लिखित रूप से दिया गया प्रमाण

(a) He readily gave *testimony* to the jury उसने न्याय सभा के सामने स्वेच्छापूर्वक प्रमाण प्रस्तुत किए।

(b) The defendant presented written evidence to prove that he was not present at the scene —प्रतिवादी ने यह सिद्ध करने के लिए कि वह घटना के समय वहां उपस्थित नहीं था, लिखित प्रमाण प्रस्तुत किया।

36. Win (विन)—अर्थात् खेल में जीतना

beat (बीट)—अर्थात् दूसरे खिलाड़ी को हराना।

(a) Hurrah! We *won* the match —अहा! हमने मैच जीत लिया।

(b) I *beat* you while playing cards —मैं ताश में तुम्हें हरा देता हूं।

अंग्रेज़ी में बहुत से शब्द ऐसे प्रचलित हैं, जिनकी ध्वनि तो एक-दूसरे से मिलती है, पर उनके अर्थ अलग-अलग होते हैं। ऐसे शब्दों में अच्छे पढ़े-लिखे व्यक्ति भी भूल कर बैठते हैं। आपका या हमारा अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि आप या हम में से कोई व्यक्ति ऐसी दो-चार गलतियां भी करता है तो उसके भाषा ज्ञान का प्रभाव दूसरों पर अच्छा नहीं पड़ सकता। इन शब्दों के अर्थ-भेद को समझिए और मन में बैठाइए।

37. accept (एक्सैप्ट)—स्वीकार करना *(verb)*

except (इक्सैप्ट)—छोड़कर *(* prep . *)*

(a) He *accepted* my advice in this matter —उसने इस विषय में मेरी राय स्वीकार कर ली।

(b) The entire staff *except* juniors has been called —छोटे कर्मचारियों को छोड़कर सारे कर्मचारी बुलाए गये हैं।

38. access (एक्सेस)—अर्थात् पहुंच *(noun)*

excess (एक्सेस)—अर्थात् अधिकता *(noun)*

(a) He was a poor man and had no *access* to the higher authorities —वह एक गरीब आदमी था और बड़े अधिकारियों तक उसकी पहुंच न थी।

(b) *Excess* of every thing is bad —किसी भी चीज़ की अधिकता बुरी है।

39. adapt (एडप्ट)—अनुकूल बनाना या नया रूप देना *(verb)*

adopt (ऐडॉप्ट)—अपनाना *(verb)*

adept (ऐडैप्ट)—कुशल *(adjective)*

(a) One must learn to *adapt* oneself to circumstances —व्यक्ति को अपने-आपको परिस्थितियों के अनुकूल बनाना सीखना होगा।

(b) He *adopted* a child from orphanage —उसने अनाथालय से एक बच्चा गोद लिया।

(c) He is an *adept* carpenter —वह एक कुशल बढ़ई है।

40. addition (ऐडिशन)—अर्थात् बढ़ोत्तरी *(noun)*

edition (ऐडिशन)—अर्थात् पुस्तक का संस्करण *(noun)*

(a) Some alterations and *additions* have been made in this book —इस पुस्तक में कुछ परिवर्तन और परिवर्धन किये गए हैं।

(b) Third and latest *edition* of the Bhagavad Gita has been published —भगवद्गीता का तीसरा और आधुनिकतम संस्करण प्रकाशित हो गया है।

41. adverse (ऐडवर्स)—अर्थात् दुर्भाग्यपूर्ण या अवांछनीय *(adjective)*

averse (ऐवर्स)—अर्थात् किसी कार्य को करने में अनिच्छुक *(adjective)*

(a) True friends never leave in *adverse* conditions . दुर्भाग्य में सच्चे मित्र कभी साथ नहीं छोड़ते।

(b) In modern time, most of the students are *averse* to hard work —आधुनिक समय में अधिकतर छात्र कठिन श्रम करने से बचते हैं।

42. affect (ऐफ़ेक्ट)—प्रभावित करना. *(verb)*

effect (इफ़ेक्ट)—प्रभाव *(noun)*

effect (इफ़ेक्ट)—लागू करना *(verb)*

(a) Your behaviour should *affect* others —तुम्हारे व्यवहार से दूसरों को प्रभावित होना चाहिए।

(b) His speech didn't produce any *effect* on the audience —उसके भाषण का श्रोताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

(a) The old rule is still in effect —पुराना नियम अब भी लागू है।

43. all ready (ऑल रेडी)—अर्थात् सभी लोग और सभी चीज़ें तैयार

already (आल्रैडी)—अर्थात् पहले से ही

(a) We were *all ready* to go when the class-teacher arrived —जब अध्यापक पहुंचे तो हम सब जाने को तैयार थे।

(b) We had *already* begun writing when the class-teacher arrived —अध्यापक के पहुंचने से पहले ही हमने लिखना शुरू कर दिया था।

44. all together (ऑल टुगैदर)—सभी लोग मिलकर

altogether (आल्टुगेदर)—पूरी तरह से

(a) The boys and girls sang *all together* — सभी लड़के और लड़कियों ने मिलकर गाया।

(b) This was *altogether* strange for a person of my type —मेरे जैसे आदमी के लिए यह बात पूरी तरह से अजीब थी।

45. all ways (ऑल वेज़)—अर्थात् सभी तरह से

always (ऑल्वेज़)—अर्थात् सदा

(a) The scheme was in *all ways* acceptable to the masses —योजना सभी तरह से आम जनता को स्वीकार्य थी।

(b) *Always* help the poor . गरीबों की हमेशा मदद करो।

46. altar (ऑल्टर)—अर्थात् पूजा की वेदी *(noun)*

alter (ऑल्टर)—अर्थात् बदलना *(verb)*

(a) He knelt before the *altar* and took a vow not to touch wine all his life —वह पूजा की वेदी के सामने झुका और प्रतिज्ञा की कि वह जीवन-भर शराब नहीं छुएगा।

(b) I can′t *alter* my plans now —अब मैं अपनी योजनाएं बदल नहीं सकता।

47. amend (अमैंड)—सुधार करना *(verb)*

emend (अमैंड)—किसी साहित्यिक कृति का संशोधन अथवा सम्पादन करना *(verb)*

(a) You must *amend* your ways —तुम्हें अपने व्यवहार में सुधार करना चाहिए।

(b) Before publication, first part of the book had to be *emended* —प्रकाशन से पहले, पुस्तक का पहला भाग सम्पादित किया जाना था।

48. alternate (ऑल्टर्नेट)—एक दिन छोड़कर (*adjec* .)

alternative (ऑल्टर्नेटिव)—विकल्प *(noun)*

(a) The doctor comes to see him on every *alternate* day —डाक्टर एक दिन छोड़कर उसे देखने आता है।

(b) There was no other *alternative* , so I agreed to the terms —दूसरा कोई विकल्प न था, अत: मैंने शर्तें स्वीकार कर लीं।

49. bazaar (बाज़ार)— बाज़ार अर्थात् मार्केट जहां वस्तुओं का क्रय-विक्रय होता है *(noun)*

bizarre (बिज़ार)—भद्दा या विचित्र *(adjective)*

(a) She went to *bazaar* for shopping —वह वस्तुएं खरीदने के लिए बाज़ार गई।
(b) She dresses in a *bizarre* manner —वह विचित्र ढंग से कपड़े पहनती है।

50. berth (बर्थ)—सोने की जगह *(noun)*
birth (बर्थ)—जन्म *(noun)*
(a) She got a *berth* reserved for herself in the Kalka Mail —उसने कालका मेल में अपने लिए जगह सुरक्षित कराई।
(b) What's your date of *birth* ?—तुम्हारी जन्मतिथि क्या है?

51. beside (बिसाइड)—समीप *(Preposition)*
besides (बिसाइड्स)—के अतिरिक्त *(Adverb)*
(a) He was sitting *beside* me . वह मेरे पास बैठा है।
(b) The agents get commission *besides* their salary —प्रतिनिधि अपने वेतन के अतिरिक्त कमीशन प्राप्त करते हैं।

52. boar (बोर)—जंगली सुअर *(noun)*
bore (बोर)—छेद करना *(verb)*
(a) The hunter shot a wild boar —शिकारी ने एक जंगली सुअर का शिकार किया।
(b) They *bore* a hole in the soil to take out oil —उन्होंने तेल निकालने के लिये ज़मीन में छेद किया।

53. born (बॉर्न)—उत्पन्न होना *(verb)*
borne (बोर्न)—उठाना *(verb)*
(a) I don't know when I was *born* —मैं कब पैदा हुआ, मैं नहीं जानता।
(b) We have *borne* our burdens with patience —हमने अपने बोझ (अर्थात् उत्तरदायित्व) धीरजपूर्वक उठाए।

54. breath (ब्रेथ)—सांस *(noun)*
breathe (ब्रीद्)—सांस लेना *(verb)*
breadth (ब्रेड्थ)—चौड़ाई *(noun)*
(a) Before you dive in, take a deep *breath* गोता लगाने से पहले एक लम्बी साँस लो।
(b) *Breathe* deeply in open air : खुली हवा में गहरी साँस लो।
(c) In a square, the *breadth* is equal to the length —चौकोर में चौड़ाई लम्बाई के समान होती है।

55. Canvas (कैन्वस)—कैन्वस (मोटा कपड़ा) *(noun)*
canvass (कैन्वस)—वोट मांगना *(verb)*
(a) *Canvas* bags are very strong —कैन्वस के थैले बहुत मज़बूत होते हैं।
(b) Students were *canvassing* for the Congress candidate —छात्र काँग्रेस के उम्मीदवार के लिए वोट मांग रहे थे।

56. cease (सीज़)—बंद करना, रोकना *(verb)*
seize (सीज़)—बरामद होना, पकड़ना *(verb)*
(a) At last the war has *ceased* . आखिरकार युद्ध बंद हो गया।

(b) The policeman *seized* the stolen articles —सिपाही ने चोरी का सामान बरामद कर लिया।

57. cent (सैंट)—एक सिक्का *(noun)*
scent (सैंट)—सुगन्धि *(noun)*
(a) *Cent* is a small coin of America —सैंट अमेरिका का एक छोटा सिक्का है।
(b) The *scen* t of flowers is very pleasant —फूलों की सुगन्ध बड़ी सुखद है।

58. childish (चाइल्डिश)—बच्चों जैसा अर्थात् बचकाना (स्वभाव: बुरा अर्थ में)
childlike (चाइल्डलाइक)—भोला-भाला (स्वभाव: अच्छे अर्थ में)
(a) You have *childish* habits and are not yet mature —तुम्हें बचकानी आदतें हैं।
(b) We like his *childlike* habits —हम उसकी बच्चों जैसी आदतें पसन्द करते हैं।

59. choose (चूज़)—चुनना या चुनाव करना *(verb)*
chose (चोज़)—चुनना choose (क्रिया का भूत कालिक रूप, अर्थात् चुना) *(Verb)*
(a) *Choose* what you want —जो चाहते हो, चुन लो।
(b) I finally *chose* singing for a career —मैंने अन्त में संगीत को पेशे के रूप में चुन लिया।

60. cite (साइट)—दृष्टान्त देना या उद्धत करना *(verb)*
sight (साइट)—दृश्य *(noun)*
site (साइट)—स्थान *(noun)*
(a) He was fond of *citing* from the Ramayana —वह रामायण से उद्धृत करने का शौकीन था।
(b) The Taj presents a pleasant *sight* in full moon —ताज पूर्णमासी के दिन एक सुखद दृश्य उपस्थित करता है।
(c) His father is looking for a *site* for his new shop —उसके पिता अपनी नई दुकान के लिए स्थान ढूंढ रहे हैं।

61. comic (कॉमिक)—मज़ाकिया, अर्थात् जानबूझकर बनाया गया रूप जिससे हंसी आए *(adjective)*
Comical (कॉमिकल)—भद्दा-फूहड़ रूप, अर्थात् बिना यत्न के बना ऐसा रूप जिसे देखकर हंसी आए *(adjective)*
(a) Comic scenes are put in a drama —नाटक में मज़ाकिया दृश्य रखे जाते हैं।
(b) The peculiar dress she wore gave her a *comical* appearance —विचित्र वेशभूषा पहनकर उसका रूप भद्दा हो गया।

62. complement (कॉम्पलीमैंट)—पूरक भाग, जिससे पूरा हो *(noun)*
compliment (कॉम्पलीमैंट)—प्रशंसा करना *(noun)*
compliment (कॉम्पलीमैंट)—प्रणाम करना *(noun)*
(a) This book is *complement* to that one —यह पुस्तक उस पुस्तक की पूरक है।
(b) Her husband paid her a *compliment* —उसके पति ने उसकी प्रशंसा की।

(c) Pay my *compliments* to your parents —अपने माता-पिता को मेरा प्रणाम कह दीजिये।

63. conscience (कॉन्शंस)—विवेक, अन्त:करण *(noun)*
cautious (कॉशस)—सावधान *(adjective)*
conscious (कॉन्शस)—सचेत (adjective)

(a) One should have a clear *conscience* —आदमी का विवेक स्पष्ट होना चाहिए।

(b) One should be extremely *cautious* while driving —गाड़ी चलाते समय आदमी को बहुत सावधान रहना चाहिए।

(c) He was *conscious* that he was being followed —उसे मालूम था कि उसका पीछा किया जा रहा है।

64. consistently (कन्सिस्टैंट्ली)—दृढ़तापूर्वक *(adverb)*
constantly (कौंस्टैंटैली)—निरन्तर *(adverb)*

(a) If you want to give advice to others, first act *consistently* with that yourself —यदि आप दूसरों को उपदेश देना चाहते हैं तो उस उपदेश के अनुसार पहले स्वयं आचरण करो।

(b) He *constantly* argued with me —वह निरन्तर मेरे साथ बहस करता रहा।

65. continual (कंटिन्युअल)—थोड़ा रूककर अर्थात् बार-बार *(adjective)*
continuous (कांटिन्युअस)—लगातार *(adjective)*

(a) The teacher gave the class *continual* warning —अध्यापक ने कक्षा को बार-बार चेतावनी दी।

(b) We had *continuous* rain yesterday for many hours —कल हमारे यहां कई घण्टों लगातार वर्षा होती रही।

66. contract (कौंट्रैक्ट)—संधि या इकरारनामा
contract (कौंट्रैक्ट)—सिकुड़ना

(a) He has signed a *contract* for going abroad —उसने विदेश जाने के लिए एक इकरारनामे पर हस्ताक्षर किये।

(b) Some metals *contract* on cooling —कुछ धातु ठंडा होने पर सिकुड़ जाते हैं।

67. course (कोर्स)—पाठ्यक्रम, पथ *(noun)*
coarse (कोर्स)—तुच्छ, घटिया *(adjective)*

(a) What is the *course* of your studies —तुम्हारी शिक्षा का पाठ्यक्रम क्या है?

(b) This cloth is very *coarse* —यह कपड़ा बहुत घटिया है।

68. credible (क्रैडिबल)—विश्वास के योग्य *(adjective)*
creditable (क्रैडिटेबिल)—प्रशंसा के योग्य *(adjective)*
credulous (क्रैडुलस)—शीघ्र विश्वासी अर्थात् जो कहा जाए उस पर जल्दी ही विश्वास कर लेने वाला *(adjective)*

(a) The story does not appear *credible* —कहानी विश्वास के योग्य नहीं लगती।

(b) His success in the examination is *creditable* —परीक्षा में उसकी सफलता प्रशंसा के योग्य है।

(c) Shiela is very *credulous* . She believes in what she is told —शीला बड़ी शीघ्र-विश्वासी है। उसे जो कहा जाए, वह उसी पर विश्वास कर लेती है।

69. decease (डिसीज़)—मृत्यु *(noun)*
disease (डिसीज़)—बीमारी *(noun)*

(a) The *deceased* person has been taken from the hospital —मृत व्यक्ति को अस्पताल से ले जाया गया है।

(b) That man died of an incurable *disease* —उस व्यक्ति की मृत्यु एक असाध्य रोग के कारण हुई।

70. deference (डैफ़रेंस)—सम्मान *(noun)*
difference (डिफ़रेंस)—अन्तर *(noun)*

(a) In *deference* to his father's memory, we did not play yesterday —उसके पिता की स्मृति के सम्मान में हम कल नहीं खेले।

(b) There is *difference* of opinion on this subject —इस विषय पर विचारों में अन्तर है।

71. desert (डैज़र्ट)—मरूस्थल *(noun)*
desert (डिज़र्ट)—छोड़ना *(noun)*
dessert (डिज़र्ट)—भोजन के बाद परोसे गए फल या मिष्ठान *(noun)*

(a) Rajasthan is mostly a *desert* —राजस्थान अधिकांशत: मरुस्थल प्रदेश है।

(b) An ideal husband must not *desert* his wife —आदर्श पति को अपनी पत्नी को नहीं छोड़ना चाहिए।

(c) The party was served with apples and fruit-cream as *dessert* —पार्टी को भोजन के उपरांत खाद्य के रूप में सेब और फ्रूट-क्रीम दी गई।

72. disinterested (डिसइंटेरेस्टिड)—स्वार्थरहित अर्थात् तटस्थ या निष्पक्ष *(adjective)*
uninterested (अन्इंटेरेस्टिड)—रुचिहीन अथवा जिसे रुचि न हो *(adjective)*

(a) The judge must always be a *disinterested* party in a trial —किसी विवाद में न्यायधीश को सदा निष्पक्ष रहना चाहिए।

(b) I was *uninterested* in games, so I returned home early —मेरी खेलों में रुचि नहीं थी, अत: मैं घर जल्दी लौट आया।

73. dual (डुअल)—दोगला अर्थात् दो तरह का *(adjective)*
duel (डुएल)—दो व्यक्तियो का द्वन्द्व युद्ध *(noun)*

(a) Some persons have *dual* personality. They say something and do otherwise —कुछ लोगों का व्यक्तित्व दोगला होता है। वे कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।

(b) They fought a *duel* and one person was severely injured —उन्होंने द्वन्द्व युद्ध किया और एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया।

74. eligible (एलिजिबल)—चुना जाने योग्य *(adjective)*
illegible (इल्लेजिबल)—अस्पष्ट अर्थात् जिसे पढ़ा न जा सके *(adjective)*

(a) Only a graduate is *eligible* for this post —केवल बी.ए. पास व्यक्ति ही इस पद के लिए चुने जाने योग्य है।

(b) Your hand-writing is *illegible* —तुम्हारा हस्तलेख अस्पष्ट है। (जो पढ़ा नहीं जा सकता)

75. expand (एक्सपैंड)—फैलाना *(verb)*
expend (एक्सपेंड)—खर्च करना *(verb)*

(a) As the work increases, we shall have to *expand* our office space —जैसे काम बढ़ेगा, हमें अपने दफ्तर की जगह बढ़ानी होगी।

(b) We shouldn't *expend* beyond our limit —हमें अपनी सामर्थ के बाहर खर्च नहीं करना चाहिए।

76. fair (फ़ेयर)—मेला *(noun)*
fair (फ़ेयर)—उचित *(adjective)*
fair (फेयर)—साफ़ *(adjective)*

(a) Many people attend the National Book *Fair* —बहुत से लोग राष्ट्रीय पुस्तक मेले में जाते हैं।

(b) We must always play a *fair* game —हमें सदा उचित तरीके से खेल खेलना चाहिए।

(c) She is *fair* - complexioned and *fair* - haired —वह गोरे रंग तथा हल्के भूरे बालों की है।

77. fare (फ़ैयर **)**— किराया *(noun)*
fare (फ़ैयर)—प्रगति *(verb)*

(a) What is the rail *fare* from Delhi to Agra —दिल्ली से आगरा का रेल का किराया कितना है?

(b) How did you *fare* in your examinations —परीक्षा में तुम्हारी प्रगति कैसी रही?

78. farther (फ़ार्दर) — दूर *(adverb)*
(further (फ़र्दर)) — आगे *(adverb)*

(a). Bombay is *farther* from Delhi than Banaras —बम्बई बनारस की अपेक्षा दिल्ली से अधिक दूर है।

(b) Proceed *further* , please —कृपया आगे बढ़िए।

79. feel good (फ़ील गुड)—प्रसन्न होना *(verb)*
feel well (फ़ील वे'ल)—स्वस्थ होना *(verb)*

(a) She *feels* very *good* amidst her friends —वह अपनी सहेलियों के मध्य प्रसन्न रहती है।

(b) She is feeling *well* now —वह अब स्वस्थ महसूस कर रही है।

80. fewer (फ़्यूअर)—कम व्यक्ति या वस्तुएं जो कि गिनी जा सकें। *(adjective)*
less (लैस)—कम वस्तु जो कि ढेर में कम दिखाई दे। *(adjective)*

(a) The doctor attended *fewer* patients than last week —डाक्टर ने पिछले सप्ताह की अपेक्षा कम मरीज़ देखे।

(b) I have *less* money in my pocket than you have —तुम्हारी अपेक्षा मेरी जेब में कम राशि है।

81. floor (फ़्लोर)—फ़र्श *(noun)*

flour (फ़्लॉअर)—आटा *(noun)*

(a) She is sitting on the *floor* —वह फ़र्श पर बैठी है।

(b) We make chapaties (bread) of *flour* —हम आटे की चपातियां बनाते हैं।

82. formally (फ़ॉर्मली)—औपचारिक रूप से *(adverb)*

formerly (फ़ॉर्मली)—भूतपूर्व, अर्थात् पहले समय का *(adverb)*

(a) The letter was written *formally* by me —पत्र मेरे हाथों औपचारिक रूप से लिखा गया था।

(b) He was *formerly* a minister —पहले वह एक मंत्री था।

83. forth (फ़ॉर्थ)—आगे *(adverb)*

fourth (फ़ोर्थ)—चौथा *(adjective)*

(a) They went *forth* like ancient warriors —वे पुराने योद्धाओं की तरह आगे बढ़े।

(b) The *fourth* of every month is our pay day —हर महीने की चार तारीख हमारे वेतन का दिन होता है।

84. hair (हेयर)—बाल *(noun)*

heir (ऐअर)—उत्तराधिकारी *(noun)*

hare (हैअर)—खरगोश *(noun)*

(a) The colour of Shiela's *hair* is golden —शीला के बाल सुनहरी हैं।

(b) The eldest prince is the *heir* to the throne —बड़ा राजकुमार राजगद्दी का उत्तराधिकारी है।

(c) The *hare* runs very fast —खरगोश बहुत तेज भागता है।

85. hanged (हैंग्ड)—(आदमी को) लटकाना; फांसी देना *(verb)*

hung (हंग)—(किसी वस्तु को) लटकाना *(verb)*

(a) The prisoner was *hanged* at dawn —कैदी सूर्य उदय होते ही फांसी पर चढ़ा दिया गया।

(b) The picture was *hung* on the wall —चित्र दीवार पर टंगा था।

86. holy (होली)—पवित्र *(adjective)*

wholly (होली)—सम्पूर्ण रूप से *(adverb)*

(a) Diwali is our *holy* festival —दीवाली हमारा पवित्र त्यौहार है।

(b) I *wholly* agree with your decision —मुझे आपका फैसला पूर्णत: मंजूर है।

87. however (हाउएवर)—इस पर भी; तो भी

how ever (हाउ एवर)—कैसी भी

(a) I don't recommend this book however, you can read it —मैं इस पुस्तक की सिफारिश तो नहीं करता, फिर भी आप इसे पढ़ सकते हैं।

(b) I am certain that , *how ever* you decide to work, you will succeed —मुझे विश्वास है कि तुम कैसे भी काम करने का निश्चय करो तुम सफल रहोगे।

88. its (इट्स)—इसका *(Pronoun)*

it's (इट्स)—अर्थात् It is यह है

(a) The shed lost *its* roof —शेड की छत गिर गई।

(b) *It's* an old house —यह एक पुराना घर है।

89. last (लास्ट)—अन्तिम *(adjective)*

latest (लेटेस्ट)—आधुनिकतम *(adjective)*

(a) *Last* date of admission is near. So we should hurry up —प्रवेश की अन्तिम तारीख पास है। अत: हमें शीघ्रता करनी चाहिए।

(b) The *latest* edition of the book is underprint —पुस्तक का आधुनिकतम संस्करण छप रहा है।

90. least (लीस्ट)—सबसे छोटा/कम *(adjective)*

less (लैस)—दो में से छोटा/कम *(adjective)*

(a) He walked the least distance of all —वह सब से कम दूरी चला।

(b) Tea is *less* desirable for me than milk —चाय मेरे लिए दूध की अपेक्षा कम वांछनीय है।

91. lightening (लाइटनिंग)—हल्का करना

lightning (लाइटनिंग)—बिजली चमकना *(noun)*

lighting (लाइटिंग)—प्रकाश व्यवस्था *(noun)*

(a) He is *lightening* my burden —वह मेरा भार हल्का कर रहा है।

(b) Last night there was flash of *lightning* in the sky —पिछली रात आसमान में बिजली कड़की।

(c) There was good lighting arrangement at the marriage —विवाह के अवसर पर प्रकाश व्यवस्था अच्छी थी।

92. loan (लोन)—उधार *(noun)*

lend (लैंड)—उधार देना *(verb)*

(a) The bank granted him a *loan* of five thousand rupees —बैंक ने उसे पाँच हज़ार रूपये का ऋण दिया।

(b) *Lend* me some money —मुझे कुछ रुपये उधार दो।

93. moral (मॉरल)—आचार-व्यवहार *(noun)*

morale (मॉराल्)—मनोबल *(noun)*

(a) He is man of good *moral* —वह एक अच्छे आचार-व्यवहार वाला व्यक्ति है।

(b) The *morale* of the troops on the front is very high —अग्र भाग की टुकड़ियों का मनोबल बहुत ऊंचा है।

94. most (मोस्ट)—अत्यधिक (सबसे अधिक)—विशेषण (adjective) की तीसरी अवस्था
almost (आलमोस्ट)—लगभग *(adjective)*
(a) Mohan Das Gandhi was the *most* honest boy in the class —मोहनदास गांधी अपनी कक्षा का सर्वाधिक ईमानदार बालक था।
(b) It's *almost* time to go for a walk —यह लगभग घूमने जाने का समय है।

95. notable (नोटेबल)—उल्लेखनीय विख्यात (अच्छे अर्थ में) *(adjective)*
notorious (नॉटोरियस)—कुख्यात (बुरे अर्थ में प्रसिद्ध) *(adjective)*
(a) August 15, 1947 is a *notable* day in the history of India —भारत के इतिहास में 15 अगस्त 1947 का दिन उल्लेखनीय है।
(b) He is a *notorious* gambler —वह एक कुख्यात जुआरी है।

96. Once (वन्स)—एक बार *(adverb)*
one's (वन्'स)—एक व्यक्ति का, किसी व्यक्ति का *(pronoun)*
(a) I have been there *once* —मैं वहां एक बार हो आया हूं।
(b) One should obey *one's* conscience —आदमी को अपने विवेक पर चलना चाहिए।

97. ordinance (ऑर्डिनैंस)—विशेष आदेश *(noun)*
ordnance (ऑर्डनैंस)—युद्ध-सामग्री *(noun)*
(a) The President has issued an *ordinance* today —राष्ट्रपति ने आज एक अध्यादेश जारी किया।
(b) He is employed in the *ordnance* department —वह युद्ध-सामग्री विभाग में नौकर है।

98. passed (पास्ड)—व्यतीत हुआ, *(verb)* Pass का IInd और IIIrd form
past (पास्ट)—पिछला, इससे पहला *(adjective)*
(a) The month *passed* away very soon —महीना बहुत जल्दी से गुज़र गया।
(b) The *past* month was very enjoyable —पिछला महीना बहुत आनन्ददायक था।

99. peace (पीस)—शान्ति (*noun*)
piece (पीस)—टुकड़ा (*noun*)
(a) A treaty of *peace* was signed between two countries —दोनों देशों के बीच शान्ति की सन्धि हुई।
(b) The teacher asked for a *piece* of chalk —अध्यापक ने एक चॉक का टुकड़ा मांगा।

100. persecute (पर्सेक्यूट)—अनुचित रूप से तंग करना (*verb*)
prosecute (प्रॉसेक्यूट)—अभियोग चलाना (*verb*)
(a) The jews were *persecuted* in Nazi Germany —यहूदी लोगों को नाज़ी जर्मनी में तंग किया गया।
(b) Tresp assers will be *prosecuted* —ग़ैर कानूनी प्रवेश करने वालों को दण्ड दिया जाएगा।

101. personal (पर्सनल)—व्यक्तिगत (*adjective*)
personnel (पर्सो'नल)—कर्मचारी वर्ग(*noun*)
(a) It is my *personal* matter. Please don't interefere —यह मेरा व्यक्तिगत मामला है। कृपया दखल न दें।
(b) The officer maintained the morale of the *personnel* in his division —अफ़सर ने अपने विभाग के कर्मचारी वर्ग के मनोबल को बनाए रखा।

102. physic (फ़िज़िक)—दवा (old use) (*noun*)
physique (फ़िज़ीक)—शरीर की बनावट (*noun*)
(a) No *physic* can cure the patient, if he is careless —अगर रोगी लापरवाह हो तो कोई दवा काम नहीं कर सकती।
(b) He has a fine *physique* —उसके शरीर की बनावट अच्छी है।

103. pore (पोर)—छिद्र (*noun*)
pour (पोर)—डालना (*verb*)
(a) Sweat comes out from the *pores* of the skin —पसीना त्वचा के छिद्रों में से निकलता है।
(b) *Pour* some water in my glass —मेरे गिलास में थोड़ा पानी डालो।

104. portable (पोर्टेबल)—हाथ से उठा कर ले जाने योग्य (*adjective*)
potable (पोटेबल)—पीने योग्य (*adjective*)
(a) she has brought a *portable* television from Germany —वह जर्मनी से हाथ से उठाकर ले जाने वाला टैलिविज़न लाई है।
(b) Pond water is not *potable* —तालाब का पानी पीने योग्य नहीं होता।

105. prescribe (प्रिसक्राइब)—(दवा का) निर्देश देना
proscribe (प्रोसक्राइब)—कानूनी संरक्षण से अलग करना
(a) The doctor *prescribed* a very costly medicine —डॉक्टर ने एक बहुत महंगी दवा लिखी है।
(b) That man has been *proscribed* by law —उस व्यक्ति को कानून से निष्कासित कर दिया गया है।

106. president (प्रैसिडैन्ट)—राष्ट्रपति (*noun*)
precedent (प्रिसिडैन्ट)—पूर्व घटना या उदाहरण (*noun*)
(a) The *President* of India has gone to England for two weeks —भारत के राष्ट्रपति दो हफ़्तों के लिए इंगलैंड गये हुए हैं।
(b) She has set a good *precedent* for others to follow —उसने दूसरे लोगों के लिए एक अच्छा उदाहरण रखा है।

107. price (प्राइस)—दाम (*noun*)
prize (प्राइज़)—ईनाम (*noun*)
(a) The *price* of paper has gone up —कागज़ का दाम बढ़ गया है।
(b) Anil got the first *prize* in the race —अनिल को दौड़ में पहला पुरस्कार मिला।

108. principal (प्रिंसिपल)—प्रधानाचार्य (*noun*)
principle (प्रिंसिपल्)—सिद्धातं (*noun*)
(a) Who is the *principal* of your college —आपके कालेज (अथवा महाविद्यालय) के प्रधानाचार्य कौन हैं?
(b) My uncle was a man of *principles* —मेरे चाचाजी सिद्धांतप्रिय व्यक्ति थे।

109. propose (प्रोप्रोज़)—प्रस्तावित करना (*verb*)
purpose (पर्पज़)—इरादा (*noun*)
(a) Let them *propose* the subject for their debate —उन्हें अपने वाद-विवाद का विषय स्वंय प्रस्तावित करने दो।
(b) I had come with a *purpose* to see you —मैं तुम्हें देखने के इरादे से आया था।

110. rain (रेन)—वर्षा होना (*verb*)
reign (रेन)—शासन करना (*verb*)
rein (रेन)—लगाम (*noun*)
(a) It's *raining* —वर्षा हो रही है।
(b) The queen *reigned* over England —रानी ने इंगलैंड पर शासन किया।
(c) When the *reins* were pulled tightly, the horse stopped —जब लगाम ज़ोर से खींची गई तो घोड़ा रुक गया।

111. recollect (रिक्लैक्ट)—किसी भूली वस्तु को याद करना (*verb*)
remember (रिमैंबर)—याद करना (*verb*)
(a) I often *recollect* my childhood and feel amused —मैं प्राय: अपने बचपन की याद करता हूं और आनंदित होता हूं।
(b) I *remember* my lesson every day —मैं प्रतिदिन अपना पाठ स्मरण करता हूं।

112. respectable (रिस्पैक्टेबल)—प्रतिष्ठित (*adjective*)
respectful (रिस्पैक्टफ़ुल)—सम्मानपूर्ण (*adjective*)
respective (रिस्पैक्टिव)—अपनी-अपनी (*adjective*)
(a) Our boss is a *respectable* gentleman —हमारे अफ़सर एक प्रतिष्ठित सज्जन हैं।
(b) You should be *respectful* to your parents —तुम्हें अपने माता-पिता के प्रति सम्मानपूर्ण होना चाहिए।
(c) After the lecture was over, the students returned to their *respective* classes —व्याख्यान के समाप्त होने के बाद छात्र अपनी-अपनी कक्षाओं को लौट गए।

113. root (रूट)—जड़ (*noun*)
route (रूट)—यात्रा का रास्ता (*noun*)
(a) Love of money is the *root* of all evils —धन से प्रेम सभी बुराइयों की जड़ है।
(b) What is the railway *route* between Delhi and Bombay —दिल्ली और बम्बई का रेलवे का रास्ता क्या है?

114. rout (राउट)—हार, पराजय (*noun*)
riot (राइट)—झगड़ा, (*noun*)
(a) The morale of the enemy was very low, because of its *rout* —पराजय के कारण शत्रु का मनोबल कम हो गया था।
(b) There is a great disturbance in the town because of the Hindu-Muslim *riot* —हिन्दू-मुस्लिम झगड़े के कारण शहर में बड़ी अशांति फैली हुई है।

115. shoot (शूट)—कोपल (*noun*)
shoot (शूट)—शिकार करना (*verb*)
(a) A *shoot* has sprung up from the plant —पौधे में से एक कोपल निकल आई है।
(b) That man has gone to *shoot* duck —वह आदमी बत्तख का शिकार करने को गया है।

116. sole (सोल)—जूते का तला, पैर का तलवा (*noun*)
soul (सोल)—आत्मा (*noun*)
(a) Get the *sole* of the shoe changed —जूते का तला बदलवा लो।
(b) A good *soul* goes to heaven —अच्छी आत्मा स्वर्ग को जाती है।

117. stationary (स्टेशनरी)—स्थिर, ठहरा हुआ (*adjective*)
stationery (स्टेशनरी)—पढ़ने-लिखने की वस्तुएं (*noun*)
(a) The sun is *stationary* —सूर्य स्थिर अथवा जड़ है।
(b) He deals in *stationery* —वह स्टेशनरी (कागज़, कापी आदि) बेचता है।

118. table (टेबल)—मेज़ (*noun*)
table (टेबल)—तालिका (*noun*)
(a) There is a book on the *table* —मेज़ पर एक पुस्तक है।
(b) There is a *table* in chapter six of this book —पुस्तक के छठे अध्याय में एक तालिका है।

119. tasteful (टेस्टफ़ुल)—मधुर, सुरुचिपूर्ण (*adjective)*
tasty (टेस्टी)—स्वादिष्ट (*adjective*)
(a) The house of our madam was decorated in a *tasteful* manner —हमारी अध्यापक का घर बड़ी सुरुचिपूर्ण रीति से सजा हुआ था।
(b) Our madam served us very *tasty* meals —हमारी अध्यापक ने हमें बड़ा स्वादिष्ट भोजन कराया।

120. two (टू)—दो *(adjective) .*
to (टु)—को; की ओर (*preposition*)
too (टू)—भी; इतना अधिक (*adverb*)
(a) There are *two* sides of everything —हरेक वस्तु के दो पक्ष होते हैं।
(b) Come *to* me, I'll advise you —मेरे पास आना, मैं तुम्हें सलाह दूंगा।
(c) She is *too* weak to walk —वह इतनी अधिक कमज़ोर है कि चल-फिर नहीं सकती।

121. uninterested (अनइंडरेस्टिड)—रुचि न रखना (रुचिहीन होना) (*adjective*)

disinterested (डिसइंटरेस्टिड)—निष्पक्ष (*adjective*)

(a) I am *uninterested* in inactive games —मैं निष्क्रिय खेलों में रुचि नहीं रखता।

(b) Let us ask any *disinterested* man to settle our dispute —हम अपना विवाद सुलझाने के लिए किसी निष्पक्ष व्यक्ति को कहें।

122. valuable (वैल्युएबल)—बहुमूल्य (*adjective*)

invaluable (इन्वैल्युएबल)—अमूल्य (*adjective*)

(a) This is a *valuable* manuscript —यह एक बहुमूल्य पाण्डुलिपि है।

(b) Kohinoor is an *invaluable* diamond —कोहीनूर एक अमूल्य हीरा है।

123. whose (हूज़)—किसका

who's (हू'ज़)—कौन है (who is)

(a) *Whose* pen is this ?—यह किसका पैन है।

(b) *Who's* at the door ?—द्वार पर कौन है?

शब्दों के प्रयोग में सामान्य अशुद्धियां
(COMMON ERRORS IN THE USE OF WORDS)

अंग्रेज़ी बोलचाल में कुछ गलतियां ऐसी हैं जिन्हें हम-आप सभी अधिकतर करते हैं। आप छोटी-मोटी हैसियत के कर्मचारी हों या ऊंचे पदाधिकारी, औरत हों या मर्द, छात्र हों या व्यवसायी, दुकानदार हों या कोई कारीगर—आपस की बातचीत में आपको इन गलतियों से वास्ता पड़ता है। आपकी सुविधा के लिए नीचे दो कालमों में शुद्ध और अशुद्ध वाक्य दिए गए हैं। इन्हें मन में बैठाइए।

अशुद्ध (Incorrect)	शुद्ध (Correct)
1. My *hairs are* black.	My *hair is* black.
2. I need a *blotting.*	I need a *blotting paper.*
3. He works better than *me.*	He works better than *I.*
4. I *availed* of the opportunity.	I *availed myself* of the opportunity.
5. The two brothers are quarrelling with *one another.*	The two brothers are quarrelling with *each other.*
6. He is guilty. Isn't *it?*	He is guilty. Isn't *he?*
7. I beg *you leave.*	I beg *leave of you.*
8. He is *more cleverer* than his brother.	He is *cleverer* than his brother.
9. *The* Gold is a precious metal.	Gold is a precious metal.
10. She has *got* headache.	She has *got a* headache.
11. *Stop* to write.	*Stop* writing.
12. It *is raining* for four hours.	It *has been raining* for four hours.
13. I live *in* Lajpat Nagar *at* New Delhi.	I live *at* Lajpat Nagar *in* New Delhi.
14. Work hard *lest* you *may not* fail.	Work hard *lest* you *should* fail.
15. The boy is *neither* fool *or* lazy.	The boy is *neither* fool *nor* lazy.

ऊपर के इन पन्द्रह वाक्यों में पहले कॉलम में अशुद्ध वाक्य दिए गए हैं और दूसरे कॉलम में शुद्ध। इन वाक्यों में भिन्न-भिन्न प्रकार की अशुद्धियां हैं जिन्हें हरेक भाषा सीखने वाले व्यक्ति को समझना और मन में बैठाना है। अंग्रेज़ी एक बड़ी भाषा है। इसमें शब्द-प्रयोगों का क्षेत्र भी बहुत व्यापक होना स्वाभाविक है।

